हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, गुरुवार 4 जून 2026

ALLEN Results Validated by

Official result validator

EY

Shape the future with confidence

ALLEN

JEE ADVANCED 2026

RECORD-BREAKING RESULT

INDIA'S TOP THREE RANKS

SIX STUDENTS IN TOP 10

TWENTY FOUR STUDENTS IN TOP 50







ALL INDIA FEMALE TOPPER

As per result compiled till 02 June 2026 (03:00 PM)

ADMISSIONS OPEN

JEE | NEET | OLYMPIADS | CLASSES 6TH TO 12TH & 12TH PASS

Visit our website or nearest ALLEN centre for test and course start dates.

ALLEN BHOPAL
89513 95480
allen.ac.in/bhopal

ALLEN KOTA
86906 60111
allen.in

ALLEN ONLINE
95137 36499
allen.in

Any record-related claim is based on last 10 years of JEE Advanced All India results data. As an 'Official Results Validator', EY validates the authenticity of the students' enrolment and engagement with Allen. All result-related claims are based on publicly available information.

Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying in a coaching institute does not guarantee selection for the examination. Selection depends on preparation, admission seats in competitive exam and the number of applicants appearing. All the students mentioned are part of paid courses.

ALLEN

ALLEN Results Validated by
Official result validator
EY
Shape the future with confidence

OUR PRIDE
RESULT: JEE ADVANCED 2026
THE TOP 100

AIR 11	AIR 12	AIR 14	AIR 16	AIR 18	AIR 19	AIR 25	AIR 27
Nikunj Agrawal	Aryan Ragupathy	Prince Choudhary	Tanay Agarwal	Riddhesh Bendale	Shaswat Banerjee	Madhav S. Notani	Abhipraya Verma
Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course
AIR 29	AIR 30	AIR 32	AIR 33	AIR 41	AIR 43	AIR 44	AIR 46
Bhavesh Patra	Amrit Raj	Mahroof Ahmed Khan	Koustubh Deshpande	Snehal Roy Choudhury	Shaurya Khemka	Yash Yadav	Surya Kanti Ghosh
Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course
AIR 48	AIR 50	AIR 55	AIR 57	AIR 59	AIR 68	AIR 69	AIR 70
Nathan Jais	Keshav Mangal	Parth Maheshwary	Piyush K. Dhakar	Sushant K. Agarwal	Anvesh Patel	Prakhar Sharma	Sneham Palangdar
Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course
AIR 77	AIR 79	AIR 82	AIR 84	AIR 85	AIR 97	AIR 98	AIR 99
Arohi Deshpande	Badekai V. Krishna	Kovid Boob	Arnav Jain	Aditya G. Wagh	Atishay Jain	Anshu	Ruchit Agrawal
Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course	Online Test Series	Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course

ONLINE CHAMPION

AIR 52
Yashwardhan
Online Classroom Course

AIR 71	AIR 72				
Praneel Debnath	Nishkarsh Singh				
Classroom Course	Classroom Course				

41 STUDENTS IN TOP 100

ALLEN MADHYA PRADESH
POWERHOUSE OF JEE RESULTS

IIT KANPUR ZONE TOPPER	IIT KANPUR ZONE 2nd TOPPER	AIR 197	AIR 246	AIR 263	AIR 523	AIR 526	AIR 717	AIR 817
AIR 18	AIR 55	Anvesh Gami (Patidar)	Daksh Jain	Bhomik Pawar	Akshay Goyal	Aalekh Jain	Arnav Sisodia	Rishabh Gurjar
Riddhesh Anant Bendale	Parth Maheshwary	Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course
Classroom Course	Classroom Course	AIR 932	AIR 995	AIR 1037	AIR 1353	AIR 1361	AIR 1411	AIR 1520
		Sarthak Shrivastava	Shreyansh Jena	Chetan Yadav	Aadarsh Mandrah	Gaurav Khandelwal	Jay Longwani	Vinamra Vyas
		Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course

AIR 1592	AIR 1593	AIR 1790	AIR 2119	AIR 2188	AIR 2228	AIR 2257	AIR 2267	AIR 2270	AIR 2310	AIR 2864
Meet Goyal	Atharv Bharani	Ujjawal Dwivedi	Toshir Jain	Atharva Deshmukh	Ayati Nighoskar	Sujal Patel	Yagyam Patidar	Daksh Lal Nigam	Rishit Sahu	Sanvi Pandey
Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course
AIR 3029	AIR 3257	AIR 3350	AIR 3426	AIR 3511	AIR 3611	AIR 3650	AIR 3724	AIR 3835	AIR 3842	AIR 3891
Neel Amol Badgujar	Narottam S. Sikarwar	Aaradhya Sharma	Yash Neema	Pranay Yadav	Harsh Singh	Veddant Singhal	Kuber Prajapati	Suyash Singh	Shubhang Deshmukh	Dhruv Raghuvanshi
Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course
AIR 4234	AIR 4293	AIR 4336	AIR 4346	AIR 4489	AIR 4618	AIR 4657	AIR 4946	AIR 4990		
Adarsh Bhadouria	Taksh Gandhi	Ankit Rana	Geetansh Gupta	Yatharth Shrivastava	Manmohan Singh	Anshdeep Dengre	Anirudh Singh Rajput	Rituj Patel		
Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course	Classroom Course		

5 Students in Top 300 AIR
11 Students in Top 1000 AIR
47 Students in Top 5000 AIR
335+ Students Qualified

As per result compiled till 02 June 2026 (03:00 PM)

A HISTORIC HAT-TRICK OF AIR 1 IN JEE ADVANCED

THEY MADE IT POSSIBLE WITH ALLEN, NOW IT'S YOUR TURN.

SIGN UP FOR ASAT
GET UP TO 90% SCHOLARSHIP*

TEST DATES
7 & 14 JUNE

ALLEN BHOPAL
89513 95480 allen.ac.in/bhopal

NEW BATCHES STARTING FROM 3 JUNE

Any record-related claim is based on last 10 years of JEE Advanced All India results data. As an 'Official Results Validator', EY validates the authenticity of the students' enrolment and engagement with Allen. All result-related claims are based on publicly available information.

Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment to prepare students for their target examinations. Studying in a coaching institute does not guarantee selection for the examination. Selection depends on preparation, admission seats in competitive exam and the number of applicants appearing. All the students mentioned are part of paid courses.

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

दहशत में चीखती मासूम

अधजले लोगों को बचाते देवदूत

मौतों से फर्क पड़ता तो ये आंकड़ा न होता?

पिछले 6 महीने में दिल्ली में आग की अलग-अलग घटनाओं में 66 लोगों की मौत

दिल्ली के मालवीय नगर स्थित फ्लरिश स्टे गेस्टहाउस में तड़के लगी भीषण आग, बेसमेंट के लेमन ग्रीन रेस्टोरेंट में इलेक्ट्रिक चूल्हे में धमाका

फंसे लोगों को रेस्क्यू टीम ने निकाला

इस व्यवस्था ने ली जिंदगियों की बलि

1. होटल का एंट्री व एग्जिट गेट एक ही था
2. डिजिटल गेट था, आग से वायरिंग जली और गेट जाम हो गया

दूसरी, तीसरी और चौथी मंजिल पर मौत ने बोला था धावा

इमारत के मुख्य दरवाज़े पर एक इलेक्ट्रॉनिक गेट था जो रात में अपने आप बंद हो जाता था। आग की वजह से बिजली चली गई थी, इसलिए गेट पूरी तरह से जाम हो गया था और खुल नहीं रहा था। बाहर निकलने का कोई रास्ता ही नहीं था। आग ग्राउंड और पहली मंजिल पर लगी थी, जिससे दूसरी, तीसरी और चौथी मंजिल पर रहने वाले लोग पूरी तरह से फंस गए थे। फिर, पीड़ितों ने नीचे से ईंटें और पत्थर फेंके, जिससे शीशे टूट गए। दो भारतीय दूसरी मंजिल से कूद गए, लेकिन उन्हें चोट लग गई। कुछ विदेशी थे, वे चौथी मंजिल से बाहर नहीं निकल पा रहे थे। सामने वाली इमारत के ऊपर से एक रस्सी डाली गई। उस महिला ने रस्सी पकड़ भी ली थी, लेकिन वह फिसल गई, फिर भी वह नीचे बिछाए गद्दों पर गिरी।

नींद में ही 'जिंदा' जल गए 21 मेहमान

- बाकी ठहरे हुए लोगों की नींद टूटी तो कोई छत, कोई बाल्कनी तो कोई खिड़की से नीचे कूदा, 40 लोग बचाए गए
- मृतकों में 17 विदेशी नागरिक, अधिकांश लाइबेरिया, नाइजीरिया, मोजाम्बिक और बांग्लादेश के रहने वाले
- दावा किया कि आग लगने के लगभग एक घंटे बाद फायरफाइटर्स मौके पर पहुंचे
- दिल्ली पुलिस ने बताया कि होटल का मालिक लवकेश बजाज गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के मालवीय नगर के हौजरानी स्थित फ्लरिश स्टे गेस्टहाउस के बेसमेंट में चल रहे लेमन ग्रीन रेस्टोरेंट में बुधवार की सुबह 8.50 बजे भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आने से 21 लोगों की मौत हो चुकी है और 37 घायल हैं। इनमें से ज्यादातर लोग नींद में थे। इन मृतकों में 17 विदेशी नागरिक शामिल हैं। मरने वालों में एक ही परिवार के 8 लोग शामिल हैं। अधिकांश मृतक लाइबेरिया, नाइजीरिया, मोजाम्बिक और बांग्लादेश के रहने वाले थे। दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घायलों में कई की हालत गंभीर बनी हुई है। 40 से ज्यादा लोगों को बचा लिया गया है। स्थानीय लोग तुरंत मदद के लिए आगे आए। उन्होंने खिड़कियों के शीशे तोड़े और कंबल लेकर उन लोगों को बचाने के लिए दौड़े। जिसकी भी नींद टूटी तो कोई छत, कोई बाल्कनी तो कोई खिड़की से नीचे ▶▶ शेष पेज 12 पर

मृतकों में एक ही परिवार के 8 लोग शामिल

6 रूम की परमिशन, लेकिन 25 कमरे थे, फायर एनओसी भी नहीं

फ्लरिस स्टे गेस्टहाउस को बेड एंड ब्रेकफास्ट कॉन्सेप्ट के तहत लाइसेंस जारी किया गया था। इसके तहत 6 रूम की परमिशन थी, लेकिन 25 कमरे बने थे। होटल के पास फायर एनओसी नहीं थी। यह होटल दिल्ली के प्रेस एन्क्लेव रोड पर है। यहीं पर मैक्स हॉस्पिटल ▶▶ शेष पेज 12 पर

होटल मालिक को पुलिस ने गिरफ्तार किया

अग्निकांड मामले में होटल मालिक होटल मालिक लवकेश बजाज को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बजाज सहित उसके साझेदारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। दिल्ली पुलिस ने इस हादसे को लेकर भारतीय न्याय संहिता के तहत गैर-इरादतन हत्या और सुरक्षा नियमों के उल्लंघन की गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है।

होटल से कूदते हुए मेहमान

पीएम मोदी ने संवेदनाएं व्यक्त की, मदद का ऐलान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अग्निकांड पर दुख जताया और मृतक के परिजनों को 2-2 लाख और घायलों को 50 हजार रुपए देने की घोषणा की। पीएम ने कहा कि दिल्ली के मालवीय नगर में आग लगने की घटना में लोगों की जान जाना बेहद दुखद है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। मैं घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रशासन प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है।

महिला को निकाला

कूदने के कारण कई लोगों को फ्रैक्चर

मैक्स हेल्थकेयर ग्रुप के मेडिकल डायरेक्टर डॉ. संदीप बुद्धिराजा ने कहा कि आग से बचने के लिए ऊपरी मंजिल से कूदने के कारण कई लोगों को फ्रैक्चर हो गया। ज्यादातर को हड्डियों और पेल्विक हड्डियों में फ्रैक्चर हुए। एक की रीढ़ की हड्डी में चोट है और उसकी न्यूरोसर्जरी हो रही है।

केरल हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

वायरल गर्ल को माना बालिग, पति को गिरफ्तारी से 1 महीने की राहत

अग्रिम जमानत के लिए मप्र की सक्षम अदालत में याचिका दायर कर सकेगा पति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केरल हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए देश भर में चर्चा का विषय बनी वायरल गर्ल मोनालिसा को प्रथम दृष्टया बालिग माना है। इसके साथ ही अदालत ने उसके पति को एक महीने की ट्रांजिट बेल (अग्रिम जमानत के लिए समय) दे दी है। इस आदेश के बाद अब अगले एक महीने तक मप्र पुलिस युवक को गिरफ्तार ▶▶ शेष पेज 12 पर

श्रद्धालुओं के लिए इंतजार खत्म!

15 से खुलेंगे भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग के 'कपाट'

- करीब पांच महीने से बंद थे

एजेंसी ▶▶ पुणे

भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में शामिल महाराष्ट्र के पुणे स्थित प्रसिद्ध भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग के दर्शन का इंतजार कर रहे श्रद्धालुओं के लिए बड़ी खुशखबर है। करीब पांच महीने से बंद इस मंदिर के कपाट आगामी 15 जून 2026 से दोबारा खोल दिए जाएंगे। मंदिर प्रशासन के अनुसार, सुचारू दर्शन व्यवस्था और भीड़ नियंत्रण के लिए ▶▶ शेष पेज 12 पर

दर्जनभर जिलों में 40 से 60 की रफ्तार से चली आंधी, बारिश का दौर जारी

श्योपुर में बस स्टैंड पर 3 बाइक सवारों पर पेड़ गिरा, एक की मौत, 2 घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित अधिकांश जिलों में बुधवार को दिन के साथ रात के तापमान में बढ़त रही। दिन का औसत पारा 38 और रात का औसतन तीन डिग्री बढ़कर 26 डिग्री तक दर्ज हुआ है। भोपाल में दिन का पारा 2.4 डिग्री बढ़कर 39.4 डिग्री रहा, जबकि रात में 3 डिग्री की बढ़त के साथ 25 डिग्री पर पहुंच गया।

इस बीच सुबह से शाम तक एक दर्जन से अधिक जिलों में 40 से 60 किमी तक की रफ्तार से आंधी चली। इससे कुछ जगह दुर्घटनाएं भी हुई हैं। श्योपुर में आंधी और बारिश के बीच बस स्टैंड पर 3 बाइक सवारों पर पेड़ गिर गया। दबने से एक की मौत हो गई, जबकि 2 लोग घायल हैं। मौसम केंद्र ने भोपाल सहित दो दर्जन से अधिक जिलों में गुरुवार को आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है।

- दिन के साथ रात के तापमान में भी 2 से 5 डिग्री तक रही बढ़त
- आज भी दो दर्जन जिलों में बदला रहेगा मौसम का मिजाज

भोपाल में शाम को बारिश हुई

बुधवार को यहां आंधी-बारिश

बुधवार को सुबह से छतरपुर, पन्ना, दमोह, सतन रीवा, मंडल, डिंडोरी, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, उमरिया, श्योपुर, मुरैना, ग्वालियर, भिंड जिले में करीब 40 किमी की रफ्तार से आंधी चली। कुछ हिस्सों में बारिश भी दर्ज की गई। विदिशा, अशोकनगर, सागर, सीधी, अलीराजपुर, इंदौर, देवास में 40 से 60 किमी की रफ्तार से आंधी के साथ बारिश से कुछ जगह नुकसान की ▶▶ शेष पेज 12 पर

आज यहां आंधी-बारिश का अलर्ट

गुरुवार को भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर, मंदसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी और पांढुर्णा जिले में आंधी के साथ बारिश का अलर्ट जारी किया है।

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

केंद्रीय कैबिनेट का बड़ा फैसला : मप्र को केंद्र सरकार की बड़ी सौगात

4,415 करोड़ रु.के हाईवे प्रोजेक्ट्स को मंजूरी 108 किमी लंबी सड़क होगी 4 लेन में तब्दील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बड़ी खबर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को दिल्ली में केंद्रीय मंत्रिमंडल और आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक हुई, जिसमें मध्य प्रदेश को एक बड़ी सौगात दी गई। इस दौरान मंत्रिमंडल ने राज्य में राष्ट्रीय राजमार्ग नंबर 347-बी के देशगांव-जुलवानिया सेक्शन में मौजूदा दो लेन मार्ग को चार लेन का करने की मंजूरी दे ▶▶ शेष पेज 12 पर

अश्विनी वैष्णव

खरगोन में 16 किमी का नया ग्रीनफील्ड बाईपास बनाने को भी मंजूरी

शहर के भीतर लगने वाले भारी जाम और ट्रैफिक की समस्या से मुक्ति मिलेगी

यह प्रोजेक्ट मुख्य रूप से प्रदेश के चार जिलों बैतूल, खंडवा, खरगोन और बड़वानी से होकर गुजर रहा

दो मुख्य भागों में बांटा गया काम

- **हिवरखेड़ी-रोशनी-आशापुर-रुधी सेक्शन:** यह करीब 125.01 किमी लंबा है, और इसे पेव्ड शोल्डर वाले 2 लेन में अपग्रेड करने में करीब 1791 करोड़ रुपए की लागत आएगी।
- **देशगांव-जुलवानिया सेक्शन:** यह लगभग 108.643 किमी लंबा है और इस मौजूदा 2 लेन मार्ग को 4 लेन में बदलने में 2624 करोड़ की लागत आएगी। इन दोनों परियोजनाओं पर हाइब्रिड एन्युइटी मोड पर काम होगा। ▶▶ पढ़ें पेज 10 भी

चार जिलों को मिलेगा भरपूर फायदा

यह प्रोजेक्ट मुख्य रूप से मध्य प्रदेश के चार जिलों बैतूल, खंडवा, खरगोन और बड़वानी से होकर गुजर रहा है। वर्तमान में इस रूट पर तीखे मोड़ (शार्प कर्व), खतरनाक गड़बड़ी वाली बनावट ▶▶ शेष पेज 12 पर

ऐसा करने वाले वे देश के पहले सीएम

डॉ. यादव के काफिले में शामिल हुई ईवी दिया पीएम का संदेश

कार का नंबर विकसित भारत 2047 के प्रतीक जैसा

सीएम इलेक्ट्रिक कार में बैठे हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मितव्ययता की अपील का लगातार पालन कर रहे हैं। इसके मद्देनजर उन्होंने 3 जून को बड़ा फैसला किया। वे देश के पहले ऐसे मुख्यमंत्री बन गए हैं, जिन्होंने अपने काफिले में इलेक्ट्रिक व्हीकल शामिल किया है। दरअसल, मुख्यमंत्री के काफिले में अब महिंद्रा कंपनी की एक्सईवी 9ई इलेक्ट्रिक कार शामिल की गई ▶▶ शेष पेज 12 पर

> पर्यावरण संरक्षण और सौर ऊर्जा के लिए संकल्पित प्रदेश के मुखिया

सीएम ने कई बार पेश की सादगी की मिसाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दौरे के दौरान मितव्ययता का लगातार ध्यान रख रहे हैं। हाल ही में उन्होंने इंदौर में एचआर ग्रीन से राजवाड़ा तक स्थानीय ▶▶ शेष पेज 12 पर

खबर संक्षेप

डॉ. सुखेस मुखर्जी शामिल हुए विश्व के शीर्ष 5%वैज्ञानिकों में



भोपाल। एम्स भोपाल के बायोकेमिस्ट्री विभाग के संकाय सदस्य डॉ. सुखेस मुखर्जी को 2025 साइरैंक ग्लोबल रजिस्ट्री में विश्व के शीर्ष पांच प्रतिशत वैज्ञानिकों में स्थान मिला है। यह प्रतिष्ठित उपलब्धि न केवल डॉ. मुखर्जी के उत्कृष्ट शोध कार्यों को प्रमाणित करती है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय पटल पर एम्स भोपाल की बढ़ती पहचान को रेखांकित करती है। यह सम्मान कठोर बिब्लियोमेट्रिक विश्लेषण के बाद प्रदान किया गया है।

बाइक को हाइवा ने रौंदा भाइयों समेत 3 की मौत

मंडला। जिले के महाराजपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात नादिया गांव के पास जामुन तिराहे के समीप एक अज्ञात हाइवा ने बाइक सवार तीन लोगों को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों युवकों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्घटना के बाद चालक वाहन सहित तेजी से भागा और भागते समय सड़क किनारे लगा एक बिजली का खंभा भी तोड़ गया।

छग के पूर्व आईएएस बीकेएस रे का निधन

रायपुर। छत्तीसगढ़ के पूर्व अतिरिक्त मुख्य सचिव और 1972 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी बीकेएस रे का निधन हो गया। उनके अवसान से प्रशासनिक और साहित्यिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। 1 जून 1949 को जन्मे रे ने प्रशासनिक सेवा में अहम जिम्मेदारियां निभाईं और साल 2009 में सेवानिवृत्त हुए थे। रिटायरमेंट के बाद 50 से अधिक किताबें लिखीं। 2019 में ग्रीस में सुकरात अवॉर्ड से नवाजे गए थे।

तृणमूल टूटी : बागियों ने ममता से कहा- अब वे मार्गदर्शक मंडल में जाएं, पार्टी हम संभालेंगे

28 साल पुरानी तृणमूल ममता ने 'गंवाई' 58 बागी, ऋतब्रत को चुना नेता प्रतिपक्ष

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

> ऋतब्रत ने कहा कि मैंने पार्टी में बात करने की कोशिश की तो पहले तीन दिन तो मुझे घुसने ही नहीं दिया गया

पश्चिम बंगाल के चुनाव में दुर्गति के बाद ममता बेनर्जी की तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) टूट गई है। एक तरह से ममता 28 साल पुरानी पार्टी को गंवा बैठी हैं। 80 में से 58 विधायकों ने अलग रास्ता ले लिया है। बागी नेता ऋतब्रत बेनर्जी ने दावा किया है कि विधानसभा स्पीकर ने उनके 58 विधायक दल वाले गुट की दावेदारी स्वीकार कर ली है। उन्हें इस विधायक दल ने नेता विपक्ष के तौर पर चुना है। ऋतब्रत बेनर्जी ने कहा कि उनका गुट ममता बेनर्जी को पत्र लिखकर इस गुट के दल का मुख्य सलाहकार बनने का अनुरोध करेगा। उन्होंने कहा कि वे चाहते हैं कि ममता बेनर्जी पार्टी को मार्गदर्शन देती रहें। उनका कहना है कि वे ममता से नाराज नहीं हैं। वे उनके भतीजे अभिषेक से नाराज हैं। निष्कासित टीएमसी नेता संदीपन साहा ने भी दावा किया कि नेता विपक्ष का कमरा आधिकारिक तौर पर आवंटित हो चुका है। इससे साफ संकेत मिल रहे हैं कि बागी गुट अब खुद को विधानसभा के अंदर असली टीएमसी विधायक दल के रूप में पेश कर रहा है। ऋतब्रत ने यह भी कहा कि मैंने पार्टी में ▶▶ शेष पेज 12 पर

ममता बेनर्जी

विधानसभा के स्पीकर ने बागियों का दावा किया स्वीकार

बागी गुट में किसको क्या जिम्मेदारी?

ऋतब्रत सहित अन्य बागी विधायक प्रेस से बातचीत करते हुए

- नेता विधायक दल: ऋतब्रत बेनर्जी
- चीफ व्हिप: अखरुज्जमान
- उपनेता: जावेद अहमद खान
- उपनेता: संदीपन साहा
- उपनेता: सबीना यास्मीन
- उपनेता: शिउली साहा

नेता विपक्ष का कमरा आधिकारिक तौर पर आवंटित

टूट के बाद ममता को कांग्रेस की याद आई दिल्ली जाएंगी राहुल गांधी से मिलने

- बागी गुट का अभिषेक बेनर्जी से कोई राजनीतिक तालमेल नहीं
- ममता ने पार्टी की सारी समितियों को तत्काल भंग कर दिया है

ऋतब्रत का दावा- दो विधायक और आएंगे

टीएमसी विधायक दल वही है, जिसके पास दो-तिहाई विधायक हैं। दावा किया कि नेता विपक्ष का कार्यालय हमारे लिए खोल दिया गया है। दो और विधायक जल्द उनके गुट में शामिल हो सकते हैं। बागी गुट का अभिषेक बेनर्जी से कोई राजनीतिक तालमेल नहीं है।

अभिषेक की कार्यशैली पर उठाए सवाल

संदीपन साहा ने सीधे तौर पर अभिषेक बेनर्जी की कार्यशैली को पार्टी की मौजूदा हालत के लिए जिम्मेदार बताया। उन्होंने कहा कि अगर कोई नेता सफलता का श्रेय लेता है तो उसे हार और संकट की जिम्मेदारी भी लेनी चाहिए। इससे पहले भी कई बागी नेता अभिषेक बेनर्जी की रणनीति और संगठन संचालन पर सवाल उठा चुके हैं।

टीएमसी नेतृत्व ने बागियों को अवैध बताया

टीएमसी नेता (ममता गुट) कुणाल घोष ने बागी गुट के दावों को खारिज किया है। उन्होंने कहा कि निष्कासित विधायक नेता विपक्ष नहीं बन सकते। कुणाल घोष ने कहा कि दोनों पक्षों की ओर से अलग-अलग पत्र दिए गए हैं और कई विधायकों के हस्ताक्षर दोनों पत्रों में हैं। उन्होंने कहा कि मामले की कानूनी और संसदीय जांच होगी और अंतिम फैसला पार्टी नेतृत्व ही करेगा।

जेईई एडवांस्ड-2026 परीक्षा में 'सेंध'

1.79 लाख छात्रों का डेटा लीक आईआईटी रुड़की ने मानी खामी



एआई इमेज

परीक्षा का आयोजन आईआईटी रुड़की ने किया था

एजेंसी ▶▶ रुड़की

एक साइबर सुरक्षा शोधकर्ता राइलेन अनिल की ओर से जेईई एडवांस-2026 का डेटा लीक होने का मामला प्रकाश में लाया गया है। जिसमें शोधकर्ता ने दावा किया कि करीब 1.79 लाख नतीजों के रिकॉर्ड एवं लगभग 1.87 लाख एडमिट कार्ड की पीडीएफ फाइलें बिना किसी ऑथेंटिकेशन के एक्सेस की जा सकती थी। वहीं भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रुड़की ने यह मामला सामने आने के बाद इंटरनेट मीडिया पर इसका जवाब देते हुए प्राथमिकता के आधार पर इस समस्या का समाधान करने की बात कही है। संस्थान का यह भी कहना है कि प्रभावित लोकेशन पर स्टोर किया गया डेटा रीड ओनली मोड पर था। इसलिए रिकॉर्ड में किसी प्रकार के बदलाव एवं छेड़छाड़ की संभावना नहीं थी। देश की सबसे प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई एडवांस्ड-2026 का आयोजन आईआईटी रुड़की की ओर से किया गया था। 31 मई की देर रात संस्थान ने जेईई एडवांस्ड-2026 का परीक्षा परिणाम घोषित किया था। राइलेन अनिल ने दावा किया कि जेईई एडवांस्ड-2026 से जुड़ी क्लाउड ▶▶ शेष पेज 12 पर

आईआईटी ने शोधकर्ता से कहा थैंक्यू

आईआईटी रुड़की ने एक्स पर सार्वजनिक रूप से जवाब देते हुए इस समस्या को सामने लाने पर साइबर सुरक्षा शोधकर्ता का आभार व्यक्त किया है। साथ ही उनके इस कदम को नैतिक एवं जिम्मेदार बताया है। संस्थान ने माना है कि क्लाउड स्टोरेज सिस्टम में कॉन्फिगरेशन से संबंधित कोई समस्या थी। इस समस्या को प्राथमिकता के आधार पर ठीक किया जा रहा है। गौर हो कि जेईई एडवांस्ड-2026 में कुल 1,87,389 उम्मीदवारों ने पंजीकरण कराया था। जिनमें से 1,79,694 उम्मीदवारों ने 17 मई 2026 को आयोजित परीक्षा के पेपर एक और पेपर दो दोनों में भाग लिया था। इस परीक्षा में कुल 56,880 उम्मीदवार उत्तीर्ण हुए हैं। कुल उत्तीर्ण उम्मीदवारों में से 10,107 महिला उम्मीदवार हैं।

रिटायर्ड कर्मचारी से साइबर ठगी

सीबीआई अफसर बन 22 लाख ऐंठे,15 दिन तक डिजिटल अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैहर

> करोड़ों रुपए की मनी लॉड्रिंग और गिरफ्तारी का डर दिखाया

जिले में डिजिटल अरेस्ट के जरिए साइबर ठगी का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। शातिर ठगों ने खुद को दिल्ली पुलिस और सीबीआई का अधिकारी बताकर पीएचई विभाग के एक 69 वर्षीय रिटायर्ड कर्मचारी को करीब 15 दिनों तक मानसिक बंधक बनाए रखा और उनसे 22 लाख रुपए ठग लिए। पीड़ित बुजुर्ग अमरपाटन थाना क्षेत्र के ग्राम इटमा कोठार के रहने वाले हैं। शिकायत के बाद पुलिस ने दिल्ली के तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेवानिवृत्त कर्मचारी मानेंद्र सिंह को 5 मई 2026 को एक अज्ञात फोन आया। ▶▶ शेष पेज 12 पर

मानेंद्र सिंह

अभी विवेक रूसिया के पास कार्यभार

लाहोटी होंगे मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस, सुप्रीम कोर्ट की अनुशंसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

> केंद्र की सहमति और राष्ट्रपति की अधिसूचना के बाद ही नियुक्ति

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में न्यायाधीशों की कमी को दूर करने और मामलों के त्वरित निपटारे के लिए सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कॉलेजियम ने अपनी हालिया बैठक में वरिष्ठ अधिवक्ता अमित लाहोटी को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की है। अब यह प्रस्ताव अंतिम निर्णय और मंजूरी के लिए केंद्र सरकार के पास भेजा जाएगा। केंद्र की सहमति और राष्ट्रपति की अधिसूचना जारी होने के बाद ही उनकी नियुक्ति औपचारिक रूप से प्रभावी होगी। लाहोटी मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के प्रतिष्ठित वकीलों में शुमार हैं। ▶▶ शेष पेज 12 पर

अमित लाहोटी

कर्नाटक में 'शिवकुमार राज', सीएम बने

संविधान हाथ में लेकर शपथ जी परमेश्वर उपमुख्यमंत्री बने

सिद्धारमैया के बेटे समेत 13 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली



डीके शिवकुमार

> सोनिया गांधी ने शपथ लेने से पहले डीके को फोन पर बधाई दी

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

डीके शिवकुमार ने बुधवार को बेंगलुरु के लोक भवन में कर्नाटक के 24वें मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। डीके शिवकुमार ने हाथ में संविधान की किताब लेकर मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उनके साथ 13 और विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। जी परमेश्वर ने कर्नाटक के डिप्टी सीएम पद की ▶▶ शेष पेज 12 पर

शपथ में राहुल-खरगे शामिल हुए

नई कैबिनेट में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बेटे प्रियांक भी शामिल हैं। मंत्रिमंडल का दूसरा विस्तार विधान परिषद और राज्यसभा चुनाव के बाद होने की संभावना है। समारोह में राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे के अलावा केरल, ▶▶ शेष पेज 12 पर ▶▶ पढ़ें पेज 10 भी

आरबीआई ने दिया देश को स्पष्टीकरण

सोना बेचने के सारे दावे फर्जी 880.52 टन स्वर्ण भंडार सेफ

ब्लूमबर्ग के हवाले से ऐसा कहा गया था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक ने उन मीडिया रिपोर्टों को पूरी तरह खारिज और भ्रामक करार दिया है, जिनमें दावा किया गया था कि केंद्रीय बैंक ने अपने गोल्ड रिजर्व (स्वर्ण भंडार) का एक हिस्सा बेच दिया है।

आरबीआई ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि उसके पास मौजूद भौतिक सोने का भंडार पहले की तरह 880.52 टन पर स्थिर बना हुआ है और इसमें किसी भी तरह का कोई बदलाव नहीं हुआ है। इस मामले पर पीआईबी की फैक्ट चेक यूनिट ने भी तुरंत स्पष्टीकरण जारी किया। पीआईबी ने सोशल मीडिया पर बताया कि जिन रिपोर्टों में आरबीआई द्वारा लगभग 12 अरब डॉलर मूल्य का सोना बेचने का दावा किया जा रहा है, वे पूरी तरह फर्जी हैं। दरअसल, हाल ही में एक अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्ट में ब्लूमबर्ग का हवाला देते हुए यह अनुमान लगाया गया था कि आरबीआई ने 22 मई तक के दो सप्ताह के भीतर लगभग 12 अरब डॉलर मूल्य का सोना बेचकर विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां खरीदी हो सकती हैं। इस रिपोर्ट के सामने आते ही बाजार में तरह-तरह की चर्चाएं और चिंताएं शुरू हो गई थीं, जिन पर अब देश के केंद्रीय बैंक ने पूरी तरह विराम लगा दिया है।

ट्विशा डेथ केस : पूर्व जज गिरिबाला और बेटे समर्थ की जेल में पहली रात

सुरक्षा कारणों से दोनों विचाराधीन कैदियों पर रखी जा रही विशेष नजर

गिरिबाला व समर्थ ने कढ़ी खाई,दोपहर को खाई करेले की सब्जी

- बुधवार सुबह चाय के साथ नाश्ते में नमकीन दलिया परोसा गया
- दोनों को जेल नियमों के तहत सामान्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं
- दोनों को किसी विशेष वार्ड में नहीं भेजा गया है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गिरिबाला सिंह

ट्विशा डेथ केस में दहेज हत्या के आरोप में केंद्रीय जेल में बंद ट्विशा की सास, सेवानिवृत्त प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा पूर्व जिला उपभोक्ता आयोग अध्यक्ष गिरिबाला सिंह और उनके पुत्र अधिवक्ता समर्थ सिंह की पहली रात जेल में आम विचाराधीन बंदियों की तरह बीती। दोनों को जेल नियमों के तहत सामान्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं और किसी प्रकार की विशेष व्यवस्था नहीं की गई। जेल प्रशासन ने गिरिबाला सिंह को विचाराधीन बंदी क्रमांक 71 आवंटित कर महिला वार्ड के ए-खंड में रखा है। सुरक्षा कारणों से उन पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। वहीं समर्थ सिंह को विचाराधीन बंदी क्रमांक 1782 ▶▶ शेष पेज 12 पर

ई-सिस्टम से होगी निगरानी

जेल प्रशासन दोनों के रिकॉर्ड को ई-प्रेजेंट सिस्टम के माध्यम से डिजिटल रूप से अपडेट कर रहा है, जिसमें उनकी मेडिकल स्थिति और अदालती धाराओं का पूरा ब्यौरा रहेगा।

जेल में उपन्यास पढ़ता दिखा समर्थ

सीबीआई विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है। एजेंसी अब तक जुटाए गए साक्ष्यों, डिजिटल सबूतों और गवाहों के बयानों के आधार पर मामले की कड़ियां जोड़ने में लगी है। इसी बीच बुधवार को जेल में बंद समर्थ सिंह को 'द प्रेग्नेंट किंग' उपन्यास पढ़ते हुए देखा गया। यह उपन्यास पौराणिक पात्र राजा युवनाश्व की कथा पर आधारित है, जिसमें संतान प्राप्ति की इच्छा, एक विशेष औषधि और उसके बाद घटित असाधारण घटनाओं का वर्णन किया गया है।

5 यूसीसी देश के लिए जरूरी, मध्य प्रदेश में जल्द लागू ...

6 सिविल अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट ही नहीं...

घर से 16 साल की दो नाबालिगों का अपहरण बीयर पिलाई, होटल में ले जाकर किया दुष्कर्म

बजरंग दल के कार्यकर्ता पहुंचे होटल, पुलिस को दी जानकारी, बाग सेवनिया पुलिस आरोपियों को लेकर पहुंची थाने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित टू-सी साकेत नगर की होटल में बुधवार सुबह दो 16 साल की दो नाबालिगों से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी मुस्लिम समुदाय के होने के कारण बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने लव जिहाद का आरोप लगाते हुए आरोपियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने बुधवार रात दोनों आरोपियों के खिलाफ अपहरण, बलात्कार, पाक्सो एक्ट सहित धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को सूचना मिली थी कि 2-सी साकेत नगर के होटल एसएसजी में दो नाबालिग मुस्लिम युवकों के साथ रुकी हुई हैं। कार्यकर्ताओं ने होटल पर नजर रखी और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस नाबालिगों और उनके साथ मौजूद युवकों को थाने लेकर पहुंची।

पुलिस ने दर्ज किया दुष्कर्म, पाक्सो एक्ट, अपहरण सहित धर्म परिवर्तन के दबाव का मामला

सूचना मिलने पर होटल पहुंचे बजरंग दल कार्यकर्ता।

साथ चलने से मना किया तो सैफ ने पीड़िता को डराया-धमकाया

थाने में काउंसलिंग में एक नाबालिग ने बताया कि वह दो महीने से सैफ और वासिद को जानती है। मंगलवार शाम 8 बजे उसके पास सैफ का कॉल आया। वह कहने लगा कि चलो घूमने चलते हैं। रात करीब 9 बजे सैफ उसके घर के पीछे पहुंच गया और कहने लगा कि साथ चलो। मैंने उसे मना किया तो वह वह डराने धमकाने लगा। डर के कारण मैं सैफ के साथ चली गई। टिंबर कैफे पर ले जाने के बाद सैफ ने कहा कि तुम्हारी सहेली को लेकर आते हैं। सैफ के कहने पर सहेली को लेने उसके साथ चली गई। हम तीनों लौटकर टिंबर कैफे आए। वहां अंशित और वासिद मिला। उन्होंने बीयर पिलाई। सुबह 4 बजे वासिद वहां से चला गया। वहां से हम सभी ढाबा गए और खाना खाया। सुबह करीब 6 बजे सैफ, अंशित और मैं और मेरी सहेली रानी कमलापति स्टेशन पर चाय पीने के लिए चले गए।

नाबालिग ने बताया- होटल स्टाफ ने हमसे आईडी कार्ड नहीं मांगा

चाय पीने के बाद सैफ और अंशित नाबालिगों को लेकर साकेत नगर के होटल एसएसजी में पहुंचे। वहां सैफ ने होटल मैनेजर से बात की और दो रूम बुक करा दिए। वहां कुछ देर बैठने के बाद अंशित मेरी सहेली के साथ छेड़छाड़ करने लगा। मेरी सहेली ने सैफ से मदद मांगी तो वह कहने लगा, उसे करने दो, जो कर रहा है। इसी बीच सैफ मुझे डरा धमका कर अन्य कमरे में लेकर पहुंचा और वहां सैफ ने मेरे साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। इस दौरान धर्म परिवर्तन करने का दबाब बनाया। दोनों नाबालिग का कहना है कि होटल स्टाफ ने हमसे आईडी कार्ड नहीं मांगा था।

दो बार पहले भी पीड़िता से बना चुका है शारीरिक संबंध

पीड़िता ने काउंसलिंग में बताया कि सैफ ने अशोका गार्डन के एक होटल में उससे पूर्व में दो बार शारीरिक संबंध बनाए थे। उस होटल का नाम उसे नहीं पता है। सैफ के दोस्त वासिद ने भी अशोका गार्डन में उसी होटल में उसके साथ दो बार शारीरिक संबंध बनाए थे और धर्म परिवर्तित करने का दबाव बनाया था। मुस्लिम धर्म अपनाने के लिए वह दबाव बनाने लगा तो मैंने से उससे बात करनी बंद कर दी थी। सैफ से जब-जब मैं मिलने जाती थी तो वह मुझसे बोलता था कि हमारा धर्म बहुत अच्छा है, तुम भी हमारा धर्म अपना लो, तुम बुरखा पहन कर आया करो। बुरखा पहनोगी तो मुझे अच्छा लगेगा।

खबर संक्षेप

भानपुर डंप साइट पर गेट के सामने ही आग से झुलसी झाड़ियां

भोपाल। यह तस्वीर भानपुर में डंप साइट की है। जहां खंती की जगह और सुंदर हरियाली का पहाड़ है और इसके एंट्री गेट के सामने ही झुलसी झाड़ियां शहर के सौंदर्य को बिगाड़ रही हैं। जबकि बीते एक माह से शहरभर में 108 नोडल अधिकारी रोज तीन घंटे स्वच्छता सर्वेक्षण में घूमे।

श्रमोदय आईटीआई में निःशुल्क आवासीय प्रवेश प्रक्रिया शुरू

भोपाल। मध्यप्रदेश भवन एवं संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल में पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों के लिए राजधानी स्थित श्रमोदय आदर्श आईटीआई में शैक्षणिक सत्र 2026 के लिए निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। भारत सरकार से एनसीवीटी मान्यता प्राप्त इस संस्थान में प्रवेश के इच्छुक आवेदक 30 जून तक ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं। 1 जून से 30 जून के मध्य चॉइस फिलिंग की सुविधा उपलब्ध रहेंगी। संस्थान में चयनित होने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण अवधि के दौरान निःशुल्क हॉस्टल और भोजन की सुविधा भी दी जाएगी। इस प्रवेश प्रक्रिया में भाग लेने के लिए 8वीं और 10वीं पास अभ्यर्थी संस्थान में संचालित आठ अलग-अलग ट्रेडों के लिए पात्र हैं। इच्छुक उम्मीदवार अपने नजदीकी कियोस्क सेंटर के माध्यम से पंजीयन और चॉइस फिलिंग की प्रक्रिया आसानी से पूरी कर सकते हैं, तथा प्रवेश से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए आधिकारिक पोर्टल पर भी विजिट कर सकते हैं।

31 लाख 18 हजार 715 सदस्यों ने बनवाई परिवार की आईडी

भोपाल जिले में पांच लाख समग्र आईडी फर्जी, 6 लाख ने नहीं कराई ईकेवाईसी

वहीद खान ▶▶ भोपाल

आय प्रमाण पत्र, मूल निवास, जाति, ईडब्ल्यूएस, बीपीएल, सामाजिक पेंशन, मुख्यमंत्री कन्यादान, किसान सम्मान निधि सहित प्रदेश सरकार की सभी योजनाओं में अनिवार्य समग्र आईडी ने अब अधिकारियों का सिर दर्द बढ़ा दिया है। दरअसल सरकारी योजनाओं में समग्र आईडी अनिवार्य करने के बाद लोगों ने यह बनवाई थीं।

जिले में आबादी के हिसाब से 31 लाख 18 हजार 715 सदस्यों ने समग्र आईडी जनरेट करा ली। हालांकि समग्र को आधार से लिंक करना शुरु करते ही छंटनी शुरु हो गई। जिसके तहत अब तक जिले में 19 लाख 48 हजार 693 समग्र आईडी आधार से लिंक करा ली गई हैं, जबकि 11 लाख 64 हजार 837 सदस्यों ने ईकेवाईसी नहीं कराई है। अफसरों का दावा है कि इसमें पांच लाख से अधिक समग्र आईडी फर्जी हैं। समग्र सेल के नोडल अधिकारी विकास गुप्ता का कहना है कि समग्र आईडी के डेटा को शुद्ध करने के लिए समग्र से आधार से लिंक करने का काम चल रहा है। डुप्लीकेट आईडी मिलने पर उन्हें डिलीट किया जा रहा है।

जिले में 19 लाख 48 हजार 693 समग्र आईडी आधार से लिंक

11 लाख 64 हजार 837 सदस्यों की ईकेवायसी पेंडिंग

सरकारी योजनाओं में समग्र आईडी अनिवार्य

अलग खबर

एक व्यक्ति की तीन समग्र आईडी

समग्र को आधार से लिंक करने पर कई लोगों की दो से तीन आईडी सामने आई हैं। जिनको डिलीट किया जा रहा है। पिछले तीन महीने में करीब 24 हजार आईडी को डिलीट किया गया है। इसके साथ कई लोग ऐसे हैं, जिन्हें अब तक समग्र से आधार को लिंक कराने की जरूरत नहीं पड़ी है। प्रदेश में सरकारी योजनाओं का फायदा समग्र आईडी के आधार पर दिया जाता है। साथ ही यह भी तय किया जाता है कि एक समग्र आइडी पर एक व्यक्ति को एक ही योजना का लाभ मिले। जांच में कई ऐसे लोग पाए गए हैं, जो एक से अधिक आईडी बनवाकर सरकारी योजनाओं का लाभ ले रहे थे।

आरकेएमपी मेट्रो स्टेशन पर स्कायवॉक तैयार...

भोपाल। शहर के मेट्रो प्रॉयोरिटी कॉरिडोर के आरकेएमपी रेलवे स्टेशन से अब यात्री सीधे मेट्रो स्टेशन पहुंच सकेंगे। मेट्रो प्रशासन द्वारा यात्रियों की मेट्रो से सीधी कनेक्टिविटी को लेकर स्कायवॉक का निर्माण करवाया है। इसका काम पूरा हो चुका है। इसका लोकार्पण 22 जून होगा। मेट्रो के अधिकारी इसका लोकार्पण करेंगे और यह यात्रियों के लिए खुल जाएगा।

सेलिब्रेशन ऑन व्हील्स स्कीम में 30 दिन में एक भी बुकिंग नहीं

भोपाल। मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एमपीएमआरसीएल) द्वारा यात्रियों को विशेष अवसरों को मेट्रो परिसर में मनाने की सुविधा देने के लिए शुरू की गई सेलिब्रेशन ऑन व्हील्स स्कीम के तहत 30 दिन में एक भी बुकिंग नहीं आई। मेट्रो प्रशासन के पास 15 से 30 इंक्वायरी जरूरी पहुंची। मेट्रो प्रशासन का तर्क है कि कुछ इंक्वायरी कंफर्म होने की प्रक्रिया चल रही है। व्यापाक प्रचार-प्रसार भी किया जा रहा है। अभी कम लोगों तक ही जानकारी सीमित है। जानकारी के अनुसार मई माह की शुरुआत में लॉन्च की गई इस योजना के तहत जन्मदिन, प्री-वेडिंग शूट, फोटोशूट, किटी पार्टी, फिल्म शूटिंग, वेब सीरीज और अन्य सामाजिक-सांस्कृतिक आयोजनों के लिए मेट्रो कोच और स्टेशन परिसर उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया था। हालांकि एक जन्मदिन समारोह के आयोजन को लेकर प्रक्रिया जारी है और जल्द बुकिंग होने की संभावना है। दूसरी ओर इंदौर में योजना को बेहतर प्रतिक्रिया मिली है, जहां दो आयोजनों का सफल संचालन किया जा चुका है।

- भोपाल मेट्रो 15 इंक्वायरी जरूर आई

अफसरों की मिलीभगत आई सामने

रिटायर अफसर के बेटे ने सप्लाई किया अवैध कोपरा, कमेटी करेगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अचारपुरा के डोबरा रोड स्थित कुठार की चंदेरी झील में जल गंगा संवर्धन के तहत अवैध उत्खनन किया गया है। यहां पर कुठार के सरपंच पति गिरजेश ने रिटायर जिला खनिज अधिकारी एलएम गोयल के बेटे शुभम गोयल को नदी में खुदाई का काम सौंपा था। कुछ डंपर मिट्टी निकालने के बाद यहां से कोपरा निकाला जाने लगा। पिछले पंद्रह दिनों में यहां से करीब डेढ़ सौ डंपर कोपरा निकालकर अवैध रूप से बेचा गया है। इस मामले में खनिज इंस्पेक्टर पूजा वानखेड़े की भूमिका भी संदिग्ध बनी हुई है।

इधर एडीएम सुमित पांडे का कहना है कि झील से निकाले गए कोपरे को बेचने के संबंध में जांच के निर्देश जिला खनिज अधिकारी एमएस रावत को दिए गए हैं। जिले के ग्रामीण क्षेत्र में पिछले एक महीने से जल संवर्धन अभियान के तहत तालाबों और नदियों की सफाई और गहरीकरण का काम चल रहा है। जिसकी जिम्मेदारी पंचायत स्तर पर दी गई है। जिले के अधिकतर जलस्त्रोतों में सरपंच और सचिव ने खनिज माफिया को इस गहरीकरण का काम सौंप दिया है, जिससे माफिया रेत, मुरम और कोपरा निकलने पर उसे बाहर बेचा जा रहा है। पिछले दिनों कुठार पंचायत की चंदेरी झील से करीब डेढ़ सौ डंपर कोपरा निकालने की शिकायत एडीएम सुमित पांडे के यहां की गई है, जिसमें झील से कोपरा निकालकर बिना रायल्टी बेचने का आरोप लगाया है। इधर एडीएम के निर्देश के बाद भी जिला खनिज अधिकारी मामले की जांच नहीं करा रहे हैं, हालांकि जिला खनिज अधिकारी का कहना है कि राजस्व और खनिज की टीम मिलकर अवैध उत्खनन की जांच करेगी।

दूसरों से कोपरा लेकर सप्लाई कर रहा

रिटायर जिला खनिज अधिकारी एलएम गोयल के पुत्र शुभम गोयल का कहना है कि मैं कोपरा सप्लाई का काम करता हूं। मेरे पास डंपर और जेसीबी मशीनें नहीं हैं। खदान संचालकों से कोपरा लेकर सप्लाई किया जाता है। मैंने अवैध उत्खनन नहीं कराया है।

टीएल बैठक में आयुक्त ने लगाई फटकार

सीएम हेल्पलाइन में नगर निगम की 100 दिन तक शिकायतें लंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम मुख्यालय में बुधवार को टीएल की बैठक में एक बार फिर अधिकारी निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निशाने पर रहे। सीएम हेल्पलाइन में 50 से 100 दिन तक पेंडिंग शिकायतों को लेकर राजस्व और स्वास्थ्य अधिकारियों को फटकार लगाई। उन्होंने विधानसभा स्तर के आरओ और जोन के जोनल अधिकारियों से कहा कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को किसी भी हाल में पेंडिंग नहीं रखें।

उन्होंने निर्देश दिए कि मानसून के पूर्व शहर के सभी नालों की सफाई का काम हर हाल में पूरा कर लिया जाए। आयुक्त ने स्वच्छ सर्वेक्षण में लापरवाही को लेकर भी अधिकारियों पर नाराजगी जताई।

फाइल फोटो

आयुक्त संस्कृति ने ली एनएचएआई अफसरों की बैठक

निगम आयुक्त ने बुधवार को एनएचएआई के अधिकारियों के साथ बैठक भी की। अयोध्या बायपास टेनलेन प्रोजेक्ट के दौरान बार-बार पाइप लाइन फूटने और गर्मी के मौसम में पानी की समस्या आने पर नाराजगी जताई।

ईसी की बैठक में प्रस्ताव पारित

बीयू का नाम बदलकर अब होगा वाग्देवी भोजपाल विवि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का नाम अब बदला जाएगा। बुधवार को हुई बीयू की कार्य परिषद की बैठक में यह प्रस्ताव पारित कर दिया गया है। ईसी में कार्य परिषद सदस्यों ने बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का नाम बदलने का प्रस्ताव दिया गया था। प्रस्ताव पर लंबी चर्चा के बाद इसे पारित कर दिया गया है। बीयू के रजिस्ट्रार डॉ. एसबी सिंह के अनुसार बीयू का नाम बदलने का प्रस्ताव पारित किया है। गुरुवार को शासन को नोटिफिकेशन जारी करने के लिए प्रस्ताव भेजा जाएगा। इससे जल्द ही बीयू का नाम बदलकर वाग्देवी भोजपाल विश्वविद्यालय कर दिया जाएगा।

फाइल फोटो

यूजी की परीक्षा भी जल्द

इसके अलावा बीयू की स्नातक परीक्षाओं को लेकर भी लंबे समय से विद्यार्थियों को इंतजार था, जो बुधवार को समाप्त हो गया है। विवि प्रशासन ने यूजी परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन परीक्षा टाइम टेबल जारी कर दिया है। इसके अनुसार अब 16 जून से स्नातक की परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। इससे इन परीक्षाओं का परिणाम भी समय पर आ सकेगा।

दोपहर बाद से बदला मौसम, देर रात तक कुछ हिस्सों में उमस बढ़ी

शहर में तेज हवा, गरज-चमक के बीच बरसी राहत की बारिश-बौछारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में बुधवार को दोपहर बाद से मौसम में बदलाव शुरू हुआ। दोपहर करीब 3 बजे से अलग-अलग हिस्सों में घने बादलों के टुकड़े तेज हवाओं के साथ उड़कर आते रहे और गरज चमक के साथ बारिश का दौर जारी रहा।

रायसेन रोड के पटेल नगर, आनंद नगर, भानपुर, एमपी नगर, बैरसिया, अरेरा हिल्स, कोलार सहित पूरे शहर में बारिश बौछारों का दौर देर रात तक अलग-अलग समय पर चला। इससे कुछ हिस्सों में उमस बढ़ी तो कुछ में हवाओं में राहत घुली रही।

एक हिस्से में बारिश, दूसरे में गरज-चमक

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी प्री-मानसून बारिश जारी है। इस लिए शहर के अलग-अलग हिस्सों में बारिश अलग-अलग समय पर हो रही है। हवा में नमी बढ़ने के साथ तापमान में बढ़त से प्री-मानसून गतिविधियां बढ़ रही हैं। इससे कहीं उमस बढ़ेगी तो कहीं तापमान में तेजी से कमी आएगी। बुधवार शाम एमपी नगर, कोलार आदि क्षेत्रों में बारिश हुई।

पंद्रह दिन पहले टीटी नगर मैदान में पकड़ा था एजेंसी का वाहन

ऑटो हाउस गैस एजेंसी पर हंगामा, चार बार बुकिंग फिर भी नहीं हुई डिलीवरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हमीदिया रोड स्थित ऑटो हाउस गैस एजेंसी पर बुधवार को ग्राहकों ने हंगामा कर दिया। इन्हें पिछले 8 दिन से सिलेंडर की डिलीवरी नहीं की गई थी। तीन बार बुकिंग कराने के बावजूद सिलेंडर नहीं मिलने पर उनका गुस्सा फूट पड़ा। सूचना के बाद पहुंची खाद्य की टीम ने ग्राहकों को समझाइश देकर रवाना किया।

एजेंसी संचालक अनिल खट्टर का कहना है कि तेल कंपनी से लोड नहीं मिलने की वजह से दिक्कत हो रही है। उनका कहना है कि कुछ दिन पहले खाद्य विभाग ने एजेंसी के 210 सिलेंडर और वाहन जब्त किए है।

मार्च की बुकिंग का अब तक नहीं मिला सिलेंडर

गैस एजेंसी स्टाफ से सिलेंडर के लिए चर्चा करते उपभोक्ता।

ऑटो हाउस गैस एजेंसी पर करीब 12 हजार कनेक्शन हैं। थोक किराना कारोबारी विवेक साहू ने बताया कि उन्होंने एजेंसी पर मार्च माह में सिलेंडर बुक किया था, लेकिन अब तक सिलेंडर डिलीवरी नहीं की गई। पहली बुकिंग में पता चला कि सिलेंडर किसी और को दे दिया गया। दोबारा बुकिंग की, लेकिन सात दिन में सिलेंडर नहीं पहुंचा। यह बुकिंग भी कैंसिल हो गई। 30 मई को चौथी बार बुकिंग की, जिसकी डिलीवरी बुधवार तक नहीं हुई।

जांच कराई जाएगीः जादौन

जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन का कहना है कि शिकायत मिली है, जिसके आधार पर जांच कराई जा रही है।

दशहरा मैदान में मिला सिलेंडरों से भरा वाहन

दो हफ्ते पहले हमीदिया रोड स्थित ऑटो हाउस गैस एजेंसी का 210 सिलेंडरों से भरा वाहन टीटी नगर के दशहरा मैदान में मिला था। जिसके जांच के बाद जब्त कर लिया गया।

ब्लैक में बेचे सिलेंडर

एजेंसी में लोड नहीं मिलने की वजह से उपभोक्ताओं को सिलेंडरों की डिलीवरी नहीं हो रही है। बताया जा रहा है कि ऑयल कंपनी ने एजेंसी संचालक से एक साल में दिए गए सिलेंडरों का डेटा मांगा है। जिसे एजेंसी संचालक नहीं दे पा रहे है। यही वजह है कि सिलेंडरों का लोड मिलने में देरी हो रही है।

नगर निगम के नए मुख्यालय भवन की दूसरी मंजिल पर लिफ्ट फंसी, मची अफरा तफरी, आधे घंटे फंसे रहे मंत्रालय के दो कर्मचारी, एक महिला सहित पांच लोग

- लोकार्पण के एक माह बाद ही सामने आई बड़ी तकनीकी खामी, अलार्म भी नहीं बजा, एक व्यक्ति की बिगड़ी तबीयत
- दोपहर करीब 3 बजकर 40 मिनट पर पांच लोग ग्राउंड फ्लोर से सातवीं मंजिल पर जाने के लिए लिफ्ट में हुए थे सवार
- अलार्म सिस्टम के काम नहीं करने और मोबाइल नेटवर्क की समस्या ने सुरक्षा इंतजामों पर खड़े किए सवाल!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम के नवनिर्मित मुख्यालय अटल भवन में बुधवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब भवन की एक लिफ्ट अचानक दूसरी मंजिल से ऊपर की ओर जाते समय बीच में फंस गई। उसके अचानक रुकने से उसमें सवार पांच लोग घबरा गए। उसमें सवार महिला समेत पांच लोग करीब आधे घंटे तक अंदर फंसे रहे। घटना के दौरान लिफ्ट में मौजूद एक व्यक्ति की तबीयत भी बिगड़ गई, जिससे अंदर मौजूद लोगों में घबराहट और बढ़ गई। करीब आधे घंटे मशक्कत के बाद तकनीकी टीम ने लिफ्ट का दरवाजा खोलकर सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला।

जानकारी के अनुसार तुलसी नगर स्थित नगर निगम मुख्यालय के आठ मंजिला अटल भवन में बुधवार दोपहर करीब 3 बजकर 40 मिनट पर पांच लोग ग्राउंड फ्लोर से सातवीं मंजिल पर जाने के लिए लिफ्ट में सवार हुए थे। इनमें दो मंत्रालय कर्मचारी, एक नगर निगम कर्मचारी, एक महिला और एक अन्य व्यक्ति शामिल थे। लिफ्ट दूसरी मंजिल से ऊपर की ओर बढ़ रही थी, तभी अचानक तकनीकी खराबी के कारण बीच रास्ते में रुक गई।


लिफ्ट में फंसे कर्मचारी।

आधे घंटे अफरा-तफरी और दहशत का रहा माहौल

सूचना मिलते ही निगम अधिकारी मौके पर पहुंचे और तकनीकी कर्मचारियों को मौके पर बुलाया गया। करीब आधे घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चला।

अलार्म नहीं बजा, मोबाइल नेटवर्क भी नहीं मिला

लिफ्ट में फंसे लोगों ने मदद के लिए लिफ्ट में लगे अलार्म का उपयोग करने की कोशिश की, लेकिन अलार्म सिस्टम भी काम नहीं कर रहा था। स्थिति और गंभीर तब हो गई जब लिफ्ट के अंदर मोबाइल नेटवर्क भी नहीं मिला। ऐसे में बाहर संपर्क करने का कोई रास्ता नहीं बचा। काफी प्रयास के बाद एक व्यक्ति ने किसी तरह मोबाइल पर वीडियो कॉल लगाकर अपने परिचित को घटना की जानकारी दी।

आधुनिक सुविधाओं से लैस भवन की सुरक्षा पर सवाल

73 करोड़ रुपए की लागत से बने नए मुख्यालय अटल भवन में लगी लिफ्ट के फंसने की घटना ने सुरक्षा को लेकर कई तरह के सवाल खड़े कर दिए हैं। लिफ्ट में कोई भी ऑपरेटर नहीं था। तकनीकी खामी को दूर करने आधे घंटे का समय लगा। यानि तकनीकी टीम मौके पर मौजूद नहीं थी। अब निगम प्रशासन ने मामले की जांच कराने और लिफ्ट की तकनीकी खामियों को तत्काल दूर करने की बात कही है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटना दोबारा न हो।

निगम मुख्यालय की लिफ्ट में फंसे एक व्यक्ति ने हरिभूमि को बताई आपबीती

लिफ्ट में फंसे एक व्यक्ति ने बताया कि दूसरी मंजिल से ऊपर जाते समय अचानक लिफ्ट रुक गई। इससे अंदर मौजूद लोग घबरा गए। कुछ समझ नहीं आ रहा था कि क्या करें। अलार्म नहीं बचा। मोबाइल का नेटवर्क नहीं होने से काल भी नहीं कर पा रहे थे। ऐसे में एक व्यक्ति की तबीयत बिगड़ गई। वे नीचे बैठ गए। एक महिला बहुत घबरा गईं थीं। कुछ देर के बाद उन्होंने अपने एक परिचित को वीडियो काल से सूचना दी। तब जाकर निगम के अधिकारी-कर्मचारियों तक सूचना पहुंची। आधे घंटे तक सभी लोग लिफ्ट में फंसे रहे।

निगम के नए मुख्यालय भवन का मामला

पांचवीं मंजिल पर योजना प्रकोष्ठ में पंखा गिरा



भोपाल। निगम के नए मुख्यालय भवन में मंगलवार को योजना प्रकोष्ठ में एक चलता हुआ पंखा अचानक जमीन पर गिरने की घटना हो चुकी है। यह पंखा उस समय गिरा जब हाल में कोई नहीं था। वरना बड़ा हादसा हो सकता था। गनीमत यह रही कि किसी को चोट नहीं लगी।

नेशनल हाईवे पर मेट्रो की मनमर्जी, वाहन चालक परेशान

इंडस्ट्रियल एरिया गेट के सामने अधूरा डायवर्जन, हादसे का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के भदभदा से रत्नागिरी तक निर्माणाधीन मेट्रो की ब्लू लाइन के निर्माण कार्य के लिए किए गए मेट्रो की निर्माणकर्ता एजेंसी द्वारा अधूरे डायवर्जन ने वाहन चालकों के सामने नई मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया गेट के सामने हाईवे की एक लेन बंद किए जाने के बाद जिस प्रकार से यातायात को डायवर्ट किया गया है, वह दुर्घटना का कारण बनता जा रहा है। रोजाना 50 हजार से ज्यादा वाहनों की आवाजाही वाले इस व्यस्त मार्ग पर तकनीकी दृष्टि से अधूरी ट्रैफिक व्यवस्था के कारण दिन में कई बार जाम लग रहा है।

- *लोहे के बडे बोर्ड लगाकर गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया से गुजरने का लगाया बोर्ड*
- *तिराहे से खुले रास्ते से वाहन आ रहे आमने-सामने, मुश्किल में 50 हजार वाहन चालक*

गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया गेट पर लगाया डायवर्सन।

मेट्रो प्रशासन का तर्क- सुरक्षा मानकों का पूरा ध्यान, लेकिन कमी है दूर करवाएंगे

मेट्रो प्रशासन के अनुसार शहर में कहीं भी निर्माणकर्ता एजेंसी द्वारा यातायात को लेकर कोई भी कमी नहीं रखी जा रही है। सुरक्षा मानकों का पूरा ध्यान नियमानुसार रखा जा रहा है, लेकिन कहीं लोगों को शिकायत है तो तत्काल व्यवस्था सुधरवाई जाएगी।

चैनलाइजेशन की व्यवस्था नहीं होने से वाहन चालक हो रहे भ्रमित

मेट्रो निर्माण एजेंसी द्वारा हाई-वे के किनारे बड़े-बड़े लोहे के सूचना बोर्ड लगाकर वाहनों को गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया के भीतर से होकर गुजरने का निर्देश दिया गया है। इसके लिए मुख्य मार्ग की एक लेन पर बैरिकेडिंग कर यातायात को डायवर्ट भी किया गया है, लेकिन ट्रैफिक इंजीनियरिंग के बुनियादी सिद्धांतों के अनुरूप मार्गदर्शन और चैनलाइजेशन की व्यवस्था नहीं होने से वाहन चालक भ्रमित हो रहे हैं। अधूरे डायवर्जन के चलते वाहनों का आमना-सामना हो रहा है, जिससे टकराने की आशंका बनी रहती है।

यातायात विशेषज्ञों के अनुसार यह कमियां, जिन्हें दूर किया जाना जरूरी

यातायात विशेषज्ञों के अनुसार किसी भी डायवर्जन पॉइंट पर भौतिक अवरोध, रिफ्लेक्टिव साइन, दिशा सूचक संकेतक, स्पीड कंट्रोलिंग व्यवस्था और ट्रैफिक मार्शल की तैनाती जरूरी होती है, जबकि यहां कोई भी सुरक्षा गार्ड तैनात नहीं है। चालक अंतिम क्षण में लेन बदलने को मजबूर हो रहे हैं, जिससे अचानक ब्रेक लगाने और वाहन टकराने जैसी स्थितियां बन रही हैं।

कोलार की ग्रेविटी मेन लाइन फूटने से पानी की किल्लत

हैंडपंप से लोगों ने भरा पानी, शहर के कई क्षेत्रों में टैंकरों से किया गया पानी सप्लाई

कोलार की फूटी पाइप लाइन सुधरी, आज से पानी सप्लाई होगी बहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार की ग्रेविटी मेन लाइन फूटने के कारण कुछ जोन में बाधित जल प्रदाय व्यवस्था गुरुवार से पूरी तरह से बहाल हो जाएगी।

निगम के जल कार्य विभाग के अमले ने बुधवार सुबह फूटी पाइप लाइन को बदलने का काम पूरा कर लिया। शहर के कई इलाकों में निगम के टैंकरों से लोगों को पानी दिया गया। जबकि कुछ स्लम इलाकों में रखी टंकियां भी भरवाई गईं ताकि लोगों को जरूरत का पानी मिल सके।

अर्जुन नगर में हैंडपंप से पानी करते हुए रहवासी।

इन इलाकों में नहीं आए नल

शहर के नारियलखेड़ा, रेजीमेंट रोड, शाहजहांनाबाद, मुर्गी बाजार, रामनगर, रेशम केन्द्र, पूर्वी तथा पश्चिमी निशातपुरा, चौकसे नगर, ग्रीन पार्क, इंदिरा सहायता नगर, डीआईजी बंगला,भोपाल टॉकीज, हमीदिया रोड, संगम टॉकीज, मोती मस्जिद, गिन्नौरी, इब्राहिमपुरा, बुधवारा, इतवारा, मंगलवारा, काली मंदिर, इस्लामपुरा, छावनी, 1100 क्वाटर्स, शाहपुरा, त्रिलंगा, ई-7 अरेरा कालोनी, श्याम नगर, 12 नंबर मल्टी, तुलसी नगर, माता मंदिर, चक्की चौराहा, शिवाजी नगर, चार इमली, शिवाजी नगर, चूना भट्टी आदि क्षेत्रों में नल नहीं आया।

कोलार ग्रेविटी मेन लाइन का निरीक्षण करने पहुंचीं मेयर

महापौर मालती राय ने बुधवार को कोलार जलप्रदाय परियोजना की सनखेडी में ग्रेविटी मेन पाइप लाइन के मेंटेनेंस कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को शहर में रेग्यूलर पानी सप्लाई तय करने के निर्देश दिए। उन्होंने उक्त लाइन के बारे में विस्तार से अधिकारियों से जानकारी हासिल की। अधिकारियों ने उन्हें बताया कि मेंटेनेंस का काम पूरा हो चुका है । उन्होंने ग्रेविटी मेन पाइप लाइन के मेंटेनेंस एवं अन्य सभी कामों को तेज गति से पूरा करने और जल्द नियमित पानी सप्लाई बहाल करने के निर्देश दिए। इस मौके पर महापौर परिषद के सदस्य रविन्द्र यति, अधीक्षण यंत्री उदित गर्ग सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

सनखेडी में निरीक्षण करतीं महापौर।

संस्कार भारती विद्यापीठ में हुई श्रीमद् भागवत कथा में आनंद कृष्ण शास्त्री महाराज ने कहा

बच्चों को संस्कारवान बनाने के विद्यार्थी जीवन में अनुशासन जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

समाज में बिखरते परिवारों पर ध्यान देने की जरूरत है। परिवार-समाज में एकजुटता बेहद जरूरी है। बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का विशेष महत्व है।

विद्यार्थी जीवन में अनुशासन ही सफलता की नींव है। यह संदेश अपनी कथा के माध्यम से महाराज ने दिया। राजधानी के कटारा हिल्स क्षेत्र स्थित संस्कार भारती विद्यापीठ के परिसर में कथावाचक आनंद कृष्ण शास्त्री महाराज के श्रीमुख से श्रीमद् भागवतकथा का आयोजन किया गया। प्रेरणा पुंज फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित कथा के समापन के दिन भाजपा (पिछड़ा वर्ग) के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सुरजीत सिंह चौहान एवं संस्कार भारती विद्यापीठ के संचालक शांतनु शर्मा शामिल हुए। प्रेरणा पुंज फाउंडेशन के संस्थापक अजय सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

कथा में अनेक सुंदर स्वरूप लेकर भगवान कृष्ण की लीलाओं को दर्शाया गया। कथा के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं में प्रसाद ग्रहण किया।

कथा में उपस्थित अतिथि व कथावाचक

डीजीपी की घोषणा, वीरता और उत्कृष्ट कार्य के लिए मिलेगा सम्मान

मध्य प्रदेश पुलिस के 59 जांबाजों को मिलेगा केएफ रुस्तम जी पुरस्कार

यह सम्मान केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि जनसेवा की भावना का प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों के अदम्य साहस को सम्मान देने की कड़ी में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 के प्रतिष्ठित के.एफ. रुस्तम जी पुरस्कारों की घोषणा कर दी है। असाधारण वीरता, साहस और उत्कृष्ट पुलिस कार्य के लिए कुल 59 पुलिसकर्मियों को परम विशिष्ट, अति विशिष्ट और विशिष्ट श्रेणी में सम्मानित किया जाएगा।

जीपी मकवाणा ने बताया कि वर्ष 2022-23 के लिए 24 और वर्ष 2023-24 के लिए 35 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों का चयन किया गया है। यह पुरस्कार दस्यु उन्मूलन, नक्सल विरोधी अभियान, सांप्रदायिक दंगों और कानून-व्यवस्था की गंभीर परिस्थितियों में उच्चकोटि की वीरता, नेतृत्व और कर्तव्यनिष्ठा दिखाने वाले जवानों को दिया जाता है।

मकवाणा ने दी बधाई, बढ़ाया हौसला

पुरस्कारों की घोषणा करते हुए डीजल कैलाश मकवाणा ने सभी चयनित अधिकारियों-कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सम्मान केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि मध्यप्रदेश पुलिस की व्यावसायिक दक्षता, समर्पण और जनसेवा की भावना का प्रतीक है। डीजीपी ने उम्मीद जताई कि पुरस्कार प्राप्त जवान भविष्य में भी अपने कार्यों से पुलिस संगठन की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे।

इन कार्यों के लिए मिलता है रुस्तम जी पुरस्कार

के.एफ. रुस्तम जी पुरस्कार मध्यप्रदेश पुलिस का सर्वोच्च वीरता सम्मान है। इसकी शुरुआत पहले आईजी रहे के.एफ. रुस्तम जी के नाम पर की गई थी। यह उन पुलिसकर्मियों को दिया जाता है जो जान जोखिम में डालकर नक्सल ऑपरेशन, दस्यु उन्मूलन, दंगा नियंत्रण जैसे चुनौतीपूर्ण मोर्चों पर अदम्य साहस का परिचय देते हैं। इसका उद्देश्य बल में उत्कृष्टता और शौर्य की भावना को प्रोत्साहित करना है।

प्रमुख नाम, जिन्हें मिला सम्मान

2023-24 की परम विशिष्ट श्रेणी में तत्कालीन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा, उप पुलिस अधीक्षक नागेन्द्र सिंह सिकरवार और कार्यवाहक निरीक्षक कंचन ठाकुर शामिल हैं। 2022-23 की विशिष्ट श्रेणी में जोनल पुलिस अधीक्षक आशीष खरे, नगर पुलिस अधीक्षक रत्नेश तोमर और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समर वर्मा जैसे नाम प्रमुख हैं। सूची में निरीक्षक से लेकर आरक्षक स्तर तक के जवान शामिल हैं जिन्होंने फील्ड में बहादुरी दिखाई।

तीन श्रेणियों में मिलेगा सम्मान

- **परम विशिष्ट श्रेणी:** रिवाल्वर एवं प्रमाण पत्र। 2023-24 में 5 अफसरों को यह सम्मान मिला, जिनमें एटीएस के आरक्षक राजेश कुमार और कमलेश सिंह शामिल हैं।
- **अति विशिष्ट श्रेणी:** बारह बोर गन एवं प्रमाण पत्र। 2022-23 में सहायक पुलिस आयुक्त निधि सक्सेना और उप निरीक्षक गौरव सिंह बुंदेला समेत 2, जबकि 2023-24 में 6 पुलिसकर्मी चयनित हुए।
- **विशिष्ट श्रेणी:** 50 हजार रुपये एवं प्रमाण पत्र। 2022-23 में 22 और 2023-24 में 35 अधिकारी-कर्मचारी इस श्रेणी में सम्मानित होंगे।

खबर संक्षेप

पीएम स्वनिधि योजना के वार्डों में लगेंगे शिविर

भोपाल। नगर निगम के मुख्यालय भवन में बुधवार को केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि योजना योजना के कार्यान्वयन को लेकर बैठक हुई। अपर आयुक्त अंजू अरूण कुमार ने जिला अग्रणी बैंक सहित बैंकर्स, एनयूएलएम टीम के मिशन मैनेजर्स की बैठक में योजना तथा लोक कल्याण मेले आयोजन की समीक्षा की। उन्होंने अधिक से अधिक पथ विक्रेताओं को पीएम स्वनिधि योजना का लाभ पहुंचाने के लिए कल्याण मेले में बैंकर्स की सहभागिता सुनिश्चित कर नवीन ऋण स्वीकृति, नवीन क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन व नवीन पथ विक्रेताओं का योजना में पंजीयन तथा पथ विक्रेताओं को वित्तीय समायोजन की जानकारी सुलभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

बिजली चोरी के मामले में आरोपी को दो साल जेल

भोपाल। मुरैना वृत्त के अंबाह संभाग अंतर्गत विद्युत चोरी के मामले में विशेष न्यायालय (विद्युत) अम्बाह जिला मुरैना ने आरोपी सरताज खान को दोषी ठहराते हुए दो वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 2 लाख 21 हजार 176 रुपए की वसूली के आदेश भी पारित किए हैं। कंपनी की सतर्कता टीम द्वारा 12 मई 2016 को अंबाह क्षेत्र में जांच के दौरान आरोपी सरताज खान द्वारा अपनी व्यवसायिक दुकान में अवैध रूप से विद्युत का उपयोग करते हुए बिजली चोरी करते पाए जाने पर मामले में प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था।

मतदाता सूची पुनरीक्षण समय-सीमा में पूरा करें

भोपाल। मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य समय-सीमा में पूरा करें। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग दीपक सिंह ने यह बात पंचायत एवं नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा के दौरान कही। सिंह ने जिलेवार लंबित दावे-आपत्तियों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पुनरीक्षण कार्य में पूरी पारदर्शिता रहनी चाहिए। सिंह ने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण के संबंध में जो भी कार्रवाई करें, उसकी जानकारी स्टेरिंग कमेटी की बैठक के माध्यम से जनप्रतिनिधियों के संज्ञान में जरूर लायें। उन्होंने वर्किंग और नानवर्किंग ईव्हीएम की जानकारी देने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि अंतिम मतदाता सूची को नियत समय पर जिले की वेबसाइट पर अपलोड करें सिंह ने दावे-आपत्तियों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पुनरीक्षण कार्य में पारदर्शिता रहनी चाहिए। बैठक वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हुई। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग शहडोल से वीडियो कांफ्रेंसिंग में शामिल हुए।इस दौरान उप सचिव राज्य निर्वाचन आयोग मनोज मालवीय, श्रीमती संजू कुमारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

वायरल करने वाले व्यक्ति पर कड़ी कार्रवाई की मांग

सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर मगरमच्छ की वीडियो वायरल कर सुर्खियां बटोरने वाले व्यक्ति को एसटीएसएफ ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) एवं मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक मप्र के निर्देशन में मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स, मध्यप्रदेश ने डिजिटल प्लेटफार्म पर वन्यजीव से संबंधित अवैधानिक वीडियो बनाकर वायरल करने वाले व्यक्ति पर कार्रवाई की है।

एसटीएसएफ ने सोशल मीडिया एप्लीकेशन, इंस्टाग्राम पर अनुसूची-1 में दर्ज वन्यजीव मगरमच्छ को पकडने, अवैध तरीके से अपने कब्जे में रखने, उसके साथ छेडछाड़ करने, उसको उठाकर पटकने, घसीटने का वीडियो बनाकर सुर्खियां (लाइक्स) प्राप्त करने एवं अपने फालोवर बढ़ाने के उद्देश्य से अपलोड कर वायरल कर दिया गया।

फालोवर बढ़ाने अपलोड कर वायरल कर दिया वीडियो

मगरमच्छ को मारने का प्रयास करना स्वीकारा

आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि ग्राम गरेंठा से लगी बुधना नदी में बिजली का करंट लगाकर मगरमच्छ को मारने का प्रयास करना स्वीकारा एवं यह भी बताया कि वह मछली मारने के लिए निरंतर विद्युत करंट का उपयोग करता है, जिससे मगरमच्छ भी चपेट में आ जाते है। पूछताछ में इंस्टाग्राम में अपलोड वीडियो में दिखाए जा रहे कंटेंट संबंधी अपराध को स्वीकारा। इसके उपरांत दोनों व्यक्तियों पर वन मंडल शिवपुरी की ओर से वन अपराध प्रकरण 2 जून 2026 वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की विभिन्न धाराओं में पंजीबद्ध किया गया। विधिवत कार्रवाई के उपरांत दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय पिछोर जिला शिवपुरी मप्र के समक्ष पेश किया गया।

शिवपुरी जिले के होने की पुष्टि हुई

इसके संबंध में स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स मध्यप्रदेश द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर जांच कर, उक्त शरारती व्यक्ति के संबंध में और अधिक जानकारी प्राप्त कर उसे मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले के होने की पुष्टि हुई। एसटीएसएफ की क्षेत्रीय इकाई शिवपुरी एवं वनमंडल शिवपुरी के वन अमले की ओर से संयुक्त कार्रवाई करते हुए ग्राम गरेठा तहसील पिछोर से 2 आरोपी सुखनंदन केवट एवं गुलई सिंह को अभिरक्षा में लिया गया।

मप्र में तबादलों के लिए 15 जून तक की डेडलाइन

विभागों ने मंगाई रिक्त पदों की सूची, बढ़ी मंत्रालय में जनप्रतिनिधियों की आवाजाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में तबादलों की अंतिम डेट लाइन 15 जून है। किंतु अभी भी कई विभागों में ऊहापोह की स्थिति है। कई शासकीय सेवकों को उम्मीद है कि 15 तारीख की डेट लाइन और आगे बढ़ेगी। कई विभागों ने जिले के अधिकारियों को साफ तौर पर हिदायत दी है कि वह अपने यहां की रिक्त पदों की जानकारी एक-दो दिन में अनिवार्य रूप से भेज दे। रिक्त पदों की सूची में कोई विसंगति नहीं होनी चाहिए।

यदि गलत पाया गया तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। दूसरी तरफ कई विभागों ने ऑनलाइन आवेदनो की तारीख अब क्लोज कर दी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पिछली कैबिनेट बैठक में स्पष्ट तौर पर कहा था कि हर हाल में 15 जून तक तबादले कर लिए जाए। उन्होंने एक से लेकर 15 जून के बीच की छूट ही दी थी। उसे दौरान कई मंत्रियों ने महज 15 दिन में तबादले नहीं हो पाने की दिक्कतें बताई थी, हालांकि उन्होंने साफ तौर पर कहा था कि वह किसी भी सूरत में तबादले की डेट नहीं बढ़ाएंगे। हर हाल में इसी अवधि में तबादले की पूरी प्रक्रिया पूरी करना है। मुख्यमंत्री के इस निर्देश का भी असर हुआ। विभागीय तौर पर उसी समय से तबादलों की तैयारी शुरू हो गई थी। हालांकि अभी भी कुछ ऐसे विभाग हैं, जिन्हें लग रहा है की डेट लाइन और बढ़ाई जाएगी।

सभी विभाग तैयारियों में जुटे

स्कूल शिक्षा विभाग ने 3 दिन में जिलों से मंगाई जानकारी

स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. संजय गोयल ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश के सभी 55 जिलों के जिला शिक्षा अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि वे रिक्त पदों की जानकारी तीन दिन के अंदर मुख्यालय भेजें। इसके बाद ही स्कूल शिक्षा विभाग में रिक्त पदों पर तबादले की प्रक्रिया शुरू हो पाएगी। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि आपकी जानकारी पूरी तरह से दुरुस्त और सही होनी चाहिए। यदि कहीं से कोई गलत जानकारी मिली तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जबकि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में मुख्यालय स्तर पर तबादले की प्रक्रिया शुरू की गई है, किंतु मंत्रालय में इसकी जानकारी नहीं है।

सालों बाद मंत्री मंत्रालय में बैठक करते दिखे

काफी समय पहले तक विभागीय मंत्री कैबिनेट की बैठक के दिन और उससे एक दिन पहले अनिवार्य रूप में मंत्रालय स्थिति अपने कक्ष में बैठते थे। वे दूर दराज से आए आम लोगों की समस्याएं भी सुनते थे। किंतु अब यह सब खत्म हो गया है। विभागीय मंत्री कैबिनेट के दिन भी अपने कक्ष में नहीं बैठते। वे कैबिनेट के दिन उसी वक्त बैठक में पहुंचते हैं और बैठक के तुरंत बाद अपने निवास पर चले जाते हैं। मंत्रियों के इस रवैए की वजह से दूर दराज के जिलों से आने वाले आम लोगों की सुनवाई तो दूर उनकी समस्या भी कोई नहीं सुनता।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने की भवन निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण समिति की बैठक

2027 तक पूरा किया जाए कार्यालयों का निर्माण कार्य, स्थापना दिवस पर होगा लोकार्पण : खंडेलवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में भवन निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण समिति की बैठक की।



बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल ने कहा कि जिन जिला कार्यालयों का निर्माण कार्य चल रहा है, उन्हें समय-सीमा में पूरा किया जाए। इस वर्ष पार्टी के स्थापना दिवस पर जिन जिला कार्यालयों का भूमि-पूजन किया गया है, उन सभी का निर्माण कार्य वर्ष 2027 में पार्टी के स्थापना दिवस से पूर्व पूर्ण किया जाए। संगठन ने अगले वर्ष पार्टी के स्थापना दिवस पर निर्माणाधीन जिला कार्यालयों के लोकार्पण का लक्ष्य रखा है। जिन जिलों के कार्यालय पुराने हो गए हैं, उन्हें आवश्यकता के अनुरूप नवीनीकरण तथा कार्यकर्ताओं की सुविधा के अनुरूप और व्यवस्थित किया जाए।

निर्माणाधीन जिला कार्यालयों की समीक्षा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने निर्माणाधीन जिला कार्यालयों के प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। खंडेलवाल ने कहा कि जिन जिला कार्यालयों में पुनरूद्धार कराया जाना आवश्यक है, उनकी रिपोर्ट भी जिलों से बुलाकर कार्य प्रारंभ कराया जाए। आने वाले समय में सभी जिला कार्यालयों में वीडियो कांफ्रेंसिंग व वर्चुअल बैठक की व्यवस्था की जाए।

शिक्षा में बाधा न बने किसी भी विद्यार्थी की आर्थिक स्थिति

'कॉलेज चलो अभियान' जारी, स्टूडेंट फ्रेंडली शिक्षा पर जोर

केवल डिग्री तक सीमित न रहे शिक्षा रोजगार से भी जुड़ेः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि शिक्षा केवल डिग्री तक सीमित न रहे, बल्कि कौशल विकास और रोजगार से भी जुड़े। राज्य सरकार के लिए यह प्राथमिकता का विषय है और प्रदेश में नई शिक्षा नीति के जरिए शिक्षा को रोजगार, उद्यमिता, तकनीक और नवाचार से जोड़ा जा रहा है। राज्य सरकार यह प्रयास कर रही है कि प्रदेश का कोई भी युवा उच्च शिक्षा से वंचित न रहे और प्रत्येक छात्र-छात्रा अपनी प्रतिभा के अनुसार आगे बढ़े। संपूर्ण प्रदेश में 'कालेज चलो अभियान' 31 मई से आरंभ किया गया है। अभियान का प्रमुख उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कक्षा 12वीं के बाद कोई भी प्रतिभाशाली विद्यार्थी, अवसरों के अभाव में उच्च शिक्षा से वंचित न रहे।

प्रदेश में चल रही सीखो-कमाओ योजना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शासकीय महाविद्यालयों में एक विषय के रूप में कृषि को जोड़ा गया है और विद्यालयों में पायलट ट्रेनिंग के लिए कोर्स शुरू किए जा रहे है। युवाओं को संत शिरोमणी रविदास ग्लोबल स्किल पार्क में वर्ल्ड क्लास एडवांस्ड तकनीक की ट्रेनिंग मिल रही है। प्रदेश में सीखो-कमाओ योजना भी चल रही है, जिसके माध्यम से युवा डायरेक्ट इंडस्ट्री से लर्न भी कर रहे हैं और अर्न भी।

भोपाल अंतरराष्ट्रीय महोत्सव का समापन

भोपाल की शान हैं झील और पहाड़ियां, इन्हें बचाना होगा

महोत्सव में उपस्थित अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल अंतरराष्ट्रीय महोत्सव एवं परिसंवाद के तीसरे संस्करण का मंगलवार को समापन हुआ। दो दिनी इस कुशाभाऊ इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में हुए दो दिनी इस कार्यक्रम का आयोजन सामाजिक संस्था भोपाल इंटरनेशल सेंटर की ओर से आयोजित किया गया था।

शुरुआत में पीएसबीटी की फिल्म वेटिंग फॉर द किंग्स का प्रदर्शन हुआ। इसके बाद औपचारिक उद्घाटन सत्र में 'शेपर्स ऑफ भोपाल' विषय पर चर्चा हुई। वरिष्ठ साहित्यकार एवं चिंतक अशोक वाजपेयी ने ऑनलाइन संबोधन में भोपाल के साथ अपने संबंधों और शहर की सांस्कृतिक विरासत पर प्रकाश डाला। फ्लैगशिप कोलोक्वियम में भोपाल सिटीजंस फोरम के सदस्य, मनोज मीक, प्रो. एचएम मिश्रा, मैनिट की प्रो. सविता राजे पद्मश्री डॉ. किरण सेठ ने संबोधित किया।

परियोजनाओं में देरी क्यों, जान सकेंगे अफसर

इंटीग्रेटेड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिस्टम पर काम करेगा लोक निर्माण विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश का लोक निर्माण विभाग अब इंटीग्रेटेड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिस्टम पर काम करेगा। इससे विभिन्न परियोजनाओं में हो रहे कामों की वास्तविक स्थिति, प्रगति और देरी के कारण और आवश्यक कार्रवाई की जानकारी तुरंत उपलब्ध हो सकेगी। एकीकृत प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिस्टम भास्कराचार्य संस्थान तैयार करेगा। भास्कराचार्य संस्थान एकीकृत डैशबोर्ड भी तैयार करेगा। इससे सभी परियोजनाओं की निगरानी की जा सकेगी। इस डैशबोर्ड में राज्य की सभी निर्माण परियोजनाओं की प्रगति एक ही प्लेटफार्म पर दिखाई देगी। इसे प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिस्टम से जोड़ा जाएगा। पीएम गति शक्ति पोर्टल पर भी लोक निर्माण विभाग में विभिन्न सर्वेक्षणों से प्राप्त सॉइल इन्वेस्टीगेशन का आधिकारिक डेटा अपलोड किया जाएगा।

भास्कराचार्य संस्थान एक विशेष मॉड्यूल तैयार करेगा

भास्कराचार्य संस्थान एक विशेष मॉड्यूल तैयार करेगा। इस पर विभागीय इंजीनियर सॉइल सर्वे का डेटा अपलोड करेंगे। इसके अलावा भूमिगत जल स्तर, जलस्त्रोतों, उपयोगिताओं और अन्य भू-स्थानिक जानकारियों का डेटा भी पीएम गति शक्ति पोर्टल से उपलब्ध कराया जाएगा। इसका उपयोग सड़क और पुल बनाने की परियोजनाओं की डीपीआर बनाने और सड़क किनारे रिचार्ज बोर के लिए स्थान निर्धारण में किया जाएगा। इससे सड़क किनारे रिचार्ज बोर, जलसंरक्षण के कार्य और भविष्य की परियोजनाओं की योजना अधिक से अधिक वैज्ञानिक तरीके से बनाई जा सकेगी। एक ऐसा मॉड्यूल भी विकसित किया जाएगा जो सड़कों की जियोमेट्री और जंक्शनों का मूल्यांकन भारतीय सड़क कांग्रेस के मानकों के आधार पर कर सके।

मंत्री सारंग और मंत्री पटेल ने किया कार्यकर्ताओं से संवाद

यूसीसी देश के लिए जरूरी, मध्य प्रदेश में जल्द लागू होगी : मंत्री विश्वास

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

ममप्र शासन के कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग एवं मंत्री लखन पटेल ने बुधवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद किया। इस दौरान दोनों मंत्रियों ने कार्यकर्ताओं की जनसमस्याओं को सुना और त्वरित समाधान किया। जिन समस्याओं का तत्काल समाधान नहीं किया जा सका, उन्हें संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजा गया है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए उनकी कठिनाइयों को समझा और उन्हें जल्द से जल्द समाधान कराने का आश्वासन दिया।

इस दौरान मंत्री विश्वास सारंग ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि समान नागरिक संहिता (यूसीसी) देश की आवश्यकता है। भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक देश में सभी नागरिकों के लिए एक समान कानून होना चाहिए।

कांग्रेस पूरी तरह से हताशा की स्थिति में

भाजपा कार्यकर्ताओं से संवाद करते मंत्री सारंग व पटेल।

मंत्री सारंग ने कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि कांग्रेस वर्तमान में पूरी तरह से हताशा की स्थिति में है। कांग्रेस में लोग सिर्फ पद और प्रतिष्ठा के लिए काम करते हैं। कांग्रेस की स्थिति प्रदेश में ही नहीं पूरे देश में खराब है। इस अवसर पर तीर्थ स्थान एवं मेला प्राधिकरण अध्यक्ष विनोद गोटिया उपस्थित रहे।

पुलिस डायरी



इलाके में लूट से परेशान थाना प्रभारी

राजधानी के एक थाना प्रभारी लुटेरो से परेशान है। उनके थाना क्षेत्र में लगातार हो रही वारदात से वह परेशान है। झपटमारों पर नकेल कसने की बजाय उन्होंने लोगों को समझाइश देनी शुरू कर दी। टीआई ने स्टाफ को कहा कि उन इलाकों का भ्रमण करें, जहां अधिक झपटमारी की घटनाएं हो रही है। वहां लोगों को बताए कि वह पैदल चलते समय मोबाइल पर बातचीत न करें। यदि जरूरी है तो मोबाइल बांए कान पर रखकर बात करें। इसके अलावा आसपास से गुजरने वाले बाइक सवारों पर भी ध्यान रखें। उनकी इस पहल से झपटमारी की घटनाएं थोड़ी कम जरूर हुई है, लेकिन झपटमार कम नहीं हुए।

अखबार पर खीज निकालते टीआई

राजधानी के एक थाने के प्रभारी इलाके में हुई हाईप्रोफाइल घटना से खासे परेशान है। अक्सर पत्रकारों से बातचीत करने से बचने वाले टीआई खुद को इतना व्यस्त बताते है कि बात करना ही नहीं चाहते। अभी हाल ही में उनसे बातचीत हुई तो कहने लगे कि आप तो हरकुछ लिख रहे हो। जो मर्जी आती है लिख देते हो। अब थाना प्रभारी को कौन बताए कि पत्रकारों को जानकारी वे ही साझा नहीं करते हैं, बल्कि पत्रकारों के भी अपने सूत्र होते हैं। यह वहीं थाना प्रभारी है, जिनसे स्टाफ के लोग भी परेशान है। अपने थाने में खड़ी चार्ली की बाइक तक सुधरवा नहीं सके हैं। लिहाजा खुद की बाइक से चार्ली को इलाके में गश्त करनी पड़ रही है।

गिरीबाला केस से दो अफसरों के बीच बड़ी टेंशन का करंट

मध्य प्रदेश में इन दोनों एक आईएएस अफसर बहुत चर्चा में है. उसके पीछे की वजह है कि गिरीबाला केस में दोनों अफसर ने मदद की। दोनों ही मध्य प्रदेश में अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवा की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं, लेकिन उनके परिवार में भी गिरीबाला जैसी स्थिति बनी हुई है। पूर्व में तलाक के बाद पत्नी की मां ने अफसर पर कई गंभीर आरोप लगाए, लेकिन मामला यह मंत्रालय तक ही सीमित रह गया। गिरीबाला का जिक्र हो रहा है तो वह मामला भी चर्चा में इन दोनों मंत्रालय में बना हुआ है। खैर अधिकारी एक दो शादी तो कर ही चुके हैं, पुराने पाप भी उनको याद आ रहे हैं। बताया जाता है कि पहली पत्नी से विवाद हुआ। उससे मारपीट हुई और बाद में तलाक हो गया अब चर्चा में है कि गिरीबाला का ग्राउंड बनाकर कहीं अधिकारी के खिलाफ दोबारा शिकायत न हो जाए। जिससे उनकी मुश्किल बढ़ जाए, हालांकि अधिकारी काफी ज्यादा लूप लाइन में रहना पसंद करते हैं। इसलिए अखबार की सुर्खियां नहीं बन पा रहे हैं।

-प्रकाश भोमरकर

सिंह, नाथ, पटवार, सिंघार, यादव व पटेल दिल्ली पहुंचे

राहुल गांधी खरगे करेंगे चर्चा

मप्र राज्यसभा सीटः कांग्रेस आलाकमान ने बुलाई दिल्ली बैठक दिग्विजय-कमलनाथ समेत सभी गुटों को साधने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश से राज्यसभा की खाली हो रही एक सीट पर प्रत्याशी तय करने को लेकर कांग्रेस में सियासी सरगर्मी बढ़ गई है। पार्टी आलाकमान ने प्रदेश के सभी बड़े नेताओं को दिल्ली तलब किया है। मकसद साफ है नाम पर आम सहमति बनाना और गुटबाजी रोकना। बुधवार को पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह, पूर्व सीएम कमलनाथ, पीसीसी चीफ जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार दिल्ली पहुंच गए। इनके अलावा पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव भी दिल्ली में डेरा डाले हुए हैं। सूत्रों की मानें तो पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी इन नेताओं से अलग-अलग और फिर सामूहिक बैठक करेंगे।

कांग्रेस जल्द प्रत्याशी का करेगी ऐलान

बैठक के बाद नाम तय होते ही कांग्रेस आधिकारिक घोषणा कर देगी। नामांकन की आखिरी तारीख नजदीक है, इसलिए पार्टी जल्द फैसला लेना चाहती है। अगर आम सहमति नहीं बनी तो आलाकमान को सीधे नाम का ऐलान करना पड़ सकता है। कांग्रेस सूत्रों का दावा है कि अगले 2 दिन में प्रत्याशी के नाम पर मुहर लग जाएगी।

क्यों अहम है यह सीट

मध्यप्रदेश विधानसभा में कांग्रेस विधायकों की मौजूदा संख्या के हिसाब से राज्यसभा की यह सीट जीतना लगभग तय है। इसीलिए दावेदारों की लंबी लिस्ट है। दिग्विजय सिंह का कार्यकाल खत्म हो रहा है और वे फिर से दावेदार हैं। वहीं कमलनाथ खेमे से सज्जन सिंह वर्मा और नकुल नाथ के नाम की चर्चा है। ओबीसी और आदिवासी चेहरे के तौर पर कमलेश्वर पटेल और उमंग सिंघार का नाम भी चल रहा है।

आलाकमान की चुनौती

कांग्रेस के सामने सबसे बड़ी चुनौती सभी गुटों में संतुलन बनाना है। 2023 विधानसभा हार के बाद पार्टी में गुटबाजी खुलकर सामने आई थी। लोकसभा चुनाव 2024 में भी प्रदेश में प्रदर्शन कमजोर रहा। ऐसे में आलाकमान राज्यसभा सीट के जरिए संदेश देना चाहता है कि पार्टी एकजुट है। दिल्ली पहुंचे एक वरिष्ठ नेता ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, ₹आलाकमान जो तय करेगा सबको मंजूर होगा। बैठक का मकसद सिर्फ एक राय बनाना है।

खबर संक्षेप

छींद धाम पहुंचे पटेल समेत अन्य पदाधिकारी

औबेदुल्लगंज। पूर्व शिक्षा मंत्री राजकुमार पटेल, संजय सिंह, हरजीत सिंह मंगू, विवेक राय और सभी नवनियुक्त जिला पदाधिकारी ने मंगलवार को बरेली स्थित छींद धाम पहुंच कर हनुमान जी के दर्शन किए और उनकी आरती की। सभी ने प्राचीन मंदिर छींद धाम में हनुमान जी दर्शन कर सुखमय जीवन की प्रार्थना की।

कांग्रेस के पंकज बना सकते हैं नई पार्टी

औबेदुल्लागंज। कुछ दिनों से नागरानी कांग्रेस के कार्यक्रमों से दूरी बनाए हुए हैं। पंकज नागरानी से फोन पर पूछा तो वे बोले मैं कई लोगों से चर्चा कर नई पार्टी बनाने पर विचार कर रहा हूं। मैं अभी कांग्रेस में ही हूं मेरे सहयोगी दुर्गेश यादव से मार्गदर्शन मांगा है।

नगर पंचायत उपाध्यक्ष ने की सीएमओ की प्रशंसा

औबेदुल्लागंज। नगर पंचायत उपाध्यक्ष नमीता अग्रवाल, पार्षद दीपू परमार, भारती नरेश सेठी, सरोज रामेश्वर नागर ने किरण रहंगडाले नगर परिषद सीएमओ की प्रशंसा करते हुए कहा कि सीएमओ सब पार्षदों की बातें सुनतीं हैं और वार्डों का दौरा भी करती हैं। नगर की कई महिलाएं-पुरुष आते हैं तो उनसे चर्चा कर उनकी समस्याओं का समाधान भी करती हैं। सीएमओ नगर के विकास के लिए चर्चा करती है। सीएमओ विधायक सुरेंद्र पटवा की मंशा अनुरूप सबका साथ नगर का विकास और पीड़ित लोगों की समस्याओं को शीघ्र हल करने के लिए प्रयास करती हैं। सीएमओ की प्रशंसा व्यापार संघ, भाजपा नेता आरती यादव, वचन लोधी, धर्मेंद्र चौरसिया, माखन सिंह, पुरुषोत्तम शर्मा, मनोज चौरसिया आदि ने की।

भाजपा नेता ने जन्मदिन पर रोपे अमरूद के पौधे

मंदीदीप। नगर के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर जाखला धाम परिषर में भाजपा नेता घनश्याम गोस्वामी ने बुधवार को अपने जन्म दिवस पर मंदिर के पुजारी और संत के साथ अमरूद के पौधे रोपे। घनश्याम गोस्वामी ने बताया कि हमें पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अपने जन्मदिन पर एक पेड़ लगाना आवश्यक है। इस दौरानद उन्होंने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया। इसी मौके पर जाखला मंदिर के मुख्य पुजारी ब्रजकिशोर शर्मा, पूर्व सरपंच विनोद मालवीय, देवेन्द्र कुशवाहा, मंदिर के नागा साधु भक्त मौजूद रहे।

रेलवे पटरी पर मिले शव की नहीं हुई शिनाख्त

भोपाल। खजूरी सड़क इलाके में रेलवे पटरी पर मिले युवक के शव की अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। लाश मिलने की सूचना और हुलिए की जानकारी सभी थानों को भेज दी गई है। जानकारी के अनुसार सोमवार की शाम को एक युवक खजूरी सड़क स्थित धामनिया रेलवे फाटक के पास एक युवक झाडियों में छिपकर बैठा हुआ था। शाम करीब छह बजे जैसे ही ट्रेन आई, युवक ने उसके सामने छलांग लगा दी, जिससे उसकी मौत हो गई थी।

शुभांक

कल्याण:	2749		
दिन:	139	31	380
रात:	250	78	459
तारा:			
दिन:	358	66	457
रात:	790	66	259

हत्या करने के लिए आया था आरोपी, पहले हुए विवाद के बाद अलग रह रही थी युवती

पूर्व लिव-इन पार्टनर ने युवती पर ताबड़तोड़ चाकू से किया जानलेवा हमला, बचाने के प्रयास में बड़ी बहन भी घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छोला मंदिर थाना क्षेत्र के शंकर नगर में मंगलवार शाम पूर्व लिव-इन पार्टनर ने युवती पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गर्दन, चेहरा, पीठ और हाथ में उसे गंभीर चोट हैं। उसे बचाने आई बड़ी बहन पर भी बदमाश ने चाकू से हमला किया है, जिससे उसका गाल बुरी तरह से कट गया। वारदात की वजह युवती की आपसी अनबन की बात सामने आई है। अनबन के बाद युवती आरोपी से अलग रह रही थी। आरोपी हत्या करने के इरादे से आया था। यदि बड़ी बहन और आसपास के लोग बीच बचाव नहीं करते तो आरोपी उसे मौत के घाट उतार देता। पुलिस ने हत्या का प्रयास समेत अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार शंकर नगर छोला निवासी

रोशनी अहिरवार (23) गृहणी है। मंगलवार दो जून की शाम करीब 4 बजे वह अपनी छोटी बहन के साथ घर जा रही थी। इस दौरान शंकर नगर में आरोपी अक्षय चंदेल मिल गया। उसने दोनों को रोक लिया और पुरानी बात को लेकर विवाद करने लगा। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने अपनी जेब से चाकू निकालकर रोशनी की छोटी बहन पर हमला कर दिया। आरोपी ने जान से मारने की नीयत से युवती के गर्दन, चेहरे, पीठ व हाथों पर चाकू से हमला कर दिया। रोशनी ने बचाने की कोशिश की तो आरोपी ने उसके बाएं गाल पर भी चाकू से वार किया था। इससे रोशनी का गाल कट गया।

दोनों बहनों के शोर मचाने पर लोग वहां पर इकट्ठा हो गए। लोगों को आता देख आरोपी अक्ष चंदेल वहां से भाग निकला। जाते-जाते भी वह युवती को जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। पुलिस ने बताया कि आरोपी प्रीत नगर का रहने वाला है। फरियादी की छोटी बहन के साथ मालीखेड़ी में कुछ समय तक लिव-इन में रहा। बाद में आपसी अनबन के चलते युवती उसे छोड़कर अपने घर आकर रहने लगी। तभी से आरोपी रंजिश रखे हुए था। उसकी तलाश की जा रही है।

रिटायर्ड रेलकर्मी की बेटी ने फांसी लगाकर दी जान

चाचा के मोबाइल पर आया था दोस्त का कॉल, बात करने के बाद कमरे में लगाई फांसी

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित उज्जवल सिटी रास्लाखेड़ी रिटायर्ड रेलकर्मी की बेटी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। आत्महत्या से पहले उसके चाचा के मोबाइल पर किसी युवक का कॉल आया था। कॉल पर उसने बात की और अपने कमरे में जाकर फांसी लगा ली। प्राथमिक जांच में मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा नजर आ रहा है। पुलिस मोबाइल की सीडीआर निकलवा रही है।

पुलिस के अनुसार सिद्धिका अहिरवार पिता श्यामलाल अहिरवार (18) उज्जवल सिटी रास्लाखेड़ी में रहती थी। उसके पिता श्यामलाल अहिरवार रेलवे से रिटायर्ड हैं। श्यामलाल अहिरवार के तीन बच्चे थे। दो बड़े बेटे हैं, जबकि छोटी बेटी सिद्धिका अहिरवार पढ़ाई छोड़ चुकी थी और घर में ही रहती थी। परिजन ने बताया कि सिद्धिका किसी युवक से मोबाइल पर बातचीत करती थी। उसके पास मोबाइल नहीं था। वह परिवार के सदस्यों के मोबाइल से बातचीत करती थी। मंगलवार सुबह भी उक्त युवक का कॉल सिद्धिका के चाचा के मोबाइल पर आया था। उसने मोबाइल पर बात की और अपने कमरे में चली गई। काफी देर तक उसने दरवाजा नहीं खोला तो बड़े भाई सचिन ने दरवाजा तोड़ दिया। दरवाजा तोड़ने पर सिद्धिका का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। उसकी मौत हो चुकी थी। परिजन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एफएसएल की मदद से घटनास्थल का निरीक्षण कराने के बाद शव पीएम के लिए मचूरी भेज दिया है। बुधवार को शव का पीएम कराने के बाद परिजन को सौंप दिया गया है।

हथाईखेड़ा रोड स्थित सिविल अस्पताल बदहाल, असुविधाओं के कारण मरीजों को हो रही भारी परेशानी

सिविल अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट ही नहीं, गर्भवती महिलाएं बाहर सोनोग्राफी जांच कराने के लिए मजबूर

शिवनारायण सोनी ▶▶ भोपाल

भेल क्षेत्र के आनंद नगर हथाईखेड़ा रोड स्थित सिविल अस्पताल इन दिनों बदहाली से गुजर रहा है। यहां न तो ऑर्थोपेडिक डॉक्टर हैं और न ही स्किन के स्पेलिस्ट। वहीं रेडियोलॉजिस्ट के न होने से गर्भवती महिलाओं को काफी परेशानी हो रही है। उन्हें जांच के लिए जयप्रकाश, हमीदिया या फिर प्राइवेट अस्पताल में जाना पड़ रहा हैं।

गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र के एक मात्र शासकीय सिविल अस्पताल में पूर्ण सुविधा उपलब्ध न होने पर मरीजों को संपूर्ण इलाज नहीं मिल पा रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी गर्भवती महिलाओं को होती है, जिन्हें सोनोग्राफी जांच के लिए डॉक्टर लिखते तो हैं पर अस्पताल में इसकी सुविधा उपलब्ध न होने के कारण उन्हें बाहर प्राइवेट में मोटी फीस देकर करवानी पड़ रही है। खास बात तो यह है कि इतने बड़े अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति आज तक नहीं की गई है। यहां आने वाले मरीजों का कहना है कि अस्पताल में सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध हो जाती तो हमें और गर्भवती महिलाओं को यह जांच कराने बाहर न जाना पड़ता।

◆ अस्पताल में लगी एक्स-रे मशीन पिछले डेढ माह से खराब, मरीज काट रहे अस्पताल के चक्कर

अलग खबर

रोजाना एक दर्जन से ज्यादा आते हैं मरीज

अस्पताल में लगी एक्स-रे मशीन पिछले डेढ़ महीने से खराब है। लोगों को एक्स-रे के लिए यहां वहां भटकना पड़ रहा है। सूत्रों ने बताया कि अस्पताल में प्रतिदिन एक्स-रे के लिए करीब एक दर्जन से अधिक मरीज आते हैं। मशीन खराब होने से उन्हें इसका लाभ नहीं मिल रहा है।

रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति के लिए लिखा है पत्र

अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन नहीं है। हमने मशीन के लिए शासन को पत्र लिखा है। अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर के नियुक्ति होने के बाद सोनोग्राफी मशीन भी उपलब्ध हो जाएगी, क्योंकि सोनोग्राफी मशीन का रजिस्ट्रेशन रेडियोलॉजिस्ट के रजिस्ट्रेशन पर ही रजिस्टर्ड होता है। वहीं एक्स-रे मशीन का यूपीएस खराब है। हमने शासन को पत्र लिखा है।

डॉ. संजय खरे, मेडिकल स्पेशलिस्ट प्रभारी, सिविल अस्पताल, गोविंदपुरा

रेडियोलॉजिस्ट मिलना बहुत मुश्किल का काम

रेडियोलॉजिस्ट तो पूरे प्रदेश में ही नहीं है, हम कहां से लाएं। वेकेंसी निकाली हैं, कोई आता ही नहीं है, हम क्या करें? रेडियोलॉजिस्ट मिलना बहुत मुश्किल का काम है, जैसे ही कोई डॉक्टर हमें मिलता है हम सिविल अस्पताल में नियुक्त कर देंगे। एक्स-रे मशीन खराब होने की सूचना हमारे पास नहीं है, आप ने बताया है तो हम इस मामले को देखते हैं।

डॉ. मनीष शर्मा सीएमएचओ, भोपाल

सीएमएचओ और केंद्रीय मंत्री को दिया है आवेदन

अस्पताल में स्टाफ नहीं है, इसके साथ ही सोनोग्राफी की व्यावस्था भी नहीं है। एमबीबीएस करके जो भी आते हैं वे कम सैलरी में काम नहीं करना चाहते। रेडियोलॉजिस्ट जो भी निकलते हैं वे बड़े-बड़े अस्पतालों में चले जाते हैं, क्योंकि उन्हें पैसा अधिक मिलता है। मैंने दो साल पहले पीएमओ को लेटर भेजा था। मैंने स्वयं दिल्ली जाकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा को आवेदन दिया है। एक्से-रे मशीन खराब है, इसकी जानकारी मुझे है। उसका कोई पार्ट नहीं मिल रहा है, जैसे ही पार्ट उपलब्ध हो जाएगा, मशीन ठीक हो जाएगी। मैने इस संबंध में भी सीएमएचओ को तीन महीने पहले हुई बैठक में बताया था।

राजेश चौकसे, पार्षद, वार्ड 62

युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत, मर्ग कायम

भोपाल। छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित भानपुर मल्टी में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह रात में खाना खाने के बाद सोया था, लेकिन सुबह उसकी नींद नहीं खुली। शरीर में हलचल नहीं होने के कारण मां उसे अस्पताल लेकर पहुंची, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार शुभम जोंजारे पिता कुंवरलाल जोंजारे (27) मूलतः बैतूल का रहने वाला था। उसके पिता कुंवरलाल जोंजारे शासकीय प्रेस में नौकरी करते हैं और उनकी ड्यूटी अभी ग्वालियर में है। शुभम जोंजारे की 12 साल की उम्र में आंख की रोशनी चली गई थी। वह दिव्यांग जनों के लिए बनाए गए इंदौर के स्टडी सेंटर में रहकर पढ़ाई कर रहा था और बैंक की परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। परिजन ने बताया कि एक महीने पहले ही शुभम घर आया था। सोमवार रात उसने खाना खाया और सो गया। सुबह उसकी नींद नहीं खुली। मां ने उसे चाय पीने के लिए उठाया, लेकिन उसके शरीर में हलचल नहीं हो रही थी। मां उसे अस्पताल लेकर पहुंची, वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

तहसीलदार को ज्ञापन देने पहुंचे युकां के पूर्व जिला अध्यक्ष नागर व अन्य।

युकां के पूर्व जिला अध्यक्ष नागर ने सौंपा ज्ञापन

केंद्रीय मंत्री शिवराज के संसदीय क्षेत्र में किसानों को नहीं मिला गेहूं का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लगंज

युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष परेश नागर ने बुधवार को गौहरगंज तहसील कार्यालय पहुंचकर अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। उनका कहना है कि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के संसदीय क्षेत्र रायसेन जिले की गौहरगंज तहसील में सैकड़ों किसान पिछले दो महीनों से गेहूं के भुगतान के लिए भटक रहे हैं। उन्होंने बताया कि किसानों का गेहूं स्लॉट बुकिंग के माध्यम से खरीदी केंद्रों पर तौला गया, लेकिन सर्वर संबंधी समस्याओं के कारण बिल जनरेट नहीं किए गए। अब किसानों को अपना गेहूं वापस ले जाने के लिए कहा जा रहा है। जिले के लगभग 500 से अधिक किसान इस समस्या से प्रभावित हैं।

परेश नागर ने कहा कि प्रशासनिक लापरवाही और तकनीकी खामियों का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है। भुगतान न मिलने से किसान मजबूरी में अपनी उपज समर्थन मूल्य से कम कीमत पर बेचने को विवश हैं। उन्होंने शासन और प्रशासन से मांग की है कि सभी प्रभावित किसानों का तत्काल भुगतान सुनिश्चित किया जाए तथा दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

सुदामा प्रसंग के बाद श्रीमद् भागवत कथा का समापन

भगवान भाव और भक्ति के भूखे होते हैं, न कि संपत्ति के: मंजरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

विजय नगर, लालघाटी स्थित महामृत्युंजय मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का समापन बुधवार को सुदामा चरित्र के भावपूर्ण वर्णन एवं श्रीमद्भागवत महापुराण पर भोग अर्पण के साथ संपन्न हुआ। कथा के अंतिम दिवस बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर कथा श्रवण किया।

कथा के अंतिम दिन पूर्व मंत्री पीसी शर्मा भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा भारतीय संस्कृति, सनातन मूल्यों एवं मानव जीवन को दिशा देने वाला दिव्य ग्रंथ है। कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने का प्रभावी

कथा का वाचन करतीं साध्वी मंजरी प्रिया।

माध्यम है। बुधवार को कथावाचिक साध्वी मंजरी प्रिया ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि सच्ची भक्ति, विनम्रता और श्रद्धा से किया गया समर्पण भगवान को प्रिय होता है। सुदामा चरित्र हमें यह संदेश देता है कि भगवान अपने भक्तों के प्रेम और भाव के भूखे होते हैं, न कि धन-संपत्ति के। समापन पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किए।

पटवा ने केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान से की भेंट

औबेदुल्लागंज। विधायक सुरेंद्र पटवा ने अपने दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान से सौजन्य भेंट की। इस मुलाकात के दौरान पद्मविभूषण स्वर्गीय सुन्दरलाल पटवा एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री पद्मभूषण स्वर्गीय रामविलास पासवान के राजनीतिक जीवन, जनसेवा और उनके योगदान पर विशेष चर्चा की। उनके व्यक्तित्व एवं सार्वजनिक जीवन से जुड़ी अनेक प्रेरणादायी स्मृतियों का भी आदान-प्रदान किया।

मारपीट के दोषी गार्ड एवं उसके पुत्र को 2 वर्ष का कारावास

भोपाल। कार टकराने के मामूली विवाद को लेकर रहवासी के ऊपर हंसिया से हमला कर गंभीर रूप से घायल करने वाले आरोपी प्रेम नारायण नामदेव (58) एवं उसके पुत्र विजय नामदेव (30) निवासी बावड़िया कलां तहसील कोलार भोपाल मप्र को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीलू संजीव श्रृंगी ऋषि ने दोषी ठहराते हुए 2 वर्ष के सश्रम कारावास और 4000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

अभियोजन के अनुसार 24 मई 2020 को सुबह 10:30 बजे ओपल एवेन्यू कॉलोनी शाहपुरा भोपाल निवासी फरियादी आशीष जैन की कार से कॉलोनी के गार्ड प्रेम नारायण नामदेव को मामूली टक्कर लग गई थी। इस बात से नाराज होकर आरोपी प्रेमनारायण नामदेव ने कॉलोनी में ही अपने साथ गार्ड की नौकरी करने वाले अपने पुत्र विजय नामदेव को बुलाकर फरियादी के ऊपर हंसिया से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। आरोपियों ने फरियादी की कार में भी जमकर तोड़ फोड़ कर दी थी। प्रकरण में अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक संतोष शर्मा द्वारा पैरवी की गई थी।

विजिलेंस एप से 11 परिसरों में पकड़ाई बिजली चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के भोपाल शहर संभाग पूर्व अंतर्गत चांदबढ़ जोन में बिजली चोरी की शिकायतों एवं स्मार्ट मीटरों से प्राप्त संकेतों के आधार पर विशेष जांच अभियान में कार्रवाई की गई। विजिलेंस एप में दर्ज मामलों के आधार पर 11 परिसरों में बिजली चोरी पकड़ी गई।

जांच के दौरान कुल 11 परिसरों में विद्युत पोल से सीधे तार जोड़कर अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते हुए विद्युत चोरी पाई गई। सभी मामलों में नियमानुसार पंचनामा तैयार कर विद्युत अधिनियम 2003 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा रही है। कंपनी ने बताया कि स्मार्ट मीटर एवं डिजिटल निगरानी प्रणालियों के माध्यम से विद्युत चोरी पर लगातार नजर रखी जा रही है।

विद्युत चोरी की रोकथाम एवं राजस्व संरक्षण के लिए ऐसे विशेष जांच अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे। कंपनी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे वैध विद्युत कनेक्शन का उपयोग करें तथा किसी भी प्रकार की विद्युत चोरी या अनियमितता से बचें। विद्युत चोरी न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि इससे विद्युत व्यवस्था की गुणवत्ता एवं सुरक्षा भी प्रभावित होती है।

सूखीसेवनिया पुलिस ने की कार्रवाई, जुआ खेलने के आदतन हैं सभी आरोपी

निर्माणाधीन मकान में लगी थी जुए की फड़, महिला सहित 9 जुआरी गिरफ्तार, 2 लाख 32 हजार की नगदी जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सूखीसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित गांव इमलिया में डांस क्लब के पीछे निर्माणाधीन मकान में जुए की फड़ पर दबिश देकर पुलिस ने 9 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार जुआरियों में एक महिला भी शामिल है। पुलिस का कहना है कि उक्त महिला जुए में हारने वालों को रुपए उधार देने के लिए बैठी हुई थी। पुलिस ने जुआरियों के पास से 2 लाख 31 हजार 990 रुपए, दस मोबाइल, दो बाइक सहित 7 लाख 71 हजार 990 रुपए का माल जब्त किया है।

पुलिस के अनुसार मंगलवार रात मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम इमलिया स्थित डांस क्लब

पुलिस की गिरफ्त में जुआ खेलने वाले आरोपी।

के पीछे निर्माणाधी मकान में जुए की फड़ बैठी हुई है। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। मकान पर नजर रखने पर सूचना सही निकली। लिहाजा पुलिस ने मकान की घेराबंदी की।

घेराबंदी करने के बाद पुलिस ने निर्माणाधीन मकान में अंदर बैठे जुआरियों को दबोच लिया। जुआरियों की पहचान इलियास बेग उर्फ कुच्ची (45) बाणगंगा दशहरा मैदान, विशाल जोशी उर्फ विक्की (24) बैरसिया, आशीष परिहार उर्फ आकाश (33) ईश्वर नगर, आशीफ खान उर्फ कौआ (35) जहांगीराबाद, शुभम मालवीय (22) करोंद, ललित सेन (29) ईंटखेड़ी, गोलू सिलावट (35) कल्याणपुर, विकास नरवरिया (28) करोंद, और संगीता पाटिल (42) ओम नगर को गिरफ्तार किया है।

पुराने जुआरी हैं आरोपी

पुलिस ने आरोपियों का रिकॉर्ड खंगाला तो पता चला कि इलियास बेग पर पूर्व में जुआ एक्ट के 7 प्रकरण दर्ज हैं। विशाल जोशी उर्फ विक्की पर 4, आशीफ खान उर्फ कौआ आर्म्स एक्ट और जुआ 14, आशीष परिहार पर मारपीट, आर्म्स एक्ट सहित जुआ एक्ट के 4, ललित सेन पर जुआ एक्ट के 5, विकास नरवरिया पर 1 और गोलू सिलावट पर एक प्रकरण जुआ एक्ट की धारा में है। महिला आरोपी संगीता पाटिल पर भी गुनगा में जुआ एक्ट और जहांगीराबाद में मारपीट का प्रकरण दर्ज है।

पुलिस ने किया कंटेनर जब्त, जांच की शुरू

भदभदा मेन रोड पर कंटेनर की टक्कर से राहगीर की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र स्थित भदभदा मेन रोड पर कंटेनर की टक्कर से राहगीर की मौत हो गई। घटना 30 मई की रात की है। गंभीर रूप से घायल राहगीर को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बुधवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। आरोपी चालक कंटेनर छोडकर फरार हो गया था। मृतक की शिनाख्त उसके पास मिले आधार कार्ड के माध्यम से हो सकी। फिलहाल परिजन का पता नहीं चल सका है। पुलिस ने कंटेनर जब्त कर जांच शुरू कर दी है।

मृतक के परिजनों की तलाश के लिए पुलिसकर्मी दीवानगंज रवाना हो गए हैं। पुलिस के अनुसार भदभदा मेन रोड पर विगत 30 मई की रात करीब 8 बजे चालक ने लापरवाही से कंटेनर चलाते हुए पैदल जा रहे राहगीर को टक्कर मार दी। बेहोशी की हालत में घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसके पास मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान भजनलाल पिता धन्नालाल (45) निवासी दीवानगंज के रूप में हो सकी। प्रधान आरक्षक चितरंजन मीना का कहना है कि प्रयास के बाद भी मृतक के परिजनों से संपर्क नहीं हो सका है। न ही अब तक कोई परिजन शिनाख्त के लिए थाने पहुंचा।

मुद्रास्फीति जोखिमों के बीच केंद्रीय बैंक वित्त वर्ष 2026-27 में कड़ा रुख अपनाएगा

आरबीआई की ब्याज दर यथावत रहने से वृद्धि को मिलेगी स्थिरता एसबीआई चेयरमैन के बयान को मिला उद्योग जगत का समर्थन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन सीएस शेट्टी ने बुधवार को कहा कि मुद्रास्फीति की चुनौतियों के बीच भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नीतिगत दर को यथावत रखने से आर्थिक वृद्धि को स्थिरता मिलेगी। शेट्टी ने कहा कि बाजार की अपेक्षाएं भी व्यापक रूप से ब्याज दर को यथावत बनाए रखने की ओर संकेत देती हैं।

उन्होंने कहा कि वृद्धि और मुद्रास्फीति की गतिशीलता अधिक महत्वपूर्ण है। मुझे लगता है कि दर को यथावत बनाए रखने से निश्चित रूप से हमें स्थिरता मिलेगी जिससे सुचारू वृद्धि दर सुनिश्चित हो सकेगी। अर्थशास्त्रियों एवं कोष प्रतिभागियों के एक सर्वेक्षण में 15 में से 11 उत्तरदाताओं ने आरबीआई द्वारा दरों में यथास्थिति बनाए

रखने की उम्मीद जताई है। हालांकि, अधिकतर उत्तरदाताओं का मानना है कि बढ़ते मुद्रास्फीति जोखिमों के बीच केंद्रीय बैंक वित्त वर्ष 2026-27 में आगे कड़ा रुख अपना सकता है। शेट्टी ने कहा कि कंपनी चालू कैलेंडर वर्ष में सूचीबद्ध होने का लक्ष्य रख रही है। हम इस वर्ष के दौरान इसे करने की उम्मीद करते हैं। हम रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। शेट्टी ने बताया कि एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट पहले ही अपने प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल कर चुकी है और नियामकीय मंजूरी का इंतजार कर रही है।

बैंक दस्तावेज दाखिल कर चुका और नियामकीय मंजूरी का इंतजार

बाजार की अपेक्षाएं भी ब्याज दर को यथावत बनाए रखने का संकेत देती है

एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट पहले ही कर चुकी है अपनी प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल

प्रतिनिधियों ने स्थिर रेपो रेट को अर्थव्यवस्था और विकास के लिए उपयुक्त कदम बताया

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन सीएस शेट्टी ने मौद्रिक नीति समिति की आगामी बैठक में रेपो रेट को स्थिर बनाए रखने को अर्थव्यवस्था और विकास के लिए सबसे उपयुक्त कदम बताया है। उनके इस बयान के बाद व्यापार और उद्योग जगत से मिश्रित लेकिन अधिकतर सकारात्मक प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं।

उद्योग जगत से मिला सकारात्मक समर्थन | ब्याज दरें उधारी लागत को पूर्वानुमानित बनाए रखती हैं

रियल एस्टेट सेक्टर को मजबूती मिलेगी

रियल एस्टेट डेवलपर्स और उद्योग संगठनों से जुड़े क्रेडाई भोपाल अध्यक्ष मनोज मीक ने आरबीआई के इस रुख का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि होम लोन की ब्याज दरों में स्थिरता से ग्राहकों का भरोसा बना रहेगा और आवास की मांग में सुधार होगा, जिससे सेक्टर को मजबूती मिलेगी।

दरों में वृद्धि उत्पादन और संचालन लागत को प्रभावित कर सकती है

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) सेक्टर तथा कॉर्पोरेट जगत से जुड़े और फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एफएमपीसीसीआई) के अध्यक्ष हिमांशु खरे का मानना है कि स्थिर ब्याज दरें व्यवसायों के लिए उधारी लागत को पूर्वानुमानित बनाए रखती हैं। इससे कंपनियों को वित्तीय योजना बनाने में आसानी होती है, जबकि दरों में वृद्धि उत्पादन और संचालन लागत को प्रभावित कर सकती है।

निवेश माहौल को मजबूत करेगा आर्थिक विकास को गति देगा

विनिर्माण और बुनियादी ढांचा क्षेत्र से जुड़े भोपाल लोहा व्यापारी एसोसिएशन के उपाध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने एसबीआई चेयरमैन के विचारों का समर्थन करते हुए कहा है कि भारत की दीर्घकालिक विकास क्षमता पर ध्यान केंद्रित करना आवश्यक है, न कि अल्पकालिक आर्थिक उतार-चढ़ाव पर। कुल मिलाकर विशेषज्ञों का मानना है कि यदि रेपो रेट स्थिर रहता है तो यह निवेश माहौल को मजबूत करेगा और आर्थिक विकास को गति देने में सहायक होगा।

मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ में जियो का बड़ा रिकॉर्ड

ट्राई की अप्रैल 2026 रिपोर्ट

रिलायंस जियो 5 करोड़ मोबाइल ग्राहक के करीब, ब्रॉडबैंड उपभोक्ता 20 लाख

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

रिलायंस जियो ने मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ टेलीकॉम सर्किल में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। कंपनी के मोबाइल ग्राहकों की संख्या 5 करोड़ के करीब पहुंच गई है, जबकि ब्रॉडबैंड उपभोक्ताओं का आंकड़ा 20.3 लाख से अधिक हो गया है। टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई) की अप्रैल 2026 रिपोर्ट के अनुसार, जियो इस क्षेत्र में अपनी अग्रणी स्थिति बनाए हुए है। रिपोर्ट में बताया गया है कि अप्रैल महीने में अकेले मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ में जियो से 3.5 लाख नए मोबाइल ग्राहक जुड़े। इसी अवधि में एयरटेल से लगभग 1 लाख और बीएसएनएल से करीब 10 हजार नए उपभोक्ता जुड़े।

सर्किल में कुल मोबाइल ग्राहकों की संख्या 8.6 करोड़ से अधिक दर्ज की गई है। बाजार हिस्सेदारी के लिहाज से भी जियो का दबदबा कायम है, जहां मोबाइल सेवाओं में कंपनी की हिस्सेदारी 58.1 प्रतिशत और ब्रॉडबैंड सेवाओं में लगभग 61 प्रतिशत तक पहुंच गई है।ग्राहकों की बढ़ती डिजिटल जरूरतों को देखते हुए कंपनी अपने 5जी नेटवर्क का लगातार विस्तार कर रही है। जियो के 5जी नेटवर्क पर डेटा ट्रैफिक में 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। हाल ही में रायपुर में आयोजित आईपीएल मैचों के दौरान भी भारी ट्रैफिक के बावजूद नेटवर्क और जियोहॉटस्टार सेवाओं का प्रदर्शन सुचारू रहा।

ब्रॉडबैंड सेवाओं में भी कंपनी का विस्तार तेज गति से जारी है। जियोफाइबर और जियो एयरफाइबर सेवाएं अब मप्र-छत्तीसगढ़ के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक रूप से उपलब्ध हैं।

सर्किल में कुल मोबाइल ग्राहकों की संख्या 8.6 करोड़ से अधिक दर्ज की गई

जियोफाइबर और जियो एयरफाइबर सेवाओं की व्यापाकता बढ़ी

मजबूत नेटवर्क से बनी पहचान

नए एंटरटेनमेंट पैक भी पेश किए

इसी के चलते अप्रैल में 31.5 हजार से अधिक नए ग्राहकों ने जियो ब्रॉडबैंड सेवाएं अपनाईं। कंपनी ने ग्राहकों के लिए नए एंटरटेनमेंट पैक भी पेश किए हैं, जिनके तहत मात्र 200 रुपए में 15 ओटीटी प्लेटफॉर्म्स, 1000 से अधिक टीवी चैनल और 30 जीबी डेटा की सुविधा दी जा रही है। इसके साथ ही व्यवसायों के लिए मैनेज्ड वाई-फाई समाधान भी उपलब्ध कराया गया है, जिसमें शुरुआती निवेश या महंगे उपकरणों की आवश्यकता नहीं होती। डिजिटल तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते उपयोग को देखते हुए जियो का क्लाउड-आधारित कंप्यूटिंग समाधान 'जियोपीसी' भी तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। कंपनी अपने 5जी उपयोगकर्ताओं को 500 जीबी तक क्लाउड स्टोरेज सुविधा भी प्रदान कर रही है, जो छात्रों और पेशेवरों के लिए उपयोगी साबित हो रही है। कंपनी के अनुसार, उपभोक्ताओं की बढ़ती डिजिटल आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए नेटवर्क और सेवाओं का निरंतर विस्तार किया जा रहा है।

नाबार्ड का 'आम महोत्सव 9.0' आज से

आम्रपाली, लंगड़ा, दशहरी, केसर, तोतापुरी सहित कई किस्मों के आम होंगे उपलब्ध

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी में इस वर्ष भी नाबार्ड द्वारा आम महोत्सव 9.0 का आयोजन 4 जून से 8 जून 2026 तक बिट्टन मार्केट स्थित क्षेत्रीय कार्यालय परिसर में किया जाएगा। इस महोत्सव का शुभारंभ गुरूवार को दोपहर 12 बजे होगा। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए आदिवासी किसानों द्वारा उत्पादित रसायन-मुक्त और प्राकृतिक आम शहरवासियों के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे। इन आमों को नाबार्ड समर्थित वाडी परियोजनाओं के माध्यम से तैयार किया गया है, जिनमें किसी भी प्रकार के रसायन का उपयोग नहीं किया गया है।

- रसायन-मुक्त और प्राकृतिक आम उपलब्ध कराए जाएंगे

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आदिवासी किसानों को उनके उत्पाद के लिए बेहतर बाजार उपलब्ध कराना और उनकी आय बढ़ाना है। नाबार्ड की आदिवासी विकास निधि के तहत वर्ष 2003-04 से अब तक मध्य प्रदेश में 105 परियोजनाएं स्वीकृत की जा चुकी हैं, जिनसे लगभग 80,000 परिवार लाभांवित हुए हैं और करीब 75,000 एकड़ क्षेत्र में बागवानी व कृषि गतिविधियों का विस्तार हुआ है। महोत्सव में आम्रपाली, लंगड़ा, दशहरी, केसर, चौसा, मल्लिका, राजापुरी, तोतापुरी सहित कई किस्मों के आम उपलब्ध होंगे। साथ ही जीआई टैग प्राप्त सुंदरजा आम और विशेष किस्म नूरजहाँ भी आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

इस कार्यक्रम में महिला किसानों की भागीदारी को विशेष महत्व दिया गया है, क्योंकि वर्ष 2026 को अंतरराष्ट्रीय महिला किसान वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। आयोजन के माध्यम से स्वच्छता, मृदा व जल संरक्षण, बंजर भूमि के उपयोग और महिलाओं के सशक्तिकरण पर भी जोर दिया जाएगा। महोत्सव का उद्देश्य केवल आम बिक्री नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना, पलायन को रोकना और आदिवासी समुदायों को स्थायी आजीविका प्रदान करना भी है।

उच्च प्लेसमेंट से बदल रही छात्रों की जिंदगी

वीआईटी भोपाल की स्टार योजना ग्रामीण प्रतिभाओं को दे रही नई उड़ान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी की प्रमुख स्टार योजना मध्य प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के मेधावी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा और बेहतर करियर अवसर प्रदान कर उनके भविष्य को नई दिशा दे रही है। पूरी तरह से वित्तपोषित इस योजना ने लगातार उत्कृष्ट प्लेसमेंट परिणाम देकर समावेशी शिक्षा के प्रभाव को साबित किया है।

ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के प्रतिभाशाली छात्रों को उच्च शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से शुरू की गई इस पहल के तहत विद्यार्थियों को लगातार बेहतर रोजगार अवसर प्राप्त हो रहे हैं। विश्वविद्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2019-23 बैच ने 100 प्रतिशत प्लेसमेंट हासिल किया, जबकि 2020-24 बैच की प्लेसमेंट दर 94.74 प्रतिशत रही।

वहीं 2021-25 बैच ने 86 प्रतिशत और वर्तमान 2022-26 बैच ने अब तक 95 प्रतिशत प्लेसमेंट का आंकड़ा हासिल कर लिया है। वर्ष 2019 में मध्य प्रदेश में शुरू की गई इस योजना की परिकल्पना वीआईटी समूह के संस्थापक एवं चांसलर डॉ. जी विश्वनाथन के विजन के तहत की गई थी। योजना का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आर्थिक परिस्थितियां किसी भी प्रतिभाशाली छात्र की उच्च शिक्षा में बाधा न बनें। मध्य प्रदेश के प्रत्येक जिले से 10वीं और 12वीं कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले एक छात्र और एक छात्रा को पूर्ण शैक्षणिक सहायता प्रदान की जाती है।

कर्मचारियों और अधिकारियों की लंबित मांगों का समाधान

लंबित मुद्दों के समाधान पर कर्मचारियों ने मंडी बोर्ड प्रबंध संचालक कुमार पुरुषोत्तम का जताया आभार

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

संयुक्त संघर्ष मोर्चा मंडी बोर्ड भोपाल के प्रांतीय संयोजक बी.बी. फौजदार के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मंडी बोर्ड के प्रबंध संचालक कुमार पुरूषोत्तम से मुलाकात कर उन्हें गुलदस्ता भेंट करते हुए कर्मचारियों और अधिकारियों की लंबित मांगों के समाधान की दिशा में किए गए प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अंगिरा प्रसाद पांडे, नैन सिंह सोलंकी, महिला प्रदेश अध्यक्ष दीव द्विवेदी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

अंगीरा पांडेय ने बताया कि मंडी बोर्ड की 135वीं बैठक में कर्मचारियों और अधिकारियों से जुड़े कई महत्वपूर्ण विभागीय मुद्दों पर सकारात्मक निर्णय लिए गए। लंबे समय से लंबित इन मामलों को लेकर प्रदेशभर के कर्मचारी एवं

अधिकारी लगातार संयुक्त संघर्ष मोर्चा के माध्यम से अपनी मांगें उठा रहे थे। उन्होंने बताया कि संघर्ष मोर्चा द्वारा प्रबंध संचालक से लगातार संवाद और बैठकों के परिणामस्वरूप कई महत्वपूर्ण मांगों पर कार्रवाई हुई।

इनमें मंडी बोर्ड एवं मंडी समितियों के कर्मचारियों और अधिकारियों के स्थायीकरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाना प्रमुख उपलब्धि रही। इसके अलावा आरक्षित निधि को बढ़ाकर 20 प्रतिशत किया गया तथा अतिरिक्त 5 प्रतिशत राशि बढ़ाने का अधिकार भी प्रबंध संचालक स्तर पर सुनिश्चित किया गया, जिससे भविष्य में वेतन, भत्तों और पेंशन संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिलेगी। संघर्ष मोर्चा के प्रयासों से कर्मचारियों को उच्च पद प्रभार देने संबंधी मांगों पर भी सफलता मिली। सहायक उप निरीक्षकों को उप निरीक्षक तथा मंडी निरीक्षकों को सचिव पद का प्रभार दिया गया। साथ ही सचिव पदों का उन्नयन कर उच्च पद प्रभार की व्यवस्था भी की गई।

कर्मचारियों से जुड़े शेष मुद्दों का भी शीघ्र समाधान होगा

प्रतिनिधिमंडल ने शेष लंबित मांगों जिनमें मंडी समिति कर्मचारियों को उच्च पद प्रभार, स्थायी कर्मियों का नियमितीकरण, वेतन विसंगतियों का निराकरण तथा पेंशन आदेश जारी करना शामिल है, पर भी चर्चा की। प्रबंध संचालक कुमार पुरुषोत्तम ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि कर्मचारियों की सभी जायज समस्याओं और मांगों के समाधान के लिए विभाग सकारात्मक रूप से कार्य करेगा तथा शेष मामलों का भी जल्द निराकरण किया जाएगा। बैठक में उपस्थित कर्मचारियों ने प्रबंध संचालक कुमार पुरुषोत्तम के प्रति आभार व्यक्त किया।

एक समान और पारदर्शी बनाने का प्रयास

मालाबार गोल्ड ने दोहराई विश्वास को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने पारदर्शिता, शुद्धता की गारंटी और ग्राहक-केंद्रित नीतियों के माध्यम से उपभोक्ताओं का विश्वास और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। कंपनी का कहना है कि वह उचित मूल्य निर्धारण, गुणवत्ता आश्वासन और दीर्घकालिक ग्राहक संतुष्टि को प्राथमिकता देते हुए जिम्मेदार ज्वेलरी रिटेलिंग को बढ़ावा दे रही है। कंपनी की प्रमुख पहलों में वन इंडिया वन गोल्ड रेट नीति शामिल है, जिसके तहत पूरे देश में सोने की कीमतों को एक समान और पारदर्शी बनाने का प्रयास किया गया है।

इस पहल का उद्देश्य विभिन्न बाजारों और रिटेलर्स के बीच मौजूद मूल्य असमानताओं को कम करते हुए ग्राहकों को निष्पक्ष और

मानकीकृत मूल्य उपलब्ध कराना है। मालाबार गोल्ड एंड डायमंड्स 18 कैरेट गोल्ड ज्वेलरी के लिए भी 22 कैरेट सोने की मौजूदा दरों के आधार पर आनुपातिक मूल्य निर्धारण प्रणाली अपनाता है। इससे ग्राहकों को केवल खरीदी गई शुद्धता के अनुरूप ही मूल्य चुकाना पड़ता है।

कंपनी का मानना है कि मूल्य निर्धारण में पारदर्शिता उपभोक्ता विश्वास का महत्वपूर्ण आधार है। मालाबार ग्रुप के चेयरमैन एमपी अहमद ने कहा कि युवा उपभोक्ताओं के बीच हल्के वजन और 18 कैरेट ज्वेलरी की मांग तेजी से बढ़ रही है।

बिजनेस न्यूज

भाभा विवि में 'बेसिक्स ऑफ डिसर्टेशन' विषय पर राष्ट्रीय वेबीनार आयोजित

भोपाल। भाभा विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ एजुकेशन विभाग द्वारा 'बेसिक्स ऑफ डिसर्टेशन' विषय पर एक राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. हेमलता बघेल को आमंत्रित किया गया। वेबीनार के दौरान डॉ. हेमलता बघेल ने शोध (रिसर्च) के विभिन्न आयामों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने शोध के महत्व, उद्देश्यों, परिकल्पनाओं, चरों तथा शोध उपकरणों के निर्माण की प्रक्रिया को सरल एवं सहज भाषा में विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने शोध कार्य को प्रभावी एवं व्यवस्थित ढंग से करने के लिए आवश्यक बिंदुओं की भी जानकारी दी। यह वेबीनार विशेष रूप से एम.एड. के विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी और ज्ञानवर्धक साबित हुआ। विद्यार्थियों ने शोध प्रबंध (डिसर्टेशन) लेखन से जुड़े विभिन्न पहलुओं को समझने का अवसर प्राप्त किया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. लता मालवीय ने मुख्य वक्ता सहित सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डीन डॉ. कविता पाडेगांवकर, डायरेक्टर डॉ. दीपा बख्शी, प्रो.वीसी डॉ. भारती सातनकर और सीईओ प्रसाद पिल्लई ने कार्यक्रम के सफल आयोजन की सराहना करते हुए आयोजकों को शुभकामनाएं दीं।

स्वच्छ ऊर्जा जागरुकता: भोपाल पहुंची 'अवादा भारत उदय यात्रा'

भोपाल। स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र की अग्रणी कंपनी अवादा ग्रुप द्वारा आयोजित राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान 'अवादा भारत उदय यात्रा' भोपाल पहुंची। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को स्वच्छ ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना है, ताकि देश को ऊर्जा के क्षेत्र में अधिक आत्मनिर्भर और पर्यावरण अनुकूल बनाया जा सके। अवादा ग्रुप के अनुसार कंपनी का स्वच्छ ऊर्जा पोर्टफोलियो 17.7 गीगावाट पीक से अधिक हो चुका है, जिसमें 7.2 गीगावाट पीक परियोजनाएं संचालन में हैं, जबकि लगभग 10.5 गीगावाट पीक परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। यह कंपनी की मजबूत निष्पादन क्षमता और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में बढ़ते योगदान को दर्शाता है। इस अवसर पर अवादा ग्रुप के चेयरमैन विनीत मित्तल ने कहा कि 8 मई 2026 को नोएडा स्थित कंपनी कार्यालय से शुरू हुई यह यात्रा एक राष्ट्रव्यापी जन-जागरूकता अभियान के रूप में आगे बढ़ रही है। इसका लक्ष्य आम लोगों के बीच स्वच्छ ऊर्जा की समझ विकसित करना और सौर, पवन तथा अन्य नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। विशेष रूप से तैयार की गई यह यात्रा वैन अब तक उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश सहित सात राज्यों के दस शहरों में पहुंच चुकी है तथा लगभग 3,226 किलोमीटर की दूरी तय कर चुकी है। यात्रा के दौरान विभिन्न जन-संपर्क कार्यक्रमों, संवाद सत्रों और जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से लोगों को स्वच्छ ऊर्जा के महत्व से अवगत कराया जा रहा है।

फ्लिपकार्ट की 'जीआरडब्लूएम जीआरडब्लूएम ' फैशन सेल लांच

नई दिल्ली। फ्लिपकार्ट ने अपनी लेटेस्ट फैशन सेल 'जीआरडब्लूएम जीआरडब्लूएम' पेश की है, जो भारत के डिजिटल-फर्स्ट ग्राहकों को शॉपिंग का बेहतरीन अनुभव प्रदान करेगी। दिलचस्प भारतीय ट्रेंड 'गरम गरम' के साथ जेन ज़ी के विश्वप्रसिद्ध ट्रेंड 'जीआरडब्लूएम' (गेट रेडी विद मी) से प्रेरित यह कैम्पेन फ्लिपकार्ट फैशन की फ्लैगशिप एंड-ऑफ-सीज़न सेल को एक नई, ट्रेंड-फर्स्ट पहचान दे रहा है। यह कैम्पेन पारंपरिक क्लीयरेंस सेल से अलग है। इसमें जो नया है, जो ट्रेंड कर रहा है और जो सांस्कृतिक रूप से जुड़ा है, वह पेश किया जा रहा है। जीआरडब्लूएम जीआरडब्लूएम सेल में प्रमुख फैशन ब्रांड, उभरते हुए डी2सी लेबल, मार्केटप्लेस सेलर और बढ़ता क्रिएटर ईकोसिस्टम हिस्सा ले रहा है।

व्यापारियों के बीच काफी हलचल मच गई

सोने और चांदी पर आयात शुल्क बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया

चांदी के आयात से जुड़े नियमों को किया और सख्त, इससे बाजार में बढ़ गई चिंता

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सरकार ने चांदी के आयात से जुड़े नियमों को और सख्त कर दिया है। नए आदेशों के तहत अब चांदी के दाने (ग्रेन), पाउडर और 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाली चांदी के आयात के लिए विदेश व्यापार महानिदेशालय से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा। बिना इंपोर्ट ऑथराइजेशन के इन श्रेणियों में आयात नहीं किया जा सकेगा। सरकार के इस फैसले से सराफा बाजार के चांदी व्यापारियों के बीच भी काफी हलचल मच गई है। क्योंकि नए नियमों से आयातकों के लिए अनिश्चितता बढ़ सकती है और आयात प्रक्रिया भी थोड़ी ज्यादा मुश्किल हो सकती है। जिसका खामियाजा व्यापारियों को भुगतना होगा। क्योंकि सरकार ने हाल ही में सोने और चांदी पर आयात शुल्क बढ़ाकर 15 प्रतिशत कर दिया था।

बाजार जानकार और सराफा कारोबारी नवनीत अग्रवाल ने कहा कि नए नियमों के लागू होने के बाद सराफा और चांदी व्यापार से जुड़े कारोबारियों में चिंता बढ़ गई है। व्यापारियों का मानना है कि अतिरिक्त अनुमति प्रक्रिया के कारण आयात प्रक्रिया जटिल हो सकती है और इससे सप्लाई चेन पर असर पड़ सकता है। इसके परिणामस्वरूप बाजार में अनिश्चितता और अस्थिरता की स्थिति बनने की आशंका जताई जा रही है। सराफा व्यापारी आनंद सोनी के अनुसार सरकार का यह कदम आयात नियंत्रण और आर्थिक संतुलन की दिशा में महत्वपूर्ण है। लेकिन इससे अल्पकाल में चांदी बाजार की गतिविधियों पर प्रभाव पड़ सकता है।

सरकार का उद्देश्य नियंत्रण और संतुलन

चांदी आयात पर सरकार के कड़े नियम के संदर्भ में आर्थिक जानकारों का मानना है कि सरकार का यह कदम आयात पर नियंत्रण और आर्थिक संतुलन बनाए रखने की दिशा में है, लेकिन अल्पकाल में इसका असर चांदी बाजार की उपलब्धता और कारोबार पर दिखाई दे सकता है। कुल मिलाकर, नए नियमों के बाद सराफा बाजार में सतर्कता का माहौल है और व्यापारी आगे की नीतिगत स्पष्टता का इंतजार कर रहे हैं।

चिंतन

अनियोजित निर्माण दे रहे हादसों को न्योता

हरों में अनियोजित निर्माण लगातार बड़े हादसों को न्योता दे रहे हैं। इसके कारण राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली सहित देश के कई बड़े शहरों में सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है। बुधवार को ही दिल्ली के मालवीय नगर स्थित फ्लरिश स्टे होटल में लगी आग ने एक बार फिर शहरी विकास मॉडल की भयावह सच्चाई सामने ला दी है। इस हादसे में 21 लोगों की मौत हो गई, जिनमें 17 विदेशी नागरिक शामिल थे। इससे दो दिन पहले भी एक इमारत गिरने से 6 लोगों की मौत हो गई थी। आंकड़ों को देखें तो दिल्ली में पिछले 6 महीनों में ऐसी घटनाओं में 70 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। मालवीय नगर में यह केवल आगजनी की घटना नहीं, बल्कि उन खामियों का दर्दनाक परिणाम है जो वर्षों से हमारी प्रशासनिक व्यवस्था, भवन निर्माण प्रणाली और सुरक्षा तंत्र में मौजूद हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जिस होटल में यह हादसा हुआ, उसके पास फायर एनओसी तक नहीं थी। सवाल यह है कि बिना आवश्यक सुरक्षा प्रमाणपत्र के होटल आखिर चल कैसे रहा था? देश के बड़े शहरों में अनियोजित निर्माण अब अपवाद नहीं, बल्कि सामान्य प्रवृत्ति बन चुके हैं। ऐसे हादसे दिल्ली के अलावा मुंबई, हरियाणा, नागपुर और आंध्रप्रदेश में भी हो चुक हैं। जैसे आबादी बढ़ रही है, जमीन सीमित है और मुनाफे की होड़ में नियमों को कागजों तक सीमित कर दिया गया है। नतीजा यह है कि बहुमंजिला इमारतें तो खड़ी हो रही हैं, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था धराशायी होती जा रही है। कहीं आपातकालीन निकास नहीं हैं, कहीं अग्निशामक यंत्र निष्क्रिय पड़े हैं, तो कहीं पानी की पर्याप्त व्यवस्था तक नहीं है। जब तक सब कुछ सामान्य रहता है, ये खामियां दिखाई नहीं देतीं, लेकिन जैसे ही कोई दुर्घटना होती है, इनकी कीमत इंसानी जानों से चुकानी पड़ती है। विडंबना यह है कि जिन भवनों को सुरक्षा मानकों का पालन करना चाहिए, वे स्वयं जोखिम के केंद्र बने हुए हैं। आग लगने की घटनाओं में एक और बड़ी समस्या दमकल विभाग की सीमित क्षमता है। आज शहरों में 10, 15 और 20 मंजिल तक की इमारतें खड़ी हो रही हैं, लेकिन कई स्थानों पर फायर ब्रिगेड के पास सिर्फ 4 से 5 मंजिल से अधिक ऊंचाई तक पहुंचने वाले आधुनिक हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म और स्काईलिफ्ट तक उपलब्ध नहीं हैं। जब आग बहुमंजिला इमारतों में फैलती है, तब बचाव कार्य समय के खिलाफ लड़ाई बन जाता है। संकरी गलियां, अव्यवस्थित पार्किंग और अवैध निर्माण इस लड़ाई को और कठिन बना देते हैं। दमकल की गाड़ियां मौके तक समय पर नहीं पहुंच पातीं और तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। यह समस्या केवल सरकारी तंत्र तक सीमित नहीं है। आम नागरिकों और भवन मालिकों की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। अक्सर लोग अतिरिक्त कमरे बनाने, अधिक किराया कमाने या ज्यादा जगह घेरने के लिए सुरक्षा नियमों की अनदेखी कर देते हैं। आपातकालीन निकास बंद कर दिए जाते हैं, सीढ़ियों पर सामान रख दिया जाता है और बिजली की असुरक्षित वायरिंग को नजरअंदाज किया जाता है। दुर्घटना होने तक किसी को खतरे का एहसास नहीं होता। ऐसे में लोगों को खुद भी जागरूक होना चाहिए, क्योंकि कोई भी आपदा बताकर नहीं आती। यानी बचाव के उपाय पहले से ही किए जाएं तो ऐसी गंभीर आपदाओं से बचा जा सकेगा। इसलिए जवाबदेही तय करनी ही होगी। तभी हम ऐसी विपदाओं से पार पा सकेंगे।

आर्थिकी

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

मानसून और कच्चे तेल की चुनौतियां

आम आदमी और किसान से लेकर संपूर्ण अर्थव्यवस्था के सामने कमजोर मानसून से सूखे की आशंका और महंगे कच्चे तेल से महंगाई संबंधी आर्थिक चुनौतियां चिंता का कारण बन गई हैं। 2 जून को संयुक्त राष्ट्र के विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने रिपोर्ट जारी करते हुए बताया है कि इस वर्ष अल नीनो के कारण भारत में मानसून के अत्यधिक कमजोर होने और भीषण सूखे की आशंका है। इससे देश में सामान्य से कम बारिश का खतरा बढ़ गया है। कम बारिश और सूखे के कारण खरीफ फसलों की बुवाई प्रभावित हो सकती है, जिससे खाद्यान्न उत्पादन और महंगाई पर सीधा असर पड़ने की आशंका है। इससे देश में सामान्य से कम बारिश का खतरा बढ़ गया है।

इन दिनों देश के आम आदमी और किसान से लेकर संपूर्ण अर्थव्यवस्था के सामने कमजोर मानसून से सूखे की आशंका और महंगे कच्चे तेल से महंगाई संबंधी आर्थिक चुनौतियां चिंता का कारण बन गई हैं। हाल ही में 2 जून संयुक्त राष्ट्र के विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने रिपोर्ट जारी करते हुए बताया है कि इस वर्ष अल नीनो के कारण भारत में मानसून के अत्यधिक कमजोर होने और भीषण सूखे की आशंका है। इससे देश में सामान्य से कम बारिश का खतरा बढ़ गया है और इससे देश के कई हिस्सों में लू और भीषण गर्मी की स्थिति पैदा हो सकती है। कम बारिश और सूखे के कारण खरीफ फसलों की बुवाई प्रभावित हो सकती है, जिससे खाद्यान्न उत्पादन और महंगाई पर सीधा असर पड़ने की आशंका है। इसी तरह एक जून को हाल ही में भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आयएमडी) ने देश की धड़कन माने जाने वाले दक्षिण-पश्चिम मानसून को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं।

मौसम विभाग ने साल 2026 के मानसून के अपने पुराने अनुमान को और घटा दिया है। पहले जहां आयएमडी ने लॉन्ग पीरियड एवरेज (एलआरए) की 92 फीसदी बारिश होने का अनुमान लगाया था, वहीं अब इसे घटाकर 90 फीसदी कर दिया गया है। इसका सीधा मतलब यह है कि देश में इस साल 'सामान्य से कम' बारिश होने की पूरी आशंका है। अगर मौसम विभाग का यह ताजा अनुमान सच साबित होता है, तो भारत पिछले एक दशक के सबसे सूखे मानसून का सामना करेगा। इससे पहले साल 2015 में भारत में इतनी कम बारिश रिकॉर्ड की गई थी, जब मानसून सामान्य से लगभग 13 फीसदी कम था। चूंकि मानसून के दौरान अल-नीनो की स्थिति मजबूत होने की वजह से बारिश कम होगी। अब अल-नीनो के खतरे और कमजोर मानसून की आशंका से जलाशय के सूखने और खेती के लिए पानी की कमी की चिंता बढ़ गई है। वास्तव में देश के किसानों और कृषि क्षेत्र की चिंताएं बढ़ाने वाला यह परिदृश्य देश के वर्तमान सुकूनदायक कृषि क्षेत्र के समक्ष एक चुनौती बनकर दिखाई दे रहा है।

उल्लेखनीय है कि कमजोर मानसून व सूखे की आशंका के साथ एक बार फिर इसी माह जून की शुरुआत से अमेरिका-ईरान के बीच पश्चिम एशिया में लगातार बढ़ते तनाव और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों की वजह से देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें और बढ़ने की आशंका बनी हुई है। पिछले माह मई 2026 में चार बार पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। पेट्रोलियम मंत्रालय के मुताबिक सरकारी क्षेत्र की तीनों तेल कंपनियों इंडियन आयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम, भारत पेट्रोलियम को संयुक्त तौर पर प्रतिदिन करीब 750 हजार करोड़ रुपये का घाटा हो रहा है और पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ने की आशंका बनी हुई है। साथ ही भारत में महंगाई बढ़ रही है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार भारत में अप्रैल 2026 में थोक महंगाई बढ़कर 8.3 प्रतिशत और खुदरा महंगाई बढ़कर 3.48 प्रतिशत हो गई है। प्रमुख कंसल्टेसी फर्म ईवाई इंडिया की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिम एशियाई संकट के कारण भारत में वित्त वर्ष 2026-27 में महंगाई दर 6 प्रतिशत के ऊपरी स्तर को छू सकती है। एशियाई विकास बैंक के द्वारा

प्रस्तुत रिपोर्ट के मुताबिक इस वर्ष 2026-27 में भारत में महंगाई 6.9 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच सकती है। यह उभरकर दिखाई दे रहा है कि पेट्रोल और डीजल के महंगे होने का सबसे बड़ा असर आम लोगों की जेब पर पड़ने लगा है। निजी वाहन चलाने वालों का खर्च बढ़ गया है। डीजल महंगा होने से ट्रक, बस और माल ढुलाई का खर्च भी बढ़ गया है। इसका असर सब्जियों, फल, दूध और रोजमर्रा के सामानों की कीमतों पर दिखाई देने लगा है। ऐसे में एक ओर कमजोर मानसून और सूखे से निर्मित होने वाली चिंताओं पर ध्यान देना होगा, वहीं दूसरी ओर कच्चे तेल की ऊंची की मतों और महंगाई की चिंताओं पर भी ध्यान देना होगा। ऐसे में अल-नीनो के बढ़ते असर को देखते हुए केंद्र सरकार रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ी है। किसानों को इस बड़े मौसमी संकट से बचाने के लिए सरकार ने 1 जून 2026 से देशव्यापी "खेत बचाओ" अभियान के तहत रणनीतिपूर्वक कदम आगे बढ़ाए हैं। इसके तहत किसानों को उनके इलाके और फसल के हिसाब से खास सलाह (क्रॉप-स्पेसिफिक एडवाइजरी) दी जाएगी, ताकि वे मौसम के जोखिमों को समझकर सही फैसला ले सकें। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सिर्फ जानकारी बांटना नहीं है, बल्कि जमीन पर जाकर किसानों को यह बताना है कि उन्हें कम बारिश या सूखे के खतरे वाले इलाकों में कौन सी फसल बोनी चाहिए, किस फसल की तरफ बदलाव करना चाहिए और उनके पास पारंपरिक खेती के क्या बेहतर विकल्प मौजूद हैं। किसानों को उनके इलाके के मौसम, वहां की मिट्टी और बाजार की मांग के हिसाब से व्यावहारिक मार्गदर्शन दिया जाएगा। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि इस कमजोर मानसून और सूखे की आशंका के बड़े संकट से निपटने के लिए सरकार ने एक व्यापक और सहयोगी ढांचा तैयार किया है। इस अभियान में स्थानीय पंचायतों, राज्य सरकारों, कृषि विज्ञान केंद्रों, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संस्थानों और स्थानीय कृषि विभागों को एक साथ जोड़ा गया है। देश के कोने-कोने तक अपनी पहुंच मजबूत करने के लिए 1,600 से ज्यादा विशेष टीमें बनाई गई हैं। इनमें से 500 टीमें विशेष रूप से देश के उन 100 जिलों में तैनात की जाएंगी, जहां रासायनिक खादों की खपत सबसे ज्यादा है। चूंकि वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़ रही है, अतएव सरकार के नीतिगत हस्तक्षेप की गुंजाइश सीमित है, लेकिन मौजूदा हालात को देखते हुए सरकार के साथ-साथ उद्योग-कारोबार और हर वर्ग के सभी लोगों के द्वारा हरसंभव तरीके से महंगाई का मुकाबला करने के लिए आगे बढ़ना होगा। देश के नागरिकों के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा की गई उस अपील पर अमल किया जाना होगा, जिसमें उन्होंने पेट्रोल-डीजल का किफायत से उपयोग करने की जरूरत बताई है। सरकार के द्वारा पेट्रोल में इथेनाल का मिश्रण 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 30 प्रतिशत किया जाना होगा। तेल की मांग में कमी करने हेतु इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) के उपयोग में तेजी लाई जानी होगी। उम्मीद करें कि सरकार संयुक्त राष्ट्र के विश्व मौसम विज्ञान संगठन और भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के द्वारा इस वर्ष 2026 के लिए प्रस्तुत किए गए मौसम अनुमानों के मद्देनजर कमजोर मानसून, अलनीनो और कृषि की बढ़ी हुई लागत संबंधी चुनौतियों से सफलतापूर्वक मुकाबले के लिए बहुआयामी उपायों के साथ आगे बढ़ेगी। साथ ही सरकार कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से भारत में बढ़ती महंगाई से आम आदमी के लिए तात्कालिक राहत और भविष्य में नवीकरणीय ऊर्जा को पेट्रोल-डीजल का विकल्प बनाने जैसे दीर्घकालीन उपायों के साथ रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ेगी। इससे देश के आम आदमी और किसानों सहित संपूर्ण अर्थव्यवस्था लाभांवित होगी।

(लेखक अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

सियासत

महेन्द्र तिवारी

क्या नए राजनीतिक युग की शुरुआत करेंगे अन्नामलाई

तमिलनाडु की राजनीतिक भूमि हमेशा से भारतीय राजनीति के मानचित्र पर एक विशिष्ट और पृथक पहचान बनाए हुए है। देश के अन्य राज्यों के विपरीत यहां राष्ट्रीय विचारधारा वाले दलों की तुलना में क्षेत्रीय अस्मिता और क्षेत्रीय संगठनों का प्रभाव कहीं अधिक गहरा रहा है। बीते अनेक दशकों से द्रविड़ आंदोलन की कोख से निकली राजनीति ने ही इस राज्य की सत्ता की दिशा और दशा को पूरी तरह नियंत्रित और संचालित किया है। इस समय तमिलनाडु के राजनीतिक आकाश में जिस एक नाम को लेकर सबसे अधिक चर्चाएं और कयास लगाए जा रहे हैं, वे हैं भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई। पिछले कुछ समय से राज्य के समाचारों और राजनीतिक चर्चाओं में इस बात ने अत्यधिक जोर पकड़ लिया है कि वे अपने वर्तमान दल से नाता तोड़कर एक नए क्षेत्रीय राजनीतिक दल का गठन कर सकते हैं। यद्यपि उन्होंने अभी तक इस विषय में कोई आधिकारिक या स्पष्ट घोषणा नहीं की है, परंतु उनके हालिया वक्तव्य, उनके समर्थकों द्वारा लगाए गए विज्ञापन पत्र, महत्वपूर्ण बैठकों से उनकी दूरी और जमीनी स्तर पर चल रही संगठनात्मक गतिविधियों ने राज्य की राजनीति को एक नए विमर्श की ओर मोड़ दिया है। इस नए राजनीतिक घटनाक्रम की सुगबुगाहट तब और अधिक स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगी जब कोयंबटूर शहर में अचानक कई प्रमुख स्थानों पर उनके समर्थकों द्वारा बड़े-बड़े विज्ञापन पत्र लगाए गए। सामान्य राजनीतिक विज्ञापनों से सर्वथा भिन्न इन पत्रों पर अंकित संदेश ने सभी का ध्यान आकर्षित किया, जिसमें लिखा था कि निडर सोच की कोई सीमा नहीं होती। इस वाक्य को राजनीतिक विश्लेषकों और जनता द्वारा एक बड़े बदलाव के संकेत के रूप में देखा गया। इसके तुरंत बाद जनसंचार के आधुनिक माध्यमों और मुख्यधारा की राजनीति में यह बात तेजी से फैल गई कि वे किसी नए और स्वतंत्र राजनीतिक मंच की आधारशिला रखने की तैयारी कर रहे हैं। उनके इस संभावित कदम को तब और बल मिला जब उनके प्रशंसकों और समर्थकों के संगठन, जिसका नाम अन्नामलाई अन्बू कूट्टम है, उसने अचानक अपनी गतिविधियों को तेज करते हुए नए सदस्यों और पदाधिकारियों को जोड़ना आरंभ कर दिया। इसके साथ ही भीतरखाने से यह समाचार भी आ रहे हैं कि मक्कल शक्ति इयक्कम नाम से एक विशाल जनआंदोलन या सामाजिक संगठन की रूपरेखा तैयार की जा रही है, जो आने वाले समय में एक पूर्ण राजनीतिक दल का रूप धारण कर सकता है। वर्ष 2021 में उन्हें तमिलनाडु में दल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। बहुत ही अल्प समय में वे राज्य की राजनीति का एक अपरिहार्य और चर्चित चेहरा बनकर उभरे। उनकी संवाद शैली अत्यंत सीधी और सीधे प्रहार करने वाली रही है, जिसके कारण उन्होंने वर्तमान द्रमुक सरकार की नीतियों पर लगातार तीखे हमले किए और अपने दल को राज्य में एक स्वतंत्र राजनीतिक शक्ति के रूप में स्थापित करने की पुरजोर कोशिश की। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों में यद्यपि उनका दल राज्य में कोई भी निर्वाचन क्षेत्र जीतने में सफल नहीं हो सका, परंतु उनके नेतृत्व में दल का मत प्रतिशत पहली बार दो अंकों तक पहुंचने में कामयाब रहा, जिसे राज्य की राजनीति में एक बड़ी घटना माना गया। इस सफलता का श्रेय मुख्य रूप से उनकी जनसभाओं और उनके द्वारा आयोजित की गई एन मन्न, एन मक्कल नामक व्यापक यात्रा को दिया गया, जिसने उन्हें युवाओं और शहरी मतदाताओं के बीच बेहद लोकप्रिय बना दिया। राजनीतिक क्षेत्र के जानकारों का मानना है कि केंद्रीय नेतृत्व ने भविष्य के गठबंधनों को बचाने और राजनीतिक संतुलन बहाल करने के लिए उन्हें प्रदेश अध्यक्ष के पद से मुक्त करने का निर्णय लिया। इसी क्रम में वर्ष 2025 में उनके स्थान पर नैनार नागेंद्रन को तमिलनाडु में दल की कमान सौंपी गई। पद से हटाए जाने के बाद भी उनके प्रति निष्ठा रखने वाले समर्थकों और युवाओं की संख्या में कोई कमी नहीं आई, बल्कि उनके समर्थकों ने इसे उनकी राजनीतिक स्वतंत्रता के एक नए अध्याय के रूप में देखा। यही कारण है कि जब हाल के दिनों में उन्होंने दल की दो अत्यंत महत्वपूर्ण राज्य केंद्रीय समिति की बैठकों से पूरी तरह दूरी बना ली, तो उनके अलग रास्ते पर जाने की अटकलों को अत्यधिक हवा मिली। वर्तमान समय में तमिलनाडु की राजनीति एक बड़े संक्रमण काल से गुजर रही है। आने वाले कुछ दिन निश्चित रूप से इस बात का निर्धारण करेंगे कि तमिलनाडु का राजनीतिक भविष्य किस करवट बैठने वाला है।

(लेखिक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

आत्मबल पाने ईश्वर के सान्निध्य में जाना होगा



संकलित

दर्शन

जब व्यक्ति किसी कार्य को करने चलता है, तो उसके मन-हृदय में बारंबार विचार-भाव उठते हैं कि वह कार्य करें या नहीं, उससे होगा या नहीं और परिणाम भी सफलता और असफलता के रूप में सामने आता है। किसी कार्य को करने के लिए बल की आवश्यकता होती है। इसके बिना उसको गति देना असंभव है। कई बार किसी कार्य को करते समय नाना-प्रकार के संकट उसमें बाधा बन खड़े हो जाते हैं। ऐसे में कोई व्यक्ति उस कार्य को बीच में ही छोड़ देता है। परिणामस्वरूप उसे असफलता हाथ लगती है। असफलता यह सिद्ध करती है कि अमुक कार्य को पूरे मनोयोग से नहीं किया गया। मनोयोग का अर्थ होता है-तन, मन और हृदय से समर्पित होकर किसी कार्य को करना। किसी कार्य में सफल होने के लिए व्यक्ति में मानसिक संतुलन, विश्वास, जिज्ञासा, लगन, संघर्ष करने की क्षमता और तन्मयता जैसे गुणों का होना जरूरी होता है। इनकी प्राप्ति आत्मबल से होती है। आत्मबल की प्राप्ति के लिए ईश्वर के सान्निध्य में जाना पड़ता है। सान्निध्य पाने के लिए ईश्वर का विश्वास आवश्यक है। विश्वास पाने के लिए तप-साधना करनी पड़ती है। चूंकि आत्मबल में ईश्वर की शक्ति निहित होती है, इसीलिए इसे ब्रह्मबल भी कहते हैं। आत्मबल से संपन्न मनीषी के लिए कोई कार्य असंभव नहीं रहता है। उसका कोई कार्य बीच में नहीं रुकता है। जब शरीरबल और मनोबल टूट जाता है तो उस समय आत्मबल सहारा देता है। आत्मबल से युक्त व्यक्ति कभी हताश-निराश नहीं होता है।

साधु संगत से चोर ने चोरी छोड़ी



संकलित

प्रेरणा

एक डाकू था, जो लूट पाट करता था। एक बार एक गांव से धन लूटकर वो भाग रहा था कि घोड़े पर से गिर कर घायल हो गया। उसने देखा पास में ही एक साधू की कुटिया है, धन को जमीन मे गाड़कर वो साधु की कुटिया में गया। साधु रात्रि भोजन के लिए ही बैठे थे। दरवाजे पर दस्तक सुन उन्होंने कहा, जो कोई भी है, अन्दर आ जाओ। डाकू अन्दर गया तो साधु ने उसे भी बैठने के लिए आसन दिया, और पहले उसके समक्ष भोजन परोसा, फिर स्वयं लिया। साधु ने उसे भोजन प्रारम्भ करने को कहा- आप अतिथि है इसलिए आप ईश्वर सामान है, आप पहले भोजन आरंभ करे। डाकू को आजतक किसी ने इतने सम्मान से ना कहा था और ना ही खिलाया था। डाकू ने भोजन किया। साधु ने एक चटाई उसके लिए बिछा दी और कहा रात में आप कहां जाइएगा तो यही विश्राम कर लीजिए। डाकू थोड़ा घायल था, तो चलने में उसे तकलीफ़ हो रही थी, जैसे ही साधु को उसके ज़ख्म का पता चला, उसका उपचार करने लगे। कुछ पत्तो को पीसकर उसका रस लेप करके एक कपड़े से उसके ज़ख्म पर बांधा। और सहारा देकर उसे चटाई पर लिटाया। डाकू साधु की उदारता से बहुत प्रभावित हुआ, उसने कहा, बाबा आप कितने संतुष्ट और उदार व्यक्तित्व के स्वामी है। आप में दया की भावना है। क्या आपको कभी धन की लालसा नहीं होती? साधु बोले- धन तो नश्वर है बालक, और जो चीज नष्ट हो जाए उसके लिए लालसा करना विनाश की ओर अग्रसर होना है।

सटाका

आज की पाती

खेतों की सेहत की फिक्र जरूरी

हाल ही में कृषि मंत्रालय ने 1 जून से 30 जून तक एक बहुत ही अच्छा अभियान 'खेत बचाओ' चलाया है, जिसका मकसद खेतों की उपजाऊ क्षमता को रासायनिक खादों से होने वाले नुकसानों से बचाना भी है। कहते हैं कि जब जागो, तब सवेरा, लेकिन देर तक सोना हमेशा हानिकारक ही होता है। हमारा देश कृषि प्रधान देश है, लेकिन बहुत ही निराशाजनक है कि सरकारों की गलत नीतियों और संबंधित विभागों का कृषि के प्रति ढुलमुल रवैया आज खेतों पर भारी पड़ रहा है। उनकी उपजाऊ क्षमता रासायनिक खादों के कारण कम हो रही है। भूमि बंजर होने की आशंका है। सरकार का बहुत अच्छा प्रयास है कि उसने खेतों की बीमार होती सेहत के लिए खेत बचाओ अभियान चलाया है।

- नीतू गोयल, रोहतक

ट्रेंड

डीके शिवकुमार को बधाई

कर्नाटक के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करने पर डीके शिवकुमार को हार्दिक बधाई। उन्हें उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं। केंद्र सरकार जन कल्याण के लिए कर्नाटक सरकार के साथ मिलकर काम करेगी। **-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

लोगों की सेवा करते रहेंगे

कर्नाटक के लोगों ने हम पर भरोसा किया और वह भरोसा हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार और मंत्रिपरिषद को हार्दिक बधाई, जो कर्नाटक के लोगों की आकांक्षाओं को आगे बढ़ाएंगे। हम कर्नाटक के लोगों की बात सुनते रहेंगे, उनकी सेवा करते रहेंगे।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

हर पात्र को लाभ मिले

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी और डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता से ही 3,000 रुपये की सहायता राशि देने का वादा पूरा किया गया है। जैसे-जैसे फॉर्म मिलते जाएंगे, उनका सत्यापन किया जाएगा व पैसे खातों में अंतरित किए जाएंगे। हमारा लक्ष्य है कि हर पात्र महिला को यह लाभ मिले।

-शुभेंदु अधिकारी, मुख्यमंत्री, बंगाल

जैविक खेती अपनाएं

मैंने स्वयं जैविक खेती अपनाने का फैसला किया है। मैं चाहती हूं कि दूसरे भी ऐसा ही करें। पहले साल मुझे नुकसान हो सकता है। मैं अपनी जमीन जोतने जा रही हूं। हर साल 12 दिसंबर को मैं मजदूरों के साथ खेतों में गन्ने की कटाई करूंगी।

-पंकजा मुंडे, पर्यावरण मंत्री, महाराष्ट्र

करंट अफेयर

अमेरिकी वैज्ञानिकों पर मंकीपॉक्स वायरस की तस्करी का आरोप

अमेरिका की एक सरकारी प्रयोगशाला के दो वैज्ञानिकों पर अफ्रीका से निष्क्रिय मंकीपॉक्स वायरस की शीशियां देश में तस्करी करके लाने और मिशिगन के एक हवाई अड्डे पर जांचकर्ताओं से झूठ बोलने का आरोप लगाया गया है। प्राधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। डेट्रॉइट की संघीय अदालत में विंसेंट मुंस्टर और क्लॉड क्वे के खिलाफ आपराधिक शिकायत दर्ज की गई। मुंस्टर, मोंटाना के हैमिल्टन स्थित 'रॉकी माउंटेन लैबोरेटरीज' में वायरस पारिस्थितिकी अनुभाग के प्रमुख हैं और क्वे उनके साथ काम करते हैं। मुंस्टर और क्वे को जनवरी में डेट्रॉइट मेट्रोपॉलिटन हवाई अड्डे पर उस समय रोक लिया गया था, जब वे पेरिस से लौटे थे और उससे पहले कांगो गणराज्य में नौ दिन बिताकर आए थे। मध्य अफ्रीका के विशाल देश कांगो में एमपॉक्स बीमारी के प्रकोप के कारण दो हजार से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। हालांकि, करीब दो वर्षों से जारी यह प्रकोप अप्रैल में समाप्त घोषित कर दिया गया था। संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने अदालत में दाखिल दस्तावेज में कहा कि मुंस्टर ने इस बात से इनकार किया था कि वह किसी जैविक सामग्री या नमूने के साथ अमेरिका लौटा है। लेकिन बाद में जांच में पता चला कि दोनों के पास निष्क्रिय मंकीपॉक्स वायरस की शीशियां थीं।

ऑफ बीट

जब बच्चा डर के कारण पीछे हटे, तो माता-पिता क्या करें?

अगर आपका बच्चा कभी स्कूल के खेल दिवस या दौड़ प्रतियोगिता वाले दिन अड़ियल रवैया अपनाने लगता है, तो आप अकेले नहीं हैं जो इस तरह की चिंता से जूझ रहे हैं। कुछ बच्चों में ऐसे अवसर गहरी चिंता और घबराहट पैदा कर देते हैं। उनके मन में सवाल उठते हैं- अगर मैं सबसे धीमा निकला तो? माता-पिता के लिए ऐसे समय में यह समझना मुश्किल हो सकता है कि क्या किया जाए। बहुत ज्यादा दबाव डालने पर सुबह का माहौल तनावपूर्ण हो सकता है, जबकि बच्चे को छूट देने पर यह चिंता सताती है कि कहीं उसे चुनौतियों से बच निकलना तो नहीं सिखा रहे। ऐसे में क्या कभी बच्चे की इच्छा के अनुसार चलना ठीक है? और अगली बार उसे कोशिश करने का बेहतर अवसर कैसे दिया जाए? जब हम किसी ऐसी चीज से बचते हैं जिससे हमें डर लगता है, तो तुरंत राहत महसूस होती है। यह राहत बहुत असरदार होती है और हमारे मस्तिष्क को यह संदेश देती है कि बचना कारगर रहा। समय के साथ डर और बढ़ जाता है और उससे बचने की प्रवृत्ति भी मजबूत हो जाती है। यह केवल बच्चों के साथ नहीं, बल्कि हम सभी के साथ होता है। इसीलिए सामान्य तौर पर बच्चों के लिए यह बेहतर होता है कि वे अपने डर का सामना जल्द करें, उससे पहले कि उससे बचने की आदत बन जाए।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016

aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

हरित भविष्य, सुरक्षित सड़कें और प्रभावी गति प्रबंधन की उठी मांग

विश्व साइकिल दिवस पर निकली साइकिल रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर बुधवार को नेशनल सेंटर फॉर ह्यूमन सेटलमेंट्स एंड एनवायरनमेंट (एनसीएचएसई) तथा भोपाल बाइसिकल राइडर्स ग्रुप द्वारा जागरूकता साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, सतत परिवहन और सड़क सुरक्षा के प्रति नागरिकों को जागरूक करना था। कार्यक्रम में एनसीएचएसई के महानिदेशक डॉ. प्रदीप नंदी तथा मुख्य अतिथि के रूप में मप्र पुलिस के पूर्व पुलिस महानिदेशक अरुण गुर्टू विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर 75 से अधिक साइकिल चालकों, युवाओं और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की।

सड़क सुरक्षा संबंधी संदेशों वाले प्ले-कार्ड

साइकिल रैली में प्रतिभागियों ने अपनी साइकिलों पर सड़क सुरक्षा संबंधी संदेशों वाले प्ले-कार्ड लगाए हुए थे। इनमें प्रमुख रूप से वैज्ञानिक गति सीमाएं जीवन बचाती हैं, गति नियंत्रित करें, दुर्घटनाएं रोकें, धीरे चलें, जीवन अनमोल है, मेरी साइकिल, सुरक्षित सड़क मेरा अधिकार, मजबूत सड़क सुरक्षा कार्ययोजना जीवन बचाती है, सड़क हादसों पर रोक लगाओ, मजबूत सड़क सुरक्षा योजना लाओ तथा मध्य प्रदेश मांगे, मजबूत सड़क सुरक्षा कार्ययोजना जैसे संदेश शामिल थे।

विश्व साइकिल दिवस पर अस्मिता खेलो इंडिया वूमेंस साइक्लिंग लीग

भोपाल। विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर भोपाल जिला साइकिलिंग एसोसिएशन द्वारा अस्मिता खेलो इंडिया वूमेनस साइक्लिंग लीग 2026 का सफल आयोजन कलियासोत डैम स्थित वाल्मी परिसर के सामने किया गया। प्रतियोगिता में भोपाल सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से 100 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन महिलाओं में साइकिलिंग एवं फिटनेस को बढ़ावा देने तथा खेलो इंडिया अभियान के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के लिए किया गया।

रवींद्र भवन में गूंजा 'द भूत कॉर्निवाल', हॉरर फैंटेसी और डांस थिएटर का दिखा अनोखा संगम

मंच बना रहस्य, रोमांच की दुनिया, 200 कलाकारों ने रचा सिनेमाई हॉरर का जादू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अंधेरी रात, रहस्यमयी आत्माएं, अधूरी इच्छाएं और मोक्ष की तलाश... मंच पर प्रकाश, ध्वनि, धुंआ, रहस्यमयी संगीत, सिनेमाई संवाद और जीवंत अभिनय ने मिलकर ऐसा वातावरण रचा कि मानों दर्शक किसी हॉरर फैंटेसी फिल्म का हिस्सा बन गए हों.... रहस्य, रोमांच और हॉरर से परिपूर्ण यह प्रस्तुति देखने को मिली बुधवार शाम रविंद्र भवन सभागार में, मौका था नटराजन परफॉर्मिंग आर्ट्स सोसायटी द्वारा 'तरंग कला महोत्सव' के आयोजन का। 'द भूत कॉर्निवाल' की इस प्रस्तुति में भरतनाट्यम, कंटेम्परेरी, हिप-हॉप, टैंगो एवं अफ्रो जैसी विभिन्न नृत्य शैलियों का समावेश किया गया।

यह प्रस्तुति दर्शकों को एक ऐसी अलौकिक दुनिया में ले जाती हैं, जहां भूत, पिशाच और अधूरी आत्माएं बीपीएससी 'भूत, पिशाच सर्विस कमिशन' की परीक्षा पास कर एक रहस्यमयी कार्निवाल में प्रवेश करती हैं। लगभग 200 कलाकारों से सजी इस नाट्य प्रस्तुति में लेखन एवं निर्देशन जॉय वाधवानी का रहा।

'तरंग कला महोत्सव'

इजराइल, इटली एवं अफ्रीका के मृत कलाकारों के इर्द-

यह कहानी भारत, तुर्की, इजराइल, इटली एवं अफ्रीका के विभिन्न पात्रों के इर्द-गिर्द घूमती है, जिनकी मृत्यु विभिन्न दुर्घटनाओं में हो जाती है और उनकी आत्माएं अपने जीवन से जुड़े अधूरे प्रश्नों एवं भावनाओं के साथ आगे बढ़ती हैं।

अधूरी इच्छाओं और आत्मबोध के बीच जीवन का वास्तविक अर्थ

इस भयावह लेकिन रोचक संसार का संचालन करता है हेलवार्डन, जो इन आत्माओं को उनके अधूरे कार्य पूरे करने का अंतिम अवसर देता है। यह प्रस्तुति दर्शकों को डराने के साथ-साथ सोचने पर भी मजबूर करेगी कि अधूरी इच्छाएं और आत्मबोध के बीच जीवन का वास्तविक अर्थ क्या है।

डर, हास्य, संघर्ष और आत्मबोध से गुजरते दर्शक

कहानी जैसे-जैसे आगे बढ़ती है, पात्र डर, हास्य, संघर्ष और आत्मबोध से गुजरते हुए अंततः मोक्ष की ओर अग्रसर होते हैं। इस प्रस्तुति की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि यह केवल एक नृत्य-नाटिका नहीं, बल्कि एक पूर्ण सिनेमेटिक डांस थिएटर के रूप में तैयार किया गया हॉरर शो था।

भय, रहस्य और भावनाओं से परिपूर्ण संगीत

प्रस्तुति में उपयोग किए गए सभी मूल गीत, संगीत और संवाद नटराजन की टीम द्वारा विशेष रूप से इस प्रोडक्शन के लिए तैयार किए गए। भय, रहस्य और भावनाओं से भरे ये संगीत और दृश्य प्रभाव कहानी को ओर अधिक प्रभावशाली बनाते हैं। मंच सज्जा और प्रकाश संयोजन को भी हॉरर सिनेमाई शैली में डिजाइन किया गया है, जिससे हर दृश्य रोमांच और रहस्य से भर

---

6 से 10 जून तक संग्रहालय में पांच दिवसीय 'महुआ महोत्सव'

जनजातीय संस्कृति और लोक कलाओं से सजेगा वृहद 'महुआ महोत्सव'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र जनजातीय संग्रहालय की स्थापना के 13वें वर्षगांठ समारोह के अवसर पर 6 से 10 जून तक संग्रहालय में पांच दिवसीय 'महुआ महोत्सव' आयोजित किया जा रहा है। मप्र जनजातीय संग्रहालय के संग्रहाध्यक्ष अशोक मिश्र ने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ 6 जून को सायं 6.30 बजे होगा। इस अवसर पर मप्र शासन के संस्कृति मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी उपस्थित रहेंगे।

शुभारंभ दिवस पर लोकनृत्य और गोंडवानी आख्यान

महोत्सव के पहले दिन 6 जून को राजा लोहगुण्डी गोण्डवानी आख्यान आधारित नृत्य-नाट्य एवं कोरकू जनजातीय गदली नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी।

प्रतिदिन रहेगा शिल्प, स्वाद और उल्लास का संगम

महोत्सव में प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से 'धरोहर' के अंतर्गत पारंपरिक शिल्प मेला आयोजित होगा, जिसमें बांस, धातु, कपड़ा, खराद, मिट्टी एवं अन्य हस्तशिल्पों का प्रदर्शन और विक्रय किया जाएगा। वहीं 'स्वाद' के अंतर्गत मध्यप्रदेश, उड़ीसा, त्रिपुरा और असम के देशज व्यंजनों का स्वाद दर्शकों को मिलेगा। बच्चों के लिए

7 जून को निमाड़ी गायन और पनिहारी नृत्य

दूसरे दिन 7 जून को खरगोन के अश्विन यादव एवं साथी निमाड़ी गायन प्रस्तुत करेंगे। उत्तराखंड के लायक राम एवं साथी तांदी नृत्य, सोनभद्र के गजाधर एवं साथी करमा नृत्य तथा हरियाणा के अशोक गुड्डू पनिहारी नृत्य की प्रस्तुति देंगे।

8 जून को पहली बार होगी 'शिप्रा' नृत्य नाटिका : महोत्सव के तीसरे दिन 8 जून को नई दिल्ली की संगीता शर्मा एवं साथी पहली बार शिप्रा नृत्य-नाटिका का मंचन करेंगी।

9 जून को पंडवानी: चौथे दिन 9 जून को छत्तीसगढ़ की समप्रिया पूजा एवं साथी पंडवानी गायन प्रस्तुत करेंगी। त्रिपुरा का होजागिरि , सिक्किम का सिंग्गीछाम, मिजोरम का चेराव बैम्बू, उड़ीसा का रणपा, राजस्थान का आंगी, उप्र का झूमर नृत्य, डिंडोरी का गुदुमबाजा नृत्य की प्रस्तुति होगी। महोत्सव के अंतिम दिन 10 जून को प्रयागराज की वंदना मिश्रा एवं साथी अवधी गायन प्रस्तुत करेंगी।

भारत भवन में कल से सजेगा नृत्य और भक्ति का अनुपम उत्सव, 'भावानुभाव'

भोपाल। भारतीय शास्त्रीय नृत्य की समृद्ध परंपरा, आध्यात्मिक भावबोध और सौंदर्य चेतना का अद्भुत संगम 5 से 7 जून तक भारत भवन में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय नृत्य समारोह 'भावानुभाव' में देखने को मिलेगा। अनहद, भारत भवन द्वारा आयोजित इस विशेष समारोह में देश के प्रतिष्ठित नृत्यांगनाओं और कलाकारों की प्रस्तुतियां कला प्रेमियों को भारतीय सांस्कृतिक विरासत की अनुपम अनुभूति कराएंगी। भारत भवन के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी प्रेम शंकर शुक्ल ने बताया कि भावानुभाव' केवल एक नृत्य समारोह नहीं, बल्कि भारतीय शास्त्रीय नृत्य परंपराओं के माध्यम से भक्ति, सौंदर्य और आध्यात्मिक चेतना के विविध आयामों को अनुभव करने का एक दुर्लभ अवसर होगा। समारोह का शुभारंभ 5 जून को सायं 7 बजे प्रसिद्ध कथक कलाकार करण गंगानी एवं उनके साथी कलाकारों की प्रस्तुति 'वन्दे कृष्णं जगतगुरुं' से होगा। इसके बाद सायं 7:40 बजे श्वेता देवेन्द्र और उनके साथी कलाकार भरतनाट्यम शैली में 'माधव दर्शनम्' की मनोहारी प्रस्तुति देंगे। दोनों प्रस्तुतियों में श्रीकृष्ण के विविध रूपों, भावों और आध्यात्मिक आयामों की कलात्मक अभिव्यक्ति देखने को मिलेगी।

- 5 से 7 जून तक होगी सांस्कृतिक विरासत की अनुपम अनुभूति

अंतिम दिन 'राधा रास' से होगी राधा कृष्ण के दिव्य प्रेम की अनुभूति

6 जून को सायं 7 बजे कृत्य नरसिंह राणा एवं उनके साथी कलाकार ओडिसी नृत्य शैली में 'गीत गोविन्दम' प्रस्तुत करेंगे। इसके पश्चात सायं 7:40 बजे कथक नृत्यांगना क्षमा मालवीय और उनकी टीम 'अष्टपदी और नवरस' के माध्यम से भक्ति, प्रेम और मानवीय भावनाओं के विविध रंगों को मंच पर साकार करेगी। समारोह के अंतिम दिन 7 जून को सायं 7 बजे मंजरी चतुर्वेदी एवं उनके साथी कलाकारों की प्रस्तुति 'राधा रास' होगी। यह प्रस्तुति राधा-कृष्ण की दिव्य प्रेम अनुभूति और रास परंपरा को कथक के माध्यम से अभिव्यक्त करेगी।

सप्रे संग्रहालय में राज्यपाल पटेल थे मुख्य अतिथि

'पुरखों को प्रणाम : पोस्टर प्रदर्शनी' और पुस्तक 'पीर पराई जाने रे' का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल का कहना है कि आज तकनीकी सुविधाओं ने चीजों को बहुत आसान कर दिया है, लेकिन आज से दो सौ साल पहले अभावों और अंग्रेजों के आतंक बावजूद हमारे पूर्वजों ने किस तरह पत्रकारिता की थी, इस इतिहास से नई पीढ़ी को अवगत कराना बहुत जरूरी है।

राज्यपाल माधवराव सप्रे संग्रहालय में हिंदी पत्रकारिता द्विशताब्दी महोत्सव के तहत आयोजित किये जा रहे कार्यक्रमों की श्रंखला में 'पुरखों को प्रणामः पोस्टर प्रदर्शनी' तथा पुस्तक 'पीर पराई जाने रे' के विमोचन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस अवसर पर 'पुरखों को प्रणामःपोस्टर प्रदर्शनी' का आयोजन के साथ साथ पुस्तक' पीर पराई जाने रे' का विमोचन भी किया गया।

कलम के पुरखों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का भाव

संग्रहालय के संस्थापक निदेशक विजयदत्त श्रीधर ने कहा कि आयोजन के पीछे प्रदेश के आठ करोड़ नागरिकों की ओर से कलम के पुरखों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का भाव है। इस प्रदर्शनी में हमारे पूर्वज लेखकों और संपादकों से संबंधित जानकारी को संजोया गया है,जिससे आने वाली पीढ़ी इन मनीषियों के त्याग और साधना को समझ सकेगी। उन्होंने बताया कि अब यह प्रदर्शनी सप्रे संग्रहालय की दीर्घा का स्थायी हिस्सा होगी।

जरी-जरदोजी बना निर्भया की महिलाओं का हुनर, बना रहीं भोपाली बटुए

निर्भया की महिलाओं ने हुनर से बदली जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के प्रोफेसर कॉलोनी स्थित निर्भया महिला आश्रय गृह की महिलाओं ने जरी-जरदोजी में अपना हुनर दिखा दिया है। आश्रम में रहने वाली युवतियां और महिलाएं भोपाली बटुए बनाकर अपनी नई पहचान बनाई है। आश्रय गृह की महिलाओं को इसके लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया था। जिसका फायदा यह हुआ कि अब महिलाएं जरी-जरदोजी के हुनर से सुंदर पर्स, साड़ी और सूट में सुंदर कारीगरी कर रही हैं।

आश्रम की डायरेक्टर समर खान ने बताया कि आश्रय गृह की महिलाएं जरी-जरदोजी के हुनर से आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं। महिलाएं अपने हुनर से आकर्षक उत्पाद तैयार कर रही हैं, जिनमें जरी-जरदोजी युक्त सूट, पारंपरिक भोपाली बटुए, जरी कला से सजावटी फ्रेम, साड़ियों पर उत्कृष्ट जरी काम और अन्य कलात्मक उत्पाद शामिल हैं।

जंगल, जनजातीय जीवन और प्रकृति के रंगों से सजी 74वीं शलाका चित्र प्रदर्शनी

जनजातीय संस्कृति, लोक स्मृतियों और प्रकृति के साथ सहअस्तित्व दर्शाते चित्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र जनजातीय संग्रहालय की लिखन्दरा प्रदर्शनी दीर्घा एक बार फिर जनजातीय कला के रंगों और संवेदनाओं से आबाद हुई। जिसमें शलाका श्रृंखला के अंतर्गत इस माह गोण्ड जनजातीय युवा चित्रकार मनीषा धुर्वे की चित्र प्रदर्शनी सह-विक्रय का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार से शुरु हुई इस प्रदर्शनी में डिण्डोरी जिले के छोटे से ग्राम बीजापुरी में जन्मीं 32 वर्षीय मनीषा धुर्वे के जीवन से जुड़े चित्रों को बेहद ही उम्दा ढंग से दर्शाया गया, जिसमें जंगल, पहाड़ और प्रकृति के बीच के समन्वय को बेहद ही उम्दा ढंग से दर्शाया गया।

लिखंदरा प्रदर्शनी: डिंडोरी की युवा चित्रकार मनीषा धुर्वे की चित्र प्रदर्शनी सह-विक्रय का हो रहा आयोजन



पति के मार्गदर्शन में सीखी पारंपरिक गोंड चित्रकला की बारीकियां

ग्रामीण परिवेश और प्राकृतिक सौंदर्य ने बचपन से ही उनके मन में रंगों और आकृतियों के प्रति गहरा आकर्षण जगाया। सीमित संसाधनों के कारण वे केवल प्राथमिक शिक्षा तक ही अध्ययन कर सकीं, किंतु प्रकृति ही उनके लिए सबसे बड़ी पाठशाला बनी। विवाह के पश्चात उन्होंने पति संतोष धुर्वे के मार्गदर्शन में पारंपरिक गोण्ड चित्रकला की सूक्ष्मताओं को समझा और धीरे-धीरे अपनी अलग कलात्मक पहचान बनाई। उनकी चित्रशैली में जनजातीय जीवन, जंगल, पहाड़, पशु-पक्षी और प्रकृति की आत्मीयता जीवंत रूप में दिखाई देती है। उनके चित्र केवल रंगों का संयोजन नहीं, बल्कि जनजातीय संस्कृति, लोकस्मृतियों और प्रकृति के साथ सहअस्तित्व की कथा भी कहते हैं।

कर्नाटक की नई कैबिनेट की महत्वपूर्ण बातें

सीएम शिवकुमार सबसे धनी तो भागीरथी सबसे गरीब विधायक

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक में बुधवार को डीके शिवकुमार नए मुख्यमंत्री बने। सीएम शिवकुमार के अलावा लगभग 14 मंत्री शामिल हुए हैं। इनमें कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बेटे प्रियंक खरगे, सिद्धारमैया के बेटे यतींद्र और जी. परमेश्वर जैसे बड़े नाम शामिल हैं। शिवकुमार कर्नाटक के सबसे अमीर मंत्री हैं। उनकी कुल घोषित संपत्ति 1,413 करोड़ से अधिक है। सबसे कम संपत्ति वाले विधायकों (गैर-करोड़पति) में भागीरथी मुरुल्या शामिल हैं। वर्तमान कैबिनेट में शामिल सभी प्रमुख पूर्णकालिक मंत्री करोड़पति हैं।

वर्तमान में सभी मंत्री करोड़पति

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का स्वागत करते नए मुख्यमंत्री शिवकुमार

परमेश्वर एक प्रभावशाली दलित नेता

डॉ. जी परमेश्वर कर्नाटक के एक प्रभावशाली दलित नेता और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं में से हैं। उन्हें उप-मुख्यमंत्री बनाया गया है। परमेश्वर का उनका जन्म 6 अगस्त 1951 को तुमकुरु के गोल्लाहल्ली में हुआ था। उन्होंने एमएससी की पढ़ाई की है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की एडिलेड यूनिवर्सिटी से प्लांट फिजियोलॉजी में पीएचडी की उपाधि ली है। उनके नाम 10.9 सेकंड में 100 मीटर की रेस का यूनिवर्सिटी रिकॉर्ड दर्ज है।

सियासी सफर: डॉ. परमेश्वर ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की सलाह और प्रोत्साहन के बाद राजनीति में कदम रखा था। वे सबसे लंबे समय तक अध्यक्ष रहने वाले नेता हैं। वे 2018-2019 के बीच उप-मुख्यमंत्री और 2015-2017 के बीच गृह मंत्री रह चुके हैं।

पेशा और संपत्ति: उनका पेशा एलआईसी एजेंट और कृषि सलाहकार का है। उनके पास 21 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति है और उन पर लगभग 15 करोड़ की देनदारियां हैं। 3 आपराधिक मामले भी हैं।

प्रियांक खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बेटे प्रियांक कांग्रेस एक प्रभावशाली नेता हैं। कर्नाटक की नई सरकार में उन्हें मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है ।

निजी जीवन: प्रियांक का जन्म 22 नवंबर 1978 को गुलबर्गा में हुआ था। प्रियांक ने एमईएस कॉलेज, मल्लेश्वरम से पढ़ाई की है और वे प्री-यूनिवर्सिटी शिक्षित हैं।

राजनीतिक सफर: प्रियांक ने 1998 में नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया के एक कार्यकर्ता के रूप में राजनीतिक जीवन की शुरुआत की थी। सिद्धारमैया के मंत्रिमंडल में सबसे कम उम्र के मंत्री रहे।

पेशा और संपत्ति: उनके पास कुल 16.83 करोड़ से अधिक की संपत्ति है, 6.19 करोड़ की चल, 10.63 करोड़ की अचल संपत्ति है। उनके खिलाफ 9 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

यतींद्र सिद्धारमैया

पूर्व सीएम सिद्धारमैया के बेटे यतींद्र सिद्धारमैया को कैबिनेट मंत्री में शामिल किया गया है। कयास लगाए जा रहे हैं कि इस नई सरकार में उन्हें चिकित्सा शिक्षा और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की अहम जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है।

निजी जीवन : यतींद्र सिद्धारमैया का जन्म 27 जून 1980 को हुआ था। एक मेधावी छात्र रहे यतींद्र ने 2009 में बेलगावी के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज से पैथोलॉजी में एमडी. की डिग्री हासिल की है। यतींद्र अविवाहित हैं।

राजनीतिक जीवन : उनके बड़े भाई राकेश को सिद्धारमैया का राजनीतिक उत्तराधिकारी माना जाता था, लेकिन 2016 में राकेश के असामयिक निधन के कारण एक राजनीतिक शून्य पैदा हो गया। वरुणा निर्वाचन क्षेत्र की जिम्मेदारी संभालने का दबाव बढ़ने पर, 36 वर्ष की आयु में उनकी मां पार्वती के मार्गदर्शन में राजनीति में कदम रखा। पिता सिद्धारमैया देश के तीसरे अमीर सीएम थे।

खबर संक्षेप

कर्नाटक कांग्रेस के नए अध्यक्ष बने हरिप्रसाद

बेंगलुरु। कांग्रेस ने बीके हरिप्रसाद को कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस समिति का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। उन्होंने डीके शिवकुमार की जगह ली है, जिन्होंने नए मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है। सत्ता साझेदारी के तहत 3 साल बाद उन्हें सीएम बनाया गया है। हरिप्रसाद वर्तमान में कर्नाटक विधान परिषद के सदस्य हैं और उनका कार्यकाल इसी महीने समाप्त होने वाला है।

मधुबनी में 5 बच्चों की एक साथ डूबने से मौत

मधुबनी। बिहार के मधुबनी जिले में बुधवार को एक दुखद हादसे में 5 बच्चों की जान चली गई। सभी पानी से भरे एक गड्ढे में नहाने गए थे। उसमें डूबने से उनकी मौत हो गई। यह घटना बिस्फी के पतौना थाना क्षेत्र स्थित केरवार गांव की है। 3 बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 2 बच्चों को तुरंत अस्पताल ले गए। उन्होंने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इससे गांव में सन्नाटा है।

जब रक्षक ही भक्षक बने तो... जमानत रद्द की

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कथित जबरन वसूली के 3 पुलिस अधिकारियों आरोपी की अग्रिम जमानत रद्द कर दी। कोर्ट ने कहा, जब कानून लागू करने वाले अधिकारी जबरन वसूली करने वाले बन जाते हैं, तो नागरिक संदेह से देखता है, दुविधा में पड़ जाता है। न्यायमूर्ति संजय कुमार और के विनोद चंद्रन की पीठ ने बॉम्बे उच्च न्यायालय के आदेश को 'अस्पष्ट' बताया।

गांगुली की सुरक्षा 'जेड' से 'वाई' में डाउनग्रेड

कोलकाता। पूर्व भारतीय कप्तान और क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगालके अध्यक्ष सौरव गांगुली की सुरक्षा व्यवस्था में कटौती की गई है। उनकी सुरक्षा को जेड कैटेगरी से घटाकर वाई कैटेगरी कर दिया गया है। गांगुली को पिछले कुछ वर्षों से जेड श्रेणी की सुरक्षा दी जा रही थी। हालिया सुरक्षा समीक्षा के बाद राज्य प्रशासन ने उनकी सुरक्षा श्रेणी में बदलाव किया है।

आदिवासी समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ें

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब आदिवासी समुदाय विकास की मुख्यधारा से पूरी तरह जुड़ जाएगा। राष्ट्रपति एकीकृत जनजातीय विकास अभिकरणों और एकीकृत जनजातीय विकास परियोजनाओं के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। इससे देश का अहम विकास होगा।

केंद्र सरकार ने दी 39,290 करोड़ रुपए की 6 बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी

देश का बुनियादी ढांचा किया जाएगा मजबूत और विमानन क्षेत्र को झटके से उबारा जाएगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को देश के बुनियादी ढांचे (इंफ्रास्ट्रक्चर) को मजबूत करने और विमानन क्षेत्र को वित्तीय झटकों से बचाने के लिए कुल 39,290 करोड़ के 6 अहम प्रोजेक्ट्स को अपनी आधिकारिक मंजूरी दे दी है। इन नीतिगत फैसलों का सीधा असर देश की एविएशन इंडस्ट्री की बैलेंस शीट, कमर्शियल परिवहन व्यवस्था और राज्यों की इंटर-सिटी कनेक्टिविटी पर पड़ेगा। इस मेगा पैकेज में विमानन टर्बाइन ईंधन (एटीएफ) की कीमतों को नियंत्रित रखने के लिए एक विशेष फंड बनाने के साथ-साथ दिल्ली के प्रदूषण स्तर को कम करने और चार प्रमुख राज्यों में राष्ट्रीय राजमार्गों के नेटवर्क को रफ्तार देने पर रणनीतिक फोकस किया गया है।

सबसे बड़ा हिस्सा विमानन और पंर्यावरण सुधार के लिए दिया

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए

एविएशन सेक्टर और पर्यावरण सुरक्षा पर फोकस

कैबिनेट के मौजूदा फैसलों में कुल स्वीकृत बजट का एक बड़ा हिस्सा सीधे तौर पर विमानन क्षेत्र की स्थिरता और राष्ट्रीय राजधानी के पर्यावरण सुधार के लिए रखा गया है।

इंफ्रास्ट्रक्चर और एविएशन पर बड़ा दांव

10 हजार करोड़ का एटीएफ प्राइस स्टेबलाइजेशन फंड

ईंधन की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में होने वाले भारी उतार-चढ़ाव से घरेलू विमानन कंपनियों को बचाने के लिए 10,000 करोड़ रुपए का 'एटीएफ प्राइस स्टेबलाइजेशन फंड' स्थापित करने का अहम फैसला किया गया है। एविएशन इंडस्ट्री लंबे समय से ईंधन की अस्थिर लागत से जूझ रही थी। यह फंड एयरलाइंस की परिचालन लागत को स्थिर रखने और मार्जिन को सुरक्षित करने में मददगार साबित होगा। पश्चिम एशिया संकट के कारण अंतरराष्ट्रीय विमानन टर्बाइन ईंधन (एटीएफ) की कीमतें मार्च 2026 में 60.5 रुपए से बढ़कर मई 2026 में 142 रुपए प्रति लीटर हो गईं।

दिल्ली में पुराने ट्रकों और बसों को हटाने के लिए 5,041 करोड़

राजधानी दिल्ली में बढ़ते एमिशन (उत्सर्जन) और वायु प्रदूषण पर लगाम कसने के लिए एक विशेष योजना पेश की गई है। इसके तहत पुराने ट्रकों और बसों को सड़कों से हटाने की योजना को कैबिनेट ने मंजूरी दी है, जिसके लिए 5,041 करोड़ का बजटीय प्रावधान किया गया है।

24,249 करोड़ से नई सड़क और राजमार्ग बनाए जाएंगे

देश में बुनियादी ढांचे और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क को विश्वस्तरीय बनाने के उद्देश्य से, कैबिनेट ने कुल 39,290 करोड़ के इस पैकेज में से 24,249 करोड़ केवल नई सड़क और राजमार्ग परियोजनाओं के लिए आवंटित किए हैं। इससे ओडिशा, तेलंगाना, बिहार को लाभ होगा।

एयरलाइंस को मिलेगी राहत

सरकार का मुख्य फोकस लॉजिस्टिक्स की लागत कम करने, सुरक्षित व तेज यातायात सुनिश्चित करने और पर्यावरण को हो रहे नुकसान को कम करने पर है। 10,000 करोड़ के 'एटीएफ स्टेबलाइजेशन फंड' से एयरलाइंस को ईंधन के मोर्चे पर अप्रत्याशित वित्तीय झटकों से राहत मिलेगी, वहीं राजमार्ग परियोजनाओं से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

हाइवे को मिलेगी और गति

- **ओडिशा (कोस्टल हाईवे):** पूर्वी तट पर कनेक्टिविटी बेहतर करने और पर्यटन व व्यापार को बढ़ावा देने के लिए रामेश्वर, कोणार्क और पारादीप को जोड़ने वाले कोस्टल हाईवे के निर्माण को हरी झंडी दी गई है। इसके लिए 8,301 करोड़ मंजूर किए गए हैं।
- **तेलंगाना (फोर-लेनिंग प्रोजेक्ट):** दक्षिण भारत में औद्योगिक परिवहन को तेज करने के लिए तेलंगाना में नेशनल हाइवे -63 और नेशनल हाइवे -563 के विभिन्न हिस्सों को चार लेन का बनाने का फैसला हुआ है। इस परियोजना के लिए 7,597 करोड़ आवंटित किए गए हैं।
- **मध्य प्रदेश (राजमार्ग अपग्रेडेशन):** मध्य भारत में सड़क नेटवर्क को दुरुस्त करने के लिए नेशनल हाइवे -347बी के आवश्यक अपग्रेडेशन के लिए 4,415 करोड़ की धनराशि को स्वीकृति मिली है।
- **बिहार (सड़क विस्तार):** राज्य में बुनियादी ढांचे के विकास के तहत खगड़िया से पूर्णिया तक नेशनल हाइवे -31 और नेशनल हाइवे -231 के सेक्शन को चार लेन में बदलने के लिए 3,936 करोड़ रुपए दिए गए हैं।

सीबीएसई ने की फीस जमा करने की पहल

4 नए गेटवे बनाए गए, अब तक 40,000 आवेदन मिले

6 जून अंतिम तिथि रखी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) का वेरिफिकेशन और री-इवैल्युएशन पोर्टल छात्रों के भारी ट्रैफिक और कई साइबर हमलों के प्रयासों के बावजूद पूरी तरह सुरक्षित और सुचारू रूप से काम कर रहा है। सीबीएसई ने 'एक्स' पर इस बात की आधिकारिक जानकारी साझा की है। छात्रों से मिले फीडबैक के बाद बोर्ड ने पोर्टल में कई महत्वपूर्ण सुधार किए हैं, जिसमें सेशन टाइम लिमिट को बढ़ाना भी शामिल है। पोर्टल की क्षमता को अब काफी बढ़ा दिया गया है, जिससे अब एक साथ लगभग 14,000 यूजर्स इस वेबसाइट का उपयोग कर सकते हैं। आज सुबह 9:30 बजे तक 40,000 छात्र सुविधा का लाभ उठाकर अपनी आवेदन प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा कर चुके हैं।

एसबीआई सहित कई बैंकों में सुविधाएं दी

सीबीएसई ने स्पष्ट किया है कि छात्रों की सुविधा के लिए वेरिफिकेशन और री-इवैल्युएशन पोर्टल पर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई), केनरा बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और इंडियन बैंक के पेमेंट गेटवे उपलब्ध कराए गए हैं। बोर्ड ने यह भी साफ किया है कि भुगतान पूरा करने के लिए छात्रों का इन विशिष्ट बैंकों में खाता होना जरूरी नहीं है। वे इन गेटवे के माध्यम से किसी भी बैंक के ऑनलाइन भुगतान विकल्पों जैसे- यूपीआई, नेट बैंकिंग, क्रेडिट कार्ड या डेबिट से का उपयोग करके अपनी फीस जमा कर सकते हैं।

बोर्ड ने दी सतर्क रहने की सलाह

सीबीएसई ने कहा कि हमारी टीमें एक सुरक्षित, विश्वसनीय और छात्र-अनुकूल प्लेटफॉर्म सुनिश्चित करने के लिए लगातार निगरानी रख रही हैं।' इसके साथ ही बोर्ड ने छात्रों को सलाह दी है कि वे आवेदन करने से पहले आधिकारिक दिशानिर्देशों को ध्यान से पढ़ें और पोर्टल पर दर्ज की जाने वाली सभी जानकारियों की सटीकता सुनिश्चित करें। छात्र इस प्रक्रिया के लिए 6 जून तक आवेदन कर सकते हैं।

सोशल मीडिया पर भी नजर

अब सीबीएसई की टीम सक्रिय रूप से हर शिकायत का जवाब दे रही है। लॉगिन फेल होने, 'लॉगिन रिक्वेस्ट एक्सपायर्ड' या वेरिफिकेशन एरर जैसी समस्याओं पर बोर्ड ने छात्रों से सीधे संवाद किया है।

अब उत्पादक कीमतों से मापी जाएगी महंगाई 15 जून से लागू होगी नई पीपीआई व्यवस्था

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र ने देश की महंगाई और मूल्य निर्धारण संबंधी सांख्यिकीय व्यवस्था को आधुनिक बनाने को थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई), होलसेल प्राइस इंडेक्स को चरणबद्ध तरीके से समाप्त कर उसकी जगह प्रोड्यूसर प्राइस इंडेक्स (पीपीआई) लागू करने का निर्णय लिया है। केंद्र का कहना है कि यह बदलाव भारत की आर्थिक सांख्यिकी प्रणाली को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। नई श्रृंखला का विमोचन 15 जून को किया जाएगा।

अब 5 वर्षों तक साथ-साथ जारी होंगे डब्ल्यूपीआई और पीपीआई

सरकार ने स्पष्ट किया है कि डब्ल्यूपीआई को तत्काल समाप्त नहीं किया जाएगा। इसका उपयोग हजारों सरकारी और निजी अनुबंधों, परियोजनाओं तथा मूल्य वृद्धि के प्रावधानों में किया जाता है, इसलिए इसे 5 वर्षों तक जारी रखा जाएगा। इस अवधि में संशोधित डब्ल्यूपीआई और नया पीपीआई दोनों प्रकाशित किए जाएंगे। नई प्रणाली अपनाने का समय मिलेगा।

वैश्विक मानकों की ओर बड़ा कदम

विशेषज्ञों का कहना है कि डब्ल्यूपीआई से पीपीआई की ओर संक्रमण भारतीय आर्थिक सांख्यिकी प्रणाली में पिछले कई वर्षों के सबसे महत्वपूर्ण सुधारों में से एक माना जा सकता है। इससे भारत की महंगाई मापन प्रणाली अधिक आधुनिक, पारदर्शी और वैश्विक मानकों के अनुरूप बनेगी।

अंधेरी सबवे में 4 फीट तक भरा पानी, मार्ग बंद

एजेंसी ▶▶ मुंबई

देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में बुधवार को हुई तेज प्री-मानसून बारिश ने शहर की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया। मूसलाधार बारिश के कारण शहर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई, जिससे यातायात ठप हो गया। पश्चिमी उपनगरों में हालात अधिक गंभीर रहे, जहां सड़कें पानी में डूब गईं और लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। अंधेरी, जोगेश्वरी, मलाड, कांदिवली और बोरीवली जैसे इलाकों में सबसे अधिक बारिश दर्ज की गई। निचले इलाकों में पानी भर गया और कई आवासीय क्षेत्रों तथा सड़कों पर जलभराव हो गया। कुर्ला, सांताक्रूज, जुहू, बांद्रा, वर्ली और मुलुंड सहित शहर के अन्य हिस्सों में भी बारिश का असर दिखा।

आवासीय क्षेत्रों तथा सड़कों पर जलभराव, ट्रैफिक डायवर्ट

मुंबई में प्री मानसून बारिश ने शहर की रफ्तार रोकी

महत्वपूर्ण मार्ग पर यातायात ठप

सबसे ज्यादा प्रभावित स्थानों में अंधेरी सब-वे रहा, जहां 3-4फीट तक पानी भरने की सूचना है। अंधेरी सबवे को वाहनों के लिए पूरी तरह बंद कर दिया गया। इससे पूर्वी और पश्चिमी उपनगरों को जोड़ने वाले इस मार्ग पर यातायात ठप हो गया।

मानसून पर खुशखबर

अगले 24 घंटे में देगा दस्तक, अलर्ट जारी किया

नई दिल्ली। मौसम विभाग ने खुशखबरी दी है। विभाग के अनुसार अगले 24 घंटे के दौरान केरल में दक्षिण पश्चिम मानसून आने वाला है। 7 दिन तक केरल में बहुत भारी, तमिलनाडु, कर्नाटक में भारी बारिश होगी। पूरे हफ्ते उत्तर पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत, दक्षिण भारत में कई हिस्सों में 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तूफानी हवाओं के माध्यम से गरज-चमक का अलर्ट है।

भारत निर्वाचन आयोग का 2 दिनी सम्मेलन दिल्ली में शुरू

चुनावी दुष्प्रचार से निपटने 'नवाचार' पर वैश्विक मंथन होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित भारत अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रबंधन संस्थान (आईआईआईडीईएम) में 'चुनावी प्रक्रियाओं और अभियानों में मीडिया के लिए वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाएं और नवाचार' विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया।गुरुवार तक चलने वाले सम्मेलन में चुनाव प्रबंधन से जुड़ी उभरती चुनौतियों, विशेषकर डिजिटल युग में सामने आ रही समस्याओं पर चर्चा के लिए चुनाव प्रशासक, शिक्षाविद, शोधकर्ता और मीडिया विशेषज्ञ एकत्र हुए हैं। सम्मेलन में जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ), निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ), विषय विशेषज्ञ, शोधार्थी और निर्वाचन साक्षरता क्लबों के सदस्य सहित 480 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं।

नई दिल्ली स्थित आईआईआईडीईएम में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ शुभारंभ

सुझावों और चर्चाओं को शामिल किया जाएगा

केंद्रीय चुनाव आयोग

ज्ञानेश कुमार

कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि निर्वाचन आयोग बूथ स्तर के अधिकारियों और बूथ स्तर एजेंटों सहित जमीनी स्तर के चुनाव कर्मियों के लिए व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं के साथ संवाद को लगातार मजबूत कर रहा है। सम्मेलन का उद्देश्य चुनाव प्रबंधन से जुड़े अंतरराष्ट्रीय अनुभवों, आदर्श मानकों और सर्वोत्तम प्रथाओं का वैश्विक ज्ञान संसाधन तैयार करना है। सुझावों और चर्चाओं को जनवरी में भारत अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र एवं निर्वाचन प्रबंधन सम्मेलन में दिल्ली घोषणा के तहत तैयार विषयगत प्रतिवेदन में शामिल किया जाएगा।

प्रमुख चुनौतियों पर विचार-विमर्श होगा

सम्मेलन के विभिन्न सत्रों में दुनिया भर के लोकतांत्रिक देशों के सामने मौजूद प्रमुख चुनौतियों पर विचार-विमर्श किया जा रहा है। इनमें गलत सूचना और दुष्प्रचार का प्रसार, एआई आधारित डीपफेक और सिंथेटिक मीडिया का बढ़ता खतरा, डिजिटल राजनीतिक विज्ञापनों में पारदर्शिता की कमी तथा चुनाव अभियानों के दौरान ऑनलाइन मंचों की जवाबदेही जैसे विषय शामिल हैं। यह आईआईआईडीईएम व दिल्ली प्रौद्योगिकी कर रहे हैं।

सीजेपी ने 3 प्रवक्ताओं का किया ऐलान

खोजी पत्रकार सौरव को बनाया मुख्य प्रवक्ता, दहिया भी शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी ने 3 प्रवक्ताओं की नियुक्ति की है। सीजेपी ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट कॉकरोच इज बैक के जरिए सोशल मीडिया पर इन नियुक्तियों की जानकारी दी। खोजी पत्रकार सौरव दास को पार्टी का मुख्य प्रवक्ता बनाया गया है। इसके अलावा राजनीतिक शोधकर्ता, लेखिका और फिल्म निर्माता विजेता दहिया तथा आईआईटी कानपुर के पूर्व छात्र और वैश्विक प्रबंधन परामर्श कंपनी मैकिंजी से जुड़े रहे आशुतोष रांका को भी पार्टी का प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। सीजेपी ने कहा है कि वह भारत में राजनीतिक विमर्श को बदलने के लिए प्रतिबद्ध है और इस पहल का नेतृत्व नई पीढ़ी के नेता करेंगे। पोस्ट में दावा किया गया है कि पार्टी का उद्देश्य देश में नई राजनीतिक सोच और संवाद को बढ़ावा देना है, जिसके लिए युवा नेतृत्व को आगे लाया जा रहा है।

इस हमले में इमारत को गंभीर नुकसान पहुंचा और कई व्यक्तियों को चोटें आई हैं। सुरक्षा कारणों से कुवैत ने हवाई यातायात को रोक दिया है और उड़ानों को दूसरे हवाई अड्डों की तरफ मोड़ दिया गया है

ईरान का कुवैत पर ड्रोन से हमला

एक भारतीय की मौत, कई घायल, एयरपोर्ट को भारी नुकसान, कई उड़ानें निलंबित कीं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ईरान ने बुधवार को कुवैत और बहरीन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर कई मिसाइलें और ड्रोन हमले किए। एक हमला कुवैत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की पैसेंजर बिल्डिंग (टी1) को निशाना बनाकर किया गया था। हमले में एक भारतीय नागरिक की जान चली गई है। इन हमलों में कुवैत के हवाई अड्डे को भी भारी नुकसान पहुंचा है। कुवैत विदेश मंत्रालय ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा है कि देश के हवाई अड्डे पर एक ईरानी ड्रोन हमले के बाद वाणिज्यिक उड़ानों को निलंबित कर दिया है। इस हमले में कई लोग घायल हुए हैं।

ईरान का दावा: हमने अमेरिका के सैन्य ठिकानों को बनाया निशाना

ईरानी हमले में क्षतिग्रस्त कुवैत का हवाई अड्डा

कुवैत की चेतावनी: नागरिकों की सुरक्षा सर्वोपरि, हमला बर्दाश्त नहीं

भारतीय दूतावास पीड़ित परिवार के संपर्क में

कुवैत में स्थित भारतीय दूतावास ने हमले में भारतीय नागरिक के मारे जाने की पुष्टि की है। दूतावास ने भारतीय नागरिक की मौत पर गहरा दुख जताया है। दूतावास के अधिकारी पीड़ित परिवार के साथ लगातार संपर्क में बने हुए हैं। वे परिवार को हर मुमकिन सहायता और सहयोग देने के लिए कुवैत के अधिकारियों के साथ तालमेल बिठा रहे हैं।

भारत बोला- नागरिक आबादी को निशाना बनाना सही नहीं

विदेश मंत्रालय ने इस हमले की निंदा करते हुए कहा कि इस साल 28 फरवरी को हुई इस युद्ध की शुरुआत के बाद से भारत ने लगातार सभी पक्षों से मजबूती के साथ यह आग्रह किया है कि किसी भी रूप में नागरिक आबादी और उनसे जुड़े हुए बुनियादी ढांचों को निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। अब इस घटना के सामने आने के बाद हम एक बार फिर से ऐसे हमलों को तुरंत रोकने का आह्वान करते हैं।

हमने जवाबी हमला किया: ईरान

ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरसीजी) का कहना है कि उन्होंने यह हमला जवाबी कार्रवाई के तौर पर किया है। अमेरिका ने होर्मुज जलडमरूमध्य के पास उनके एक तेल टैंकर और कश्म द्वीप पर एक संचार टावर को निशाना बनाया था। इसके जवाब में ईरान ने बहरीन में मौजूद अमेरिकी नौसेना के पांचवें बेड़े के मुख्यालय और एक क्षेत्रीय एयरबेस पर मिसाइलें और ड्रोन दागे।

ईरान ने अंतरराष्ट्रीय नियम तोड़े

मामले में कुवैत विदेश मंत्रालय ने इस हमले के लिए ईरान को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि बैलिस्टिक मिसाइलों और ड्रोन के जरिए लगातार हमले किए जा रहे हैं, जो क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा हैं। मंत्रालय के अनुसार तड़के हुए इस हमले में एयरपोर्ट समेत कई महत्वपूर्ण नागरिक ठिकानों और राजनयिक परिसरों को नुकसान पहुंचा।

खबर संक्षेप

थाईलैंड के पूर्व पीएम को मिली शाही माफी

बैंकॉक। थाईलैंड के पूर्व पीएम थाकसिन शिनावात्रा ने शाही माफी मिलने के बाद अपनी जेल की सजा से जुड़ी सभी कानूनी जिम्मेदारियां पूरी कर ली हैं। उनकी पैरोल समय से पहले समाप्त कर दी गई। 76 वर्षीय नेता 2001 से 2006 तक पीएम रहे थे और सैन्य तख्तापलट के बाद लंबे समय तक निर्वासन में रहे थे। 76 वर्षीय अरबपति और लोकप्रिय नेता को पिछले महीने बैंकॉक की जेल से रिहा किया गया था। थाईलैंड के राजा महा वाचिरालोंगकोन द्वारा जारी किया गया माफी आदेश मंगलवार को रॉयल गजट में प्रकाशित हुआ।

जैसलमेर में पाक सिम कार्ड पर पूर्ण प्रतिबंध

जैसलमेर। राजस्थान के जैसलमेर जिला प्रशासन ने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े गंभीर कारणों का हवाला देते हुए सीमावर्ती इलाकों में पाकिस्तानी सिम कार्ड के इस्तेमाल और पास रखने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है। जिला कलेक्टर और जिला मजिस्ट्रेट अनुपमा जोरवाल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा 163 के तहत यह आदेश जारी किया है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

इंग्लैंड में हेलिकॉप्टर दुर्घटना में 3 की मौत

लंदन। ब्रिटेन की रॉयल नेवी ने बुधवार कहा कि प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दक्षिण-पश्चिम इंग्लैंड में एक हेलिकॉप्टर दुर्घटना में उसके तीन सदस्यों की मौत हो गई। हेलिकॉप्टर इंग्लैंड के डेवन काउंटी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। नौसेना के प्रमुख जनरल ग्विन जेनकिंस ने कहा कि रॉयल नेवी का 'मर्लिन एमके4' हेलिकॉप्टर सुबह सोर्टन, डेवोन के निकट दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे उसमें सवार चालक दल के तीन सदस्यों की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि इस मामले में जांच की जा रही है।

भारत-नेपाल की मित्रता और गहरी होगी

पीएम मोदी ने लामिछाने से की भेंट, सहयोग को बढ़ाएंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और नेपाल के बीच पारंपरिक मित्रता और सहयोग को और मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए भारत के पीएम नरेंद्र मोदी ने नेपाल की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (राष्ट्रीय स्वतन्त्र पार्टी) के अध्यक्ष रबि लामिछाने से मुलाकात की।

इस दौरान दोनों पक्षों ने साझा समृद्धि, विकास और क्षेत्रीय सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। पीएम ने 'एक्स' पर इसकी जानकारी देते हुए कहा कि रबि लामिछाने के मुलाकात कर बहुत प्रसन्नता हुई। मैं साथ मिलकर साझा और समृद्ध भविष्य के निर्माण की इच्छा का पूरी तरह समर्थन करता हूं। भारत के लिए नेपाल उसकी 'नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी' के तहत एक महत्वपूर्ण और प्राथमिक साझेदार है।

पीएम बोले- नई सरकार के साथ संबंधों को देंगे नई ऊंचाई

कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाएंगे

पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और आर्थिक संबंध लंबे समय से मजबूत रहे हैं, जिन्हें और सशक्त बनाने पर जोर दिया गया। भारत और नेपाल के बीच सहयोग केवल राजनीतिक स्तर तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यापार, ऊर्जा, कनेक्टिविटी, शिक्षा, पर्यटन और लोगों के बीच आपसी संपर्क जैसे कई क्षेत्रों तक फैला हुआ है। भारत की 'पड़ोसी प्रथम' नीति के तहत नेपाल के साथ घनिष्ठ सहयोग आने वाले समय में द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक व्यापक तथा मजबूत बना सकता है।

भविष्य के विजन में सहभागी होगा नेपाल

पीएम मोदी के इस पोस्ट के जवाब में रबी लामिछाने ने लिखा कि पीएम नरेंद्र मोदी के साथ आज एक घंटे तक इतनी सार्थक चर्चा करना सचमुच बहुत ही सुखद रहा। भविष्य के लिए मैं आपके इस विजन में सहभागी हूं, जिसमें नेपाल और भारत अतीत की बाधाओं को पीछे छोड़ते हुए विकास की कूटनीति के एक नए युग को अपनाएंगे। साझा सभ्यतागत रिश्तों, डिजिटल कॉरिडोर और निर्बाध कनेक्टिविटी पर फोकस करके, हम वास्तव में एक ऐसी साझेदारी तैयार कर सकते हैं, जिसकी पहचान प्रगति और आपसी भरोसा हो।

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अमेरिकी राजदूत गोर का बड़ा बयान

अंतिम चरण में डील, अब सिर्फ एक प्रतिशत काम बाकी, दोनों देशों को मिलेगा 'फायदा'

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारत और अमेरिका के बीच बहुप्रतीक्षित व्यापार समझौते को लेकर भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने बड़ा बयान दिया है। मुंबई में आयोजित सिटी 2026 इंडिया कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापार समझौता लगभग अंतिम चरण में पहुंच चुका है और अब केवल एक प्रतिशत काम बाकी है।

दोनों देश इस समझौते को लेकर बेहद आशावादी हैं और यह डील भारत और अमेरिका दोनों के लिए फायदे का सौदा साबित होगी। उन्होंने कहा कि कहा कि भारत और अमेरिका के रिश्ते केवल व्यापार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह साझेदारी आने वाले समय में दुनिया की दिशा तय करेगी। उन्होंने कहा कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो का चार दिनों तक भारत दौरे पर रहना इस रिश्ते की गंभीरता और गहराई को दिखाता है। गोर ने कहा कि अमेरिका भारत को रणनीतिक साझेदार के रूप में देखता है और दोनों देशों के बीच लगातार भरोसा मजबूत हो रहा है।

- यह साझेदारी भविष्य में दुनिया की दिशा तय करेगी

> सर्जियो गोर ने कहा कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो का चार दिनों तक भारत दौरे पर रहना इस रिश्ते की गंभीरता और गहराई को दिखाता है। अमेरिका भारत को रणनीतिक साझेदार के रूप में देखता है और दोनों देशों के बीच लगातार भरोसा मजबूत हो रहा है

समझौते से दोनों देशों की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी

आपसी निवेश से रोजगार और उद्योगों को लाभ होगा

मुंबई में कार्यक्रम को संबोधित करते अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर

अमेरिकी कंपनियां भारत में निवेश कर रहीं

अमेरिकी राजदूत ने कहा कि प्रस्तावित व्यापार समझौता दोनों देशों की अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा। भारत और अमेरिका के बीच बढ़ते निवेश से रोजगार, तकनीक और उद्योगों को बड़ा लाभ मिलेगा। अमेरिका की कई बड़ी कंपनियां भारत में भारी निवेश कर रही हैं, जिससे भारत की डिजिटल और तकनीकी ताकत और बढ़ेगी। भारत और अमेरिका आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), डिजिटल टेक्नोलॉजी और दवा उद्योग में मिलकर काम कर रहे हैं।

दोनों देशों के शीर्ष नेताओं ने की पहल

गोर ने बताया कि राष्ट्रपति ट्रंप और पीएम नरेंद्र मोदी ने फरवरी 2025 में ट्रस्ट पहल शुरू की थी। इसका मकसद रणनीतिक तकनीकों, एआई विकास और भरोसेमंद सप्लाई चेन को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि आज अमेरिका में इस्तेमाल होने वाली करीब 40 प्रतिशत जेनेरिक दवाएं भारत से जाती हैं। दोनों देश नागरिक परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में भी साझेदारी बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले दशकों में इस क्षेत्र में सहयोग और मजबूत होगा।

क्रिटिकल मिनरल्स फ्रेमवर्क पर हस्ताक्षर

सर्जियो गोर ने बताया कि भारत और अमेरिका ने हाल ही में क्रिटिकल मिनरल्स फ्रेमवर्क पर भी हस्ताक्षर किए हैं। इसका मकसद ऊर्जा और उन्नत तकनीक के लिए जरूरी खनिजों की सुरक्षित आपूर्ति सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका मिलकर सप्लाई चेन को सुरक्षित बनाना चाहते हैं किसी एक देश के दबदबे पर निर्भरता कम हो। दोनों देश ऐसे नेटवर्क तैयार कर रहे हैं जो बाजार में दबाव और एकाधिकार की स्थिति को कमजोर कर सकें।

अमेरिका के प्रस्तावित टैरिफ पर भारत रख रहा नजर

अमेरिका द्वारा जबरन श्रम (फोर्स्ड लेबर) से जुड़े मुद्दों को आधार बनाकर भारत समेत 54 देशों पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने के प्रस्ताव पर सरकार ने प्रतिक्रिया दी है। भारत सरकार ने कहा है कि वह इस मामले में अमेरिकी प्रशासन के साथ लगातार संपर्क में है। वाणिज्य मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि भारत सेक्शन 301 की कार्यवाही को लेकर अमेरिका के साथ संवाद बनाए हुए है और साथ ही अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए भी बातचीत जारी है। बता दें, अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय ने सेक्शन 301 जांच के तहत भारत सहित 54 अर्थव्यवस्थाओं से आयात होने वाले उत्पादों पर 12.5 प्रतिशत तक अतिरिक्त टैरिफ लगाने का प्रस्ताव रखा है। इस प्रस्ताव पर फिलहाल परामर्श प्रक्रिया चल रही है।

दुनिया की सबसे लंबी उड़ान का सफल परीक्षण

17000 किमी की दूरी 22 घंटे में तय होगी

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलियाई एयरलाइन 'क्वांटास' का 'प्रोजेक्ट सनराइज' महत्वपूर्ण पड़ाव पार कर गया है। इस परियोजना के तहत यात्री ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी तट से लंदन और न्यूयॉर्क तक बिना किसी स्टॉपओवर के उड़ान भर सकेंगे। इस हफ्ते एयरबस ने विशेष रूप से डिजाइन किए गए ए350-1000यूएलआर विमान की पहली सफल उड़ान पूरी कर ली गई है। फ्रांस के टूलूज-ब्लेगनैक हवाई अड्डे से शुरू हुई यह उड़ान तीन घंटे 43 मिनट तक चली। विमान 41,000 फीट से अधिक ऊंचाई पर पहुंचा। इस विमान से सिडनी से लंदन और न्यूयॉर्क की 17,000 किमी लंबी दूरी तय करने वाली 22 घंटे की उड़ानें संभव हो सकेंगी।

देश के तीन शिपयार्ड ने कर दी इन युद्धपोतों की नौसेना को डिलीवरी

नौसेना के जंगी बेड़े में जल्द कमीशन होंगे पांच स्वदेशी युद्धपोत, बढ़ेगी मारक क्षमता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

करीब एक से दो महीने के अंदर भारतीय नौसेना के युद्धक बेड़े की मारक क्षमता में कई गुना की बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। इसका मुख्य कारण देश के प्रमुख शिपयार्डों गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई), मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) और कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल) द्वारा सौंपे गए पांच स्वदेशी युद्धपोतों (दूनागिरी, संशोधक, अग्रय, महेंद्रगिरी और मालवान शामिल) को नौसेना में आधिकारिक रूप से कमीशन किया जाना है।

नेवी को अप्रैल-मई में मिले युद्धपोत

इन 5 युद्धपोतों में से 3 का निर्माण कोलकाता स्थित जीआरएसई ने किया है। जिसमें दूनागिरी, संशोधक और अग्रय मुख्य हैं। अग्रय एक एंटी सबमरीन शैलो वाटर क्राफ्ट (एएसडब्ल्यू-एसडब्ल्यूसी) है। जीआरएसई ने इन तीनों युद्धपोतों की अप्रैल महीने में नौसेना को डिलीवरी कर दी है। एमडीएल में बनाए गए महेंद्रगिरी की डिलीवरी नौसेना को मई महीने में की गई थी। सीएसएल द्वारा निर्मित मालवान भी एक एएसडब्ल्यू-एसडब्ल्यूसी पोत है। जिसकी डिलीवरी अप्रैल माह में कर दी गई है।

पांच युद्धपोतों की खास बातें

दूनागिरी: *प्रोजेक्ट 17 अल्फा के तहत बनाया गया नीलगिरी श्रेणी का पांचवां युद्धपोत है। जिसमें अत्याधुनिक स्टेल्थ तकनीक के अलावा ब्रह्मोस मिसाइल के साथ कई अन्य मारक हथियार लगाए हैं।*

महेंद्रगिरी: *यह नौसेना की 17 अल्फा परियोजना का आखिरी स्टेल्थ फ्रिगेट है।*

संशोधक: *यह चार बड़े सर्वे जहाजों में से आखिरी है। 110 मीटर लंबाई और वजन 3,400 टन है। समुद्र में जहाज की गति 18 नॉट्स से अधिक रह सकती है।*

अग्रय: *यह चौथा एएसडब्ल्यू-एसडब्ल्यूसी है। लंबाई करीब 77 मीटर है। यह दुश्मन की पनडुब्बियों का समुद्र के अंदर तेजी से पता लगाया जा सकता है।*

मालवान: *यह दूसरा एएसडब्ल्यू-एसडब्ल्यूसी है। जहाज की लंबाई 80 मीटर और कुल वजन 1,110 टन है।*

इस साल वायुसेना के स्थापना दिवस समारोह में आकर्षण का केंद्र बनेगा यूपी

पुलिस खंगाल रही भारत में कैसे दाखिल हुए, क्या काम किया

हिंडन एयरबेस पर परेड और वाराणसी में होगा विमानों का अद्भुत फ्लाईपास्ट

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली

इस वर्ष भारतीय वायुसेना 8 अक्टूबर को अपनी स्थापना की 94वीं वर्षगांठ मनाएगी। इससे जुड़े हुए सभी महत्वपूर्ण आयोजन यूपी में आयोजित किए जाएंगे। वायु योद्धाओं का भव्य परेड समारोह गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस पर होगा। जबकि वायुसेना के तमाम विमान और हेलीकॉप्टर सूबे में स्थित वाराणसी के आसमान को अपने हवाई करतब से गुंजायमान करेंगे। परेड में रक्षा मंत्री सहित तीनों सेनाओं के प्रमुख उपस्थित रहेंगे।

देशभर के लोगों को मिलता रोमांचक अनुभव

वायुसेना प्रमुख एपी सिंह परेड की सलामी लेते हुए फाइल फोटो

पहले वायुसेना दिवस से जुड़े यह दोनों कार्यक्रम राष्ट्रीय राजधानी में ही होते थे। लेकिन पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में चार साल पहले वर्ष 2022 में इसमें तब्दीली की गई थी। जिसके हिसाब से अब वायुसेना अपने स्थापना दिवस समारोह को दो भाग में दिल्ली के बाहर किसी स्थान पर आयोजित कर रही है। इस बदलाव के पीछे पीएम की सोच यही है कि इस अहम समारोह को देश के बाकी भागों में रहने वाले लोग भी प्रत्यक्ष रूप से देखकर का लुत्फ उठा सकें और उन्हें भी वायुसेना को और अधिक करीब से जानने का मौका मिले।

इन जगहों पर हो चुके आयोजन

दिल्ली से बाहर पहली बार वर्ष 2022 में परेड और फ्लाईपास्ट चंडीगढ़ में आयोजित किया गया था। जिसमें परेड वायुसेना के चंडीगढ़ एयरबेस और फ्लाईपास्ट सुखना झील के इलाके में हुआ था। साल 2023 में परेड और फ्लाईपास्ट समारोह दोनों प्रयागराज में हुए थे। 2024 में आयोजन तमिलनाडु में हुआ था। जिसमें परेड समारोह तामबरम एयरबेस पर हुआ और फ्लाईपास्ट मरीना समुद्र तट पर पर आयोजित किया गया था। साल 2025 में हिंडन एयरबेस पर हुई और फ्लाईपास्ट गुवाहाटी में हुआ था। बता दें, भारतीय वायुसेना की स्थापना 8 अक्टूबर 1932 में ब्रिटिश वायुसेना की एक सहायक भारतीय शाखा के रूप में हुई थी। वर्ष 1950 में भारत के गणतंत्र बनने के बाद इसका नाम भारतीय वायुसेना कर दिया गया। वायुसेना का आदर्श वाक्य नभः स्पृशं दीप्तम है। जिसका अर्थ गौरव के साथ आकाश को छूना है।

बुलेट ट्रेन परियोजना में मिली कामयाबी

महाराष्ट्र में तीसरी पर्वतीय सुरंग का निर्माण सफलतापूर्वक हुआ पूरा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना में एक महत्वपूर्ण इंजीनियरिंग उपलब्धि के रूप में महाराष्ट्र के पालघर जिले के दहानू तालुका के अंबेसारी गांव में तीसरी पर्वतीय सुरंग (एमटी-07) का निर्माण सफलतापूर्वक पूरा हो गया है। मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना उन्नत सुरंग, निगरानी और निर्माण प्रौद्योगिकियों को अपनाने को बढ़ावा दे रही है। रेल मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी है।

सुरंग 417 मीटर लंबी और 14.4 मीटर चौड़ी

खुशी जाहिर करते इंजीनियर्स

बुलेट ट्रेन कॉरिडोर की दोनों ओर की पटरियों के लिए हाल ही में बनकर तैयार हुई एमटी-07 पर्वतीय सुरंग 417 मीटर लंबी और 14.4 मीटर चौड़ी है। इस सुरंग की खुदाई दोनों सिरों से नियंत्रित ड्रिलिंग और विस्फोट विधि द्वारा की गई।

अत्याधुनिक प्रणालियों का उपयोग किया

खुदाई की पूरी प्रक्रिया की अवधि में संरचनात्मक स्थिरता, श्रमिकों की सुरक्षा और सटीक निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए अत्याधुनिक निगरानी प्रणालियों, तकनीकी उपकरणों का उपयोग किया गया। सरफेस सेटलमेंट पॉइंट्स, 3डी टारगेट, स्ट्रेन गेज और सिस्मोग्राफ सहित वास्तविक समय की निगरानी व्यवस्थाओं द्वारा कंपन, सुरंग की गतिविधि पर निरतंर नजर बनाई रखी गई।

पेज एक का शेष....

नींद में ही 'जिंदा' ...

कूद पड़ा। उनकी जान तो बच गई पर किसी का हाथ टूट गया तो किसी का पैर। एक गद्दा बेचने वाले ने लोगों के होटल से कूदने पर उन्हें चोट न लगे इसके लिए जमीन पर गद्दे बिछा दिए थे। दिल्ली पुलिस ने कहा कि होटल का मालिक लवकेश बजाज है। होटल को तीन पार्टनर चलाते थे। इनके बारे में कहा जा रहा है कि ये लोग दिल्ली में कई होटल और गेस्ट हाउस के मालिक हैं। पुलिस और दूसरी जांच एजेंसियां मालिकाना हक, ऑपरेशन और फायर सेफ्टी स्टैंडर्ड के पालन की जांच कर रही हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक्स पोस्ट में दुख जताते हुए लिखा कि विदेश मंत्रालय संबंधित दूतावासों के संपर्क में है और सभी आवश्यक सहायता प्रदान कर रहा है।

सीएम रेखा गुप्ता ने जताया दुख: दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि मालवीय नगर में हुई भीषण अग्निकांड की घटना में हुई जनहानि से मैं अत्यंत दुखी हूं। शोकाकुल परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं हैं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने तथा इस हृदयविदारक त्रासदी से प्रभावित सभी लोगों को शक्ति और साहस प्रदान करने की प्रार्थना करती हूं।

6 रूम की परमिशन ...

और एक्स भी है। बताया जा रहा है कि इन अस्पतालों में इलाज कराने आने वालों के परिजन भी इस होटल में रुका करते थे।

वायरल गर्ल को माना ...

नहीं कर सकेगी। इस अवधि में वह अग्रिम जमानत के लिए मध्य प्रदेश की सक्षम अदालत में याचिका दायर कर सकता है। केरल हाईकोर्ट के जस्टिस कौसर एडप्पागथ ने स्पष्ट किया कि युवती के जन्म प्रमाणपत्र के अनुसार उसकी जन्मतिथि 1 जनवरी 2008 है, जिससे वह कानूनन बालिग साबित होती है। हालांकि, एमपी पुलिस की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने दावा किया था कि यह प्रमाण पत्र फर्जी है। उन्होंने दोनों के अलग-अलग धर्मों का होने के कारण मंदिर में हुई शादी को भी अवैध बताया था।

15 से खुलेंगे ...

ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 5 जून 2026 से शुरू होगी। भक्तों को आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना स्लॉट बुक करना होगा। दरअसल, आगामी सिंहस्थ कुंभ मेला 2027 की बड़ी तैयारियों और बुनियादी ढांचे (इन्फ्रास्ट्रक्चर) के विकास कार्यों के चलते मंदिर को अस्थायी रूप से बंद किया गया था। इस पांच महीने की अवधि में श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा, परिसर के विस्तार और आवागमन को बेहतर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य पूरे किए गए हैं। प्रशासन ने भक्तों से समय पर अपना ऑनलाइन पंजीकरण कराने की अपील की है।

बुधवार को यहां ...

खबर है। देर शाम भोपाल, छतरपुर, दमोह, बैतूल, पांढुर्णा, सिवनी, रायसेन, बालाघाट, मंडला, डिंडोरी में मौसम बदलने से कुछ राहत रही।

पेज दो का शेष....

4,415 करोड़ के....

दी। इसके अलावा मंत्रिमंडल ने हिवरखेड़ी-रोशनी-आशापुर-रुधी सेक्शन पर मौजूदा इंटरमीडिएट लेन को पेव्ड शोल्डर वाले 2-लेन मार्ग में अपग्रेड करने को भी मंजूरी दे दी। दोनों रोड प्रोजेक्ट्स के अलावा खरगोन में 16 किमी का नया ग्रीनफील्ड बाईपास बनाने को भी मंजूरी दी गई। इस बैठक में छह महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिनकी जानकारी एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान केंद्रीय सूचना-प्रसारण व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी।

चार जिलों को ...

और घनी आबादी वाले इलाकों में भारी जाम की समस्या है। लेकिन कैबिनेट के फैसले के बाद होने वाले सुधार से लोगों को इन समस्याओं से तो छुटकारा मिलेगा ही, साथ ही इस मार्ग पर वाहनों की औसत गति भी बढ़ेगी और यात्रा के समय में भारी कमी भी आएगी। इसके अलावा गति बढ़ने से ईंधन की बचत होगी और वाहनों के रखरखाव के खर्च में भी कमी आएगी।

डॉ. यादव के ....

है। यह कार एक बार चार्ज करने पर 500 किमी का सफर तय करती है। सीएम डॉ. यादव इस ईवी से मुख्यमंत्री निवास से स्टेट हैंगर भोपाल तक गए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की नई कार को एमपी-02-वीबी-2047 नंबर मिला है। इस नंबर में 'वीबी' का अर्थ 'विकसित भारत' से लगाया जा रहा है। जबकि, 2047 को प्रधानमंत्री मोदी के विकसित भारत के लक्ष्य के प्रतीक के तौर पर देखा जा रहा है। कार में 360 डिग्री कैमरा सहित सारी आधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं। इस कार से सफर करके मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पर्यावरण संरक्षण का संदेश देंगे। गौरतलब है कि इसके ड्राइवरों को विशेष प्रशिक्षण भी दिया गया।

सीएम ने कई ...

जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ टैंपो ट्रेवलर बस में सफर किया। उससे पहले सिंगरौली दौरे के दौरान वे टूरिस्ट बस में बैठकर कार्यक्रम स्थल पहुंचे थे। सीएम डॉ. यादव के काफिले में गाड़ियों की संख्या को भी घटाकर कम कर दिया है।

28 साल पुरानी ...

बात करने की कोशिश की तो पहले तीन दिन तो मुझे घुसने ही नहीं दिया गया। भ्रष्टाचार इस चुनाव का अहम मुद्दा रहा। बार-बार बोलने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई, जबकि सबूत थे। फिर बोला गया कि चुनाव के बाद कुछ लोगों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। अभिषेक बेनर्जी चोरों की तरह पिटने के बाद बोले कि आवाम उनकी सुरक्षा करेगी। फिर उनकी तरफ से सुरक्षा के लिए चिट्ठी लिखी गई। भाजपा भी इस पूरे घटनाक्रम पर करीबी नजर बनाए हुए है और इसे टीएमसी की अंदरूनी कमजोरी के तौर पर देख रही है।

1.79 लाख छात्रों ....

स्टोरेज कॉन्फिगरेशन की समस्या की वजह से अभ्यर्थियों से जुड़ा डेटा बिना किसी ऑथेंटिकेशन के आनलाइन लीक हो गया है। शोधकर्ता ने दावा किया कि लगभग 1.79 लाख छात्र-छात्राओं के परीक्षा रिकॉर्ड और करीब 1.87 लाख के एडमिट कार्ड की पीडीएफ फाइलें बिना किसी ऑथेंटिकेशन के एक्सेस की जा सकती थी। उनके अनुसार लीक हुई जानकारी में अभ्यर्थियों के नाम, जन्मतिथि और मोबाइल नंबर शामिल थे। उनकी पोस्ट में शेयर किए गए स्क्रीनशाट में एडमिट कार्ड फाइलों और अभ्यर्थियों से जुड़े डेटा की सूची दिखाई दे रही थी। शोधकर्ता का कहना है कि यह समस्या क्लाउड स्टोरेज कॉन्फिगरेशन में हुई खामी की वजह से हुई थी।

सीबीआई अफसर ...

कॉल करने वाली महिला ने खुद को दिल्ली टेलीकॉम विभाग की अधिकारी अदिति शर्मा बताते हुए दावा किया कि उनके नाम पर जारी एक बैंक खाते से करोड़ों रुपए की मनी लॉड्रिंग हुई है। गिरफ्तारी का डर दिखाकर ठगों ने उनकी बात कथित आईपीएस अधिकारी सुनील कुमार गौतम और खुद को सीबीआई टीम लीडर बताने वाले प्रदीप सिंह से कराई। ठगों ने बुजुर्ग को इस कदर डराया कि वे कई दिनों तक घर में ही कैद रहे और हर घंटे आरोपियों को 'वी आर सेफ' का कोडवर्ड भेजते रहे। जांच के नाम पर ठगों ने 18 मई को बुजुर्ग और उनकी पत्नी की चार एफडी तुड़वाकर 22 लाख रुपए आरटीजीएस के जरिए ट्रांसफर करवा लिए। जब ठगों ने 8 लाख रुपए की और मांग की, तब पीड़ित को शक हुआ।

लाहोटी होंगे मप्र ...

संवैधानिक, दीवानी और प्रशासनिक मामलों में उनकी गहरी पकड़ और लंबे अनुभव को देखते हुए कॉलेजियम ने उनके नाम पर मुहर लगाई है। वर्तमान में हाई कोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश (एसीजे) के रूप में जस्टिस विवेक रूसिया कमान संभाल रहे हैं।

संविधान हाथ में ....

शपथ ली। पहले कयास लगाए जा रहे थे कि कांग्रेस कर्नाटक में चार डिप्टी सीएम बना सकती है। लेकिन, पार्टी ने जी परमेश्वर को ही डिप्टी सीएम पद की शपथ दिलाई। डीके शिवकुमार के साथ शपथ लेने वाले नेताओं में सिद्धारमैया के बेटे यतींद्र सिद्धारमैया और मल्लिकार्जुन खरगे के बेटे प्रियांक खरगे भी शामिल है। दोनों ने डीके शिवकुमार की कैबिनेट में जगह बनाई है। सिद्धारमैया ने 28 मई को सीएम पद से इस्तीफा दे दिया था। वे 20 मई 2023 से 28 मई 2026 तक मुख्यमंत्री रहे।

शपथ में राहुल-...

हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना के कांग्रेस मुख्यमंत्री और अन्य कांग्रेस नेता शामिल हुए। शपथ ग्रहण से ठीक एक दिन पहले सिद्धारमैया को कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) का सदस्य नियुक्त किया गया। सोनिया गांधी ने शपथ लेने से पहले डीके शिवकुमार को फोन पर बधाई दी।

सुरक्षा कारणों से ....

देकर पुरुष मेडिकल वार्ड में रखा गया है। प्रवेश के बाद दोनों को रात के भोजन में पकौड़े वाली कढ़ी, रोटी और सब्जी दी गई। जेल प्रशासन ने नियमानुसार उन्हें थाली, कटोरी और गिलास उपलब्ध कराया। बुधवार सुबह चाय के साथ नाश्ते में नमकीन दलिया परोसा गया। दोपहर के भोजन में करेले की सब्जी, चने की दाल, रोटी और चावल दिए गए। जेल अधिकारियों के अनुसार, फिलहाल दोनों को किसी विशेष वार्ड में नहीं भेजा गया है और वे अन्य विचाराधीन बंदियों की तरह सामान्य प्रक्रिया के तहत रह रहे हैं।

कार्यालय नगर परिषद पलेरा जिला टीकमगढ़ (म.प्र.)

क्र/लो.नि.वि../ निविदा/2026/900 — पलेरा दिनांक 03/06/2026

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीय ई-रजिस्ट्रेशन प्रणाली से पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण विभाग की वेवसाइड www.mpetender.gov.in पर देखा जा सकता है। कार्यों का विवरण निम्नानुसार है-

क्र.	टेण्डर क्रमांक एवं जारी दिनांक	कार्य का नाम एवं विवरण	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं (EMD)	निविदा की अंतिम तिथि
1	2026_UAD_512766_1 04/06/2026	नगर के विभिन्न स्थानो पर तार फेसिंग कार्य।	6 माह 1638767/-	2000/- 13000/-	04/07/2026

नोट :- निविदा से सबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https:mpetender.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद पलेरा

Online Tender Document" Purchase Of OR CODE READER For SCRB PHQ" M.P. Police

STATE CRIME RECORDS BUREAU,
POLICE HEADQUARTER, M.P., BHOPAL

No./PHQ/SCRB/STORE/1077/2026 — Bhopal, Dated 01.06.2026

"ONLINE TENDER NOTICE"

Online tender are invited by Assistant Inspector General of SCRB, Police Head Quarter, Bhopal on behalf of DGP of MP, for the following on website https://mptenders.gov.in/nicgep/app

SN.	Name of Works	EMD Paid Online Through mptenders.gov.in
1	Purchase Of QR CODE READER For SCRB PHQ" M.P	68220/-

1. Bids shall be submitted online only at GEM PORTAL.
2. Critical Date Sheet:

Published Date	29/05/2026
Pre bid meeting	02/06/2026 Time 12:00
Bid Submission End Date	13/06/2026 Time 18:00
Bid Opening Date	13/06/2026 Time 18:30

AIG SCRB
FOR : DGP MP
PHQ BHOPAL

G- 13828/26 — स्वच्छता ही सेवा

कार्यालय नगर पालिका परिषद् मुलताई जिला बैतूल (म.प्र.)

क्रं. / ई टेण्डरिंग / लो.नि.शा. / 2026 / 186 — मुलताई दिनांक 03.06.2026

निविदा आमत्रंण सूचना (प्रथम)

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारो से ऑनलाईन निविदाये आमंत्रित की जाती है।

निविदा क्रमांक	कार्य का नाम एवं विवरण	अनुमानित लागत (लाख रू. में)	धरोहर राशि रू.में	निविदा फार्म का शुल्क	श्रेणी	समयवाधि
1	2	3	4	5	6	7
	ताप्ती वार्ड में प्रदीप रघुवंशी के मकान से मुकेश पौनीकर के मकान तक नाली निर्माण कार्य। 2026 _UAD_512714_ 1	8.32 Lakh/-	8328/-	2000/-	केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत	30 Days

नोट :-
1. इच्छुक एवं पात्र निविदादाता विस्तृत निविदा एवं अन्य समस्त जानकारी https://www.mptenders.gov.in पर देख सकते है ।
2. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र दिनांक 04/06/2026 समय सुबह 10.30 बजे से दिनांक 18/06/2026 समय सांय 5.30 बजे तक वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान कर प्राप्त किये जा सकते है तथा ऑनलाईन दर प्रस्तुत की जा सकती है ।
3. निविदा में किये जाने वाले संभावित संशोधन की सूचना समाचार पत्रो में प्रकाशित नही की जावेंगी, निविदा से संबंधित संशोधन वेबसाइट पर ऑनलाईन देखे जा सकते है ।

(श्रीमती नीतु प्रहलाद सिंह परमार) अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मुलताई
(श्री शिवकुमार माहोरे) उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद मुलताई
(श्री वीरेन्द्र तिवारी) मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद मुलताई

हरिभूमि क्लासीफाइड — आवश्यकता है, खरीदना है, बेचना है, व्यापार, चिकित्सा, ज्योतिष, डिस्प्ले विज्ञापन — संपर्क सूत्र : 9407279644

हरिभूमि भोपाल बाजार — विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो.9977912473

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R-01-06-2026,to 16-07-26

WE PROVIDE THE BEST SOLAR ENERGY
भारत का सबसे सस्ता और अच्छा सोलर — COMPLETE Solar Solutions
Sirf ₹72,000 Mein! Solar Lagaye 3.3kW Bachat ka Naya Tareeka!
BEST OFFER — Na 2 Lakh Mein.. Na 1.5 Lakh Mein..
HURRY UP! Contact us. 99932-41867
Aura Mall, Bhopal, 462010
BRANDS we deal with! TATA POWER SOLAROOF, WAAREE, adani Solar, ECE INDIA
सोलर लगवाने से पहले एक बार हमसे जरूर संपर्क करें।

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

MIN/2/0147/2026-0/0Mining-BPL-COLL — I/1055668/2026

कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला भोपाल

क्रमांक/ /खनिज / 2026 — भोपाल, दिनांक / /2026

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 (1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा / पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति (जो भी लागू हो) प्राप्त करने के लिए

// प्रथम सूचना //

यह सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री पुनीत सिगरोली आ. श्री बद्रीप्रसाद निवासी 227, ग्राम भौरी तहसील हुजूर जिला भोपाल (म.प्र.) द्वारा उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 16.05.2026 को प्रस्तुत किया गया है। उक्त क्षेत्र पर प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस तक की अवधि तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा / पूर्वक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाइन आमत्रित किये जाते है। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेगे।

// आवेदन का संक्षिप्त विवरण //

जिला	तहसील	ग्राम	खसरा नंबर	रकबा	भूमि का प्रकार शासकीय / निजी	खनिज का नाम	रिमार्क
भोपाल	बैरसिया	पारदी	291/1 (एस) एवं 282 (एस)	3.430 हे. एवं 2.500 कुल रकबा 5.930 में से रकबा 4.000 हे.	शासकीय	पत्थर	भाग रकबा 4.000 हे.

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाइन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदको से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय साय 05:30 बजे तक) ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
(खनिज) जिला भोपाल

G-13844/26 — सड़क सुरक्षा के नियमों को जानो, सुरक्षित यात्रा की आवश्यकता पहचानो

राशिफल

मेष — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवन साथी के स्वास्थ का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

वृष — धैर्यशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव की सम्भावना बन रही है। परिश्रम अधिक रहेगा।

मिथुन — मन प्रसन्न रहेगा। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

कर्क — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे।

सिंह — नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। लंबे समय से चली आ रही समस्याएं खत्म होंगी।

कन्या — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए भी विदेश जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता के योग बन रहे हैं।

तुला — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

वृश्चिक — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। खर्च बढ़ेंगे।

धनु — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। कारोबार में उतार-चढ़ाव रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की चिंताओं पर नियंत्रण बनाकर रखें।

मकर — शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आय में वृद्धि भी होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें।

कुंभ — भागदौड़ अधिक रहेगी। परन्तु किसी मित्र के सहयोग से आय के साधन बन सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सफलता के भी योग हैं।

मीन — मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। भाग-दौड़ भी अधिक रहेगी।

शब्द पहेली - 6246



बाएँ से दाए
1.उम्मीद,आशा-2
3.जी,चित्त-2
5.भस्म,खाक-2
7.जाल,फंदा-2
9.चिंतन,सोचना-3
11.ठाठ-बाट-2
13.क्रिकेट में बनते हैं-2
15.एक राशि-3
17.काया,बदन-2
19.एक विदेशी शराब-2
22.बोलने का तरीका-3
24.शालीन,सभ्य-2
26.बल,ताकत-2
28.भैंस जैसा एक पशु-2
30.पुत्री की पुत्री-3
32.कोर्ट में प्रस्तुत दावा-2
34.मोटा आटा-2
36.जुड़वा-3
38.आनंदित-2
41.नौकर,गुलाम-2
43.बूंद-3
45.लक्ष्मी,विष्णुप्रिया -2
47.जंगल,कानन-2
49.मेहंदी-2
51.दृष्टि,निगाह-3
53.बुरी आदत -2
55.बुढ़ापा -2
57.नमस्कार,प्रणाम -3
60.खुमार,सरूर -2
62.भीगा हुआ -2
64.पक्षाघात-3
66.चुनौती-2
67.ऋण,उधार -2
68.भूमि,जमीन-2
69.चस्का,बुरी आदत-2

ऊपर से नीचे
1.फलों का राजा-2
2.साजन,बलमा-3
4.खुमार-2
6.खच्चर,गधा-2
8.वहम,संदेह-2
10.अनुकृति-3
12.झुका हुआ-2
14.आदमी-2
16.वास करना-3
18.आकाश-2
20.घमंड-2
21.बदन-2
23.जातिवाद-3
25.पिघले पत्थर-2
27.रोग,-2
29.हाथ,टैक्स-2
31.लवण-3
33.ताकत-2
35.वचन-2
37.प्रयत्न-3
39.स्थिति -2
40.नवीन-2
42.सच्चा-2
44.राजा-3
46.हार-2
48.टौंटी-2
50.गुमान-2
52.पासों का खेल-3
54.काया-2
56.रात्रि-2
58.हुबहू-3
59. समय-2
61.सब्जी-2
63.गाड़ी-2
65.गैस-2

शब्द पहेली- 6245 का हल

■	स	र	ग	ना	■	आ	म	रा	य	■
कि	■	न	ज	ला	■	फि	क	र	■	त
त	ल	■	ल	य	■	स	र	■	ला	ल
र	ह	ना	■	क	हा	र	■	ज	ल	वा
त	र	सा	ना	■	ति	■	ज	ल	च	र
■	■	■	र	ह	म	दि	ल	■	■	■
ब	ग	दा	द	■	ता	■	न	ज	रा	ना
र	म	ल	■	स	ई	स	■	प	ह	रा
ग	ला	■	स	दा	■	ल	स	■	त	य
द	■	ग	ली	चा	■	वा	न	र	■	ण
■	का	श्त	का	र	■	र	म	जा	न	■

सूडोकु नवताल - 6256

★★★★★ कठिनतम

				5	1	4		
			7				2	
		8						3
	1							8
5				4				9
7							6	
4						7		
	2				6			
		3	9	8				

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6255 का हल

4	7	6	3	5	2	9	1	8
5	9	8	6	7	1	4	3	2
2	3	1	8	9	4	7	6	5
6	8	5	7	3	9	2	4	1
3	2	4	5	1	6	8	7	9
7	1	9	4	2	8	3	5	6
8	4	3	2	6	5	1	9	7
1	5	2	9	4	7	6	8	3
9	6	7	1	8	3	5	2	4

इन दिनों सोनी सब चैनल के शो 'यादें' में दिग्विजय यानी डिग्गी के किरदार में अर्जुन पुंज नजर आ रहे हैं। वे फिटनेस को लाइफ के लिए बहुत इंपॉर्टेंट मानते हैं। यहां अपनी फिटनेस, डाइट प्लान और मेंटल हेल्थ के बारे में अर्जुन बता रहे हैं अपनी जुबानी।

फिटनेस सिर्फ बॉडी नहीं सोच-जिंदगी भी बदलती है

फिटनेस फंडा
अर्जुन पुंज

मेरा मानना है कि अच्छी जिंदगी के लिए हेल्दी और फिट रहना बहुत जरूरी है। फिटनेस सिर्फ अच्छे दिखने के लिए नहीं होती, बल्कि अंदर से स्वस्थ रहना भी उतना ही जरूरी है। शरीर एक मंदिर की तरह होता है। अगर लगातार खुद को फिट रखा जाए, तो यही शरीर बढ़ती उम्र में सबसे ज्यादा साथ देता है। हो सकता है कि अभी उसका असर तुरंत दिखाई न दे, लेकिन आगे चलकर वही फिटनेस काम आती है।

सलमान खान से मिली प्रेरणा: मेरे लिए हमेशा से सबसे बड़े फिटनेस आइडल सलमान खान रहे हैं। जब मैं पांचवीं या छठी क्लास में था, तब उनकी फिल्म 'प्यार किया तो डरना क्या' आई थी। उसमें 'ओ ओ जाने जाना' गाने में उन्हें देखकर मैं बहुत इंस्पायर हुआ था। तभी मैंने सोच लिया था कि बड़ा होकर खुद को जरूर फिट रखूंगा। और भी कलाकार फिट रहे हैं, लेकिन सलमान खान ने जिस तरह जिम और बॉडी बिल्डिंग कल्चर को लोगों के बीच लोकप्रिय बनाया, वह शानदार है। आज भी बड़ी संख्या में युवा उनको फॉलो कर रहे हैं।

एनर्जेटिक रहना भी है जरूरी: यदि प्रोफेशन की बात करें, तो टीवी इंडस्ट्री में फिट दिखना जरूरी होता है। लेकिन आम लोगों के लिए सबसे जरूरी चीज है एनर्जेटिक महसूस करना। सिर्फ दिखने के लिए खुद को भूखा रखना, बहुत ज्यादा डाइटिंग करना या हर पसंद की चीज छोड़ देना सही नहीं है। इससे इंसान बाहर से फिट दिख सकता है, लेकिन अंदर से अच्छा महसूस नहीं करता। 12-12 घंटे काम करने वाले लोगों के लिए खुद को एनर्जेटिक रखना सबसे जरूरी है। यदि इंसान अंदर से खुश और एनर्जेटिक रहेगा, तो उसका असर उसके काम और आस-पास के माहौल पर भी दिखाई देगा।

डाइट प्लान: मैं सुबह नाश्ता नहीं करता। इसे इंटरमिटेंट फास्टिंग कहते हैं। रात को सवा आठ बजे तक खाना खा लेता हूं और फिर अगले दिन सीधे लंच करता हूं। इससे शरीर को थोड़ा आराम मिलता है। हर चीज जो 24 घंटे लगातार चलती रहती है, उसे थोड़ा ब्रेक मिलना चाहिए, दिल को छोड़कर। मैं नॉन-वेजिटेरियन हूं, इसलिए लंच में दाल, रोटी, सब्जी, सलाद के साथ कभी-कभी फिश या चिकन भी शामिल होता है। शाम को ओटमील, नट्स और फल लेता हूं और रात में अच्छा डिनर करता हूं। मुझे लगता है कि अच्छा डिनर करके आराम से इंटरमिटेंट फास्टिंग करना ज्यादा बेहतर है। फिट रहने के लिए मैं खुद को किसी चीज से दूर नहीं रखता। सब खाता हूं, लेकिन लिमिट में। यदि जरूरत से ज्यादा खाएंगे, तो सिर्फ वर्कआउट से फर्क नहीं पड़ेगा। संडे को छोले-भटूरे भी खाता हूं और चीट-डे पर पिज्जा, पास्ता, बर्गर भी चलता है। जिंदगी को एंजॉय करना भी जरूरी है। अच्छा खाना नहीं मिलेगा, तो इंसान थोड़ा मायूस रहेगा और फिर काम में भी मजा नहीं आएगा।

वर्कआउट में बैलेंस जरूरी: मेरा वर्कआउट वेट ट्रेनिंग और बॉडी वेट एक्सरसाइज दोनों का मिश्रण है। डंबल्स के साथ-साथ पुशअप्स, पुलअप्स जैसी एक्सरसाइज भी करता हूं। लंबे समय तक शरीर को मजबूत रखने के लिए दोनों चीजें जरूरी हैं। यदि लगातार शरीर से काम लिया जाए, तो बढ़ती उम्र में भी हर दिन के काम आसानी से होते हैं और सहारे की जरूरत कम पड़ती है।

मेंटल हेल्थ प्लानिंग: मेंटली स्ट्रॉन्ग रहने के लिए अंदर से मजबूत होना जरूरी है। अच्छे समय में तो हर इंसान खुश रहता है, लेकिन असली परीक्षा तब होती है, जब जिंदगी में मुश्किल समय चल रहा हो। जब काम नहीं हो, चीजें समझ नहीं आ रही हों और जिंदगी उलझी हुई लगे, तब भी पॉजिटिव बने रहना बहुत जरूरी है। खुद पर और ऊपर वाले पर भरोसा रखना चाहिए कि जो होगा, अच्छे के लिए होगा। *

प्रस्तुति: सेहत फीचर्स

डॉक्टर्स एडवाइस

डॉ. प्रणव घोड़गांवकर
लीड न्यूरो-सर्जन एंड ऑन्को-ब्रेन सर्जन
कोकिलाबेन अंबानी हॉस्पिटल, इंदौर

स्पेशल: वर्ल्ड ब्रेन ट्यूमर-डे, 8 जून

हर वर्ष दुनिया में कई लाख लोग ब्रेन ट्यूमर की वजह से अपनी जान गंवा देते हैं। आमतौर पर इसे लाइलाज माना जाता है, जबकि सच्चाई यह है कि अगर समय रहते इसका पता चल जाए तो पूरा ट्रीटमेंट संभव है। इसलिए जरूरी है कि इसके प्रति अवेयर रहें और इसके लक्षण दिखने पर प्रॉपर डायग्नोसिस और ट्रीटमेंट करवाया जाए। इस बारे में डिटेल में जानिए।

घबराएं नहीं-सजग रहें क्योरेबल है ब्रेन ट्यूमर

- *10वां बड़ा कारण है ब्रेन ट्यूमर भारत में विभिन्न रोगों से होने वाली मौतों का।*
- *आंकड़ों के अनुसार 3.2 लाख से अधिक लोगों की मौतें दुनिया भर में हर साल ब्रेन ट्यूमर के कारण होती हैं।*

आधुनिक मेडिकल साइंस में हुई चमत्कारिक प्रगति के कारण मस्तिष्क या ब्रेन ट्यूमर के संदर्भ में अब घबराने की नहीं बल्कि जागरूक होने की जरूरत है। ऐसे ट्यूमर से ग्रस्त लोगों और उनके परिजनों को यह बात याद रखनी चाहिए कि समय रहते पता चलने पर ब्रेन ट्यूमर का अब समुचित उपचार संभव है।

क्या है ब्रेन ट्यूमर

जैसे शरीर के अन्य भागों में कोशिकाओं की असामान्य व अनियंत्रित वृद्धि के कारण कैंसर पनपता है, ठीक वैसे ही मस्तिष्क की कोशिकाओं (जिन्हें न्यूरॉन्स कहा जाता है) में अनियंत्रित व असामान्य वृद्धि होने से जो गांठ बन जाती है, उसे ब्रेन ट्यूमर कहते हैं। ब्रेन कैंसर का एक स्वरूप है- ब्रेन ट्यूमर। एक अध्ययन से पता चला है कि समस्त प्रकार के ब्रेन कैंसर, ट्यूमर होते हैं, किंतु सभी ब्रेन ट्यूमर कैंसर नहीं होते हैं।

ब्रेन ट्यूमर के प्रकार

मस्तिष्क में स्थित जो ट्यूमर कैंसर रहित होते हैं, उन्हें बिनाइन ब्रेन ट्यूमर कहा जाता है और जिन ट्यूमर्स में कोशिकाओं की अनियंत्रित वृद्धि से गांठ पड़ जाती है, उन्हें मैलिग्नेंट या 'कैंसरस' ब्रेन ट्यूमर कहते हैं। ब्रेन ट्यूमर में मस्तिष्क के टिश्यूज असामान्य रूप से तेजी से बढ़ते हैं, जिसके परिणामस्वरूप मस्तिष्क के आंतरिक भाग में दबाव बढ़ता है। नतीजतन सिरदर्द आदि समस्याएं शुरू हो जाती हैं।

प्राइमरी और मेटास्टेटिक ट्यूमर: जो ब्रेन ट्यूमर मस्तिष्क में उत्पन्न होते हैं, उन्हें प्राइमरी ब्रेन ट्यूमर कहा जाता है और जो ट्यूमर मस्तिष्क से परे शरीर के दूसरे अंगों जैसे किडनी, लिवर और फेफड़ों आदि के जरिए मस्तिष्क तक पहुंचते हैं, उन्हें सेकेंडरी या मेटास्टेटिक ब्रेन टयूमर कहते हैं।

ब्रेन ट्यूमर के कारण

ब्रेन ट्यूमर होने का कोई एक निश्चित व विशिष्ट कारण अभी तक ज्ञात नहीं हो सका है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार व्यक्ति की जेनेटिक प्रोग्रामिंग की सीक्वेसिंग में होने वाली गड़बड़ी या जींस से संबंधित गड़बड़ियों के कारण ज्यादातर ट्यूमर उत्पन्न होते हैं। बावजूद इसके कुछ ऐसी स्थितियां हैं, जिनके परिणामस्वरूप इसके होने का जोखिम बढ़ सकता है। जैसे-

विकिरण (रेडिएशन) युक्त अनहेल्दी माहौल: जिस माहौल में आप रहते हैं, वहां पर किसी रासायनिक या अन्य विषाक्त गैसों का रेडिएशन रिस्की हो सकता है। अगर किसी वस्तु या स्थान से रेडिएशन हो रहा है तो कालांतर में ऐसे माहौल में रहने से ब्रेन ट्यूमर का जोखिम बढ़ सकता है।

ब्रेन ट्यूमर के सामान्य लक्षण

ब्रेन ट्यूमर के कोई स्पेसिफिक लक्षण नहीं होते हैं। सिर में लगातार दर्द रहना, लेकिन कालांतर में तेज सिरदर्द होना। ब्रेन ट्यूमर का दर्द आमतौर पर सुबह के वक्त ज्यादा होता है। सिरदर्द के साथ उल्टी होना। उल्टी के बाद सिरदर्द में तात्कालिक तौर पर राहत मिल जाती है। शरीर के किसी भाग जैसे दाएं हाथ व पैर या बाएं हाथ और पैर में कमजोरी महसूस करना। बोलने में दिक्कत महसूस होना। किसी बात को समझने या फिर भाषा को समझने में दिक्कत। ट्यूमर न्यूरॉन्स को दबाते हैं, जिसके कारण मिर्गी के दौरे पड़ते हैं। नेत्र ज्योति का कम होते जाना या धुंधला दिखाई पड़ना। मेमोरी कमजोर होना। पढ़ने या लिखने में परेशानी महसूस करना। हर वस्तु का दोहरा (डबल) स्वरूप दिखाई पड़ना। शारीरिक संतुलन खोना या चक्कर आना। स्वाद व सूंघने की शक्ति का कमजोर होना जैसे लक्षण दिख सकते हैं।

डायग्नोसिस के तरीके

सीटी स्कैन (ब्रेन): इसकी सहायता से मस्तिष्क के आंतरिक भागों की फोटो देखकर मर्ज की स्थिति का आकलन किया जाता है।

एमआरआई (ब्रेन): इसके अंतर्गत रेडियो सिग्नल की मदद से मस्तिष्क की संरचना से संबंधित जानकारियां ली जाती हैं।

फंक्शनल एमआरआई (ब्रेन): फंक्शनल एमआरआई की जांच से ब्रेन ट्यूमर की सर्जरी अब कहीं ज्यादा बेहतर हो चुकी है। इसका कारण यह है कि इस विशिष्ट एमआरआई से मस्तिष्क के आंतरिक भाग की गतिविधियों और ट्यूमर के कारण मस्तिष्क के अमुक भाग में हुई क्षति का सटीक आकलन किया जा सकता है।

इलाज के तरीके

सर्जरी: जांचों के आधार पर न्यूरो सर्जन यह बात सुनिश्चित करते हैं कि ब्रेन ट्यूमर का आकार और उसकी स्थिति क्या है। इसके बाद ही ट्यूमर की सर्जरी का निर्णय लिया जाता है।

एंडोस्कोपिक सर्जिकल प्रक्रिया: ब्रेन ट्यूमर को हटाने में इस प्रक्रिया का भी सहारा लिया जाता है।

विकिरण (रेडिएशन) थेरेपी: इन दिनों प्रचलन में जारी लगभग सभी रेडिएशन थेरेपीज 'फोकस्ड' या 'टारगेटेड' होती हैं। फोकस्ड या टारगेटेड से यहां आशय ऐसी रेडिएशन थेरेपी से है, जिससे कैंसरग्रस्त कोशिकाओं या ट्यूमर के अलावा आसपास स्थित अन्य स्वस्थ टिश्यूज और कोशिकाओं को कोई नुकसान नहीं पहुंचता। कैंसरग्रस्त ट्यूमर को हटाने के लिए विकिरण चिकित्सा का सहारा लेते हैं।

गामा नाइफ: यह एडवांस रेडियोथेरेपी प्रोसीजर है। इस आधुनिक प्रोसीजर से ट्यूमर को खत्म करते हैं।

साइबर नाइफ रेडिएशन थेरेपी: अगर ट्यूमर का आकार टेढ़ा है या फिर अंडाकार है, तो ऐसे मामलों में साइबर नाइफ बेहतर साबित होता है।

प्रोटॉन बीम थेरेपी: कैंसर के इलाज में यह सबसे आधुनिक चिकित्सा पद्धति है। इसमें ब्रेन ट्यूमर को हटाने के लिए प्रोटॉन की किरणों का उपयोग करते हैं, जबकि ज्यादातर रेडिएशन थेरेपी में एक्स-रे का उपयोग होता है।

कीमोथेरेपी: इसके अंतर्गत ट्यूमर को समाप्त करने के लिए दवाओं का उपयोग किया जाता है।

ब्रेन ट्यूमर से बचाव

फिलहाल किसी वैक्सीन या दवा से ब्रेन ट्यूमर से बचाव संभव नहीं है। हालांकि धूम्रपान, शराब या अन्य नशों से दूर रहकर आप काफी हद तक स्वस्थ बने रह सकते हैं, लेकिन ये सब बातें प्राइमरी ब्रेन ट्यूमर्स से बचाव के संदर्भ में लागू नहीं होतीं। हां, सेकेंडरी ब्रेन ट्यूमर्स (मेटास्टेटिक) को परोक्ष रूप से स्वास्थ्यकर जीवनशैली पर अमल कर रोका जा सकता है। *

प्रस्तुति: विवेक शुक्ला

ब्रेन ट्यूमर से रिलेटेड मिथ-फैक्ट

मिथ: तमाम लोगों का ऐसा मानना है कि मोबाइल फोन का अधिक इस्तेमाल कालांतर में ब्रेन ट्यूमर का कारण बन सकता है।
फैक्ट: ब्रिटेन के यूनिवर्सिटी कॉलेज, लंदन में हुए एक अध्ययन के अनुसार अभी तक दुनिया भर में जो शोध, अध्ययन हुए हैं, उनसे यह बात प्रमाणित नहीं होती कि मोबाइल फोन से ब्रेन ट्यूमर होता है। बावजूद इसके तस्वीर का दूसरा पहलू यह है कि लंबे समय तक विकिरण (रेडिएशन) के प्रभाव में रहने से शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए विकिरण रहित स्वच्छ पर्यावरण व वातावरण में रहना मानव स्वास्थ्य के लिए बहुत सुरक्षित होता है।

मिथ: तनावग्रस्त रहने से ब्रेन ट्यूमर होता है।
फैक्ट: इस तरह की धारणा बेबुनियाद है। ऐसे किसी शोध व अध्ययन से फिलहाल यह जानकारी नहीं मिली है कि तनावग्रस्त रहने से व्यक्ति ब्रेन ट्यूमर से ग्रस्त होता है।
मिथ: युवाओं को ब्रेन ट्यूमर नहीं होता।
फैक्ट: ब्रेन ट्यूमर सभी आयु वर्ग के लोगों को अपनी गिरफ्त में ले सकता है। चाहे वे युवा हों, वयस्क या फिर बुजुर्ग। इसका उम्र से कोई संबंध नहीं होता है।
मिथ: उम्र बढ़ने पर ब्रेन ट्यूमर के मामले भी बढ़ते जाते हैं। यानी ओल्ड एज में इसकी आशंका बढ़ जाती है।
फैक्ट: ऐसा कुछ भी नहीं है। किसी भी व्यक्ति के जीवनकाल में मैलिग्नेंट ब्रेन ट्यूमर होने का खतरा 1 प्रतिशत से कम होता है।

डाइट सजेशन
शिखर चंद जैन

आज की फास्ट लाइफस्टाइल में लोग अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड यानी रेडी टू ईट या फ्रोजेन या पैक्ड फूड्स का सेवन काफी करने लगे हैं। इससे फिजिकल हेल्थ पर तो कई तरह से बुरा असर पड़ता ही है, कई मेंटल प्रॉब्लम्स भी हो सकती हैं। एक स्टडी में इस बात का खुलासा हुआ है। इसलिए इस बारे में जानना बहुत जरूरी है।

मेंटल हेल्थ को प्रभावित करता है अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड

अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड के सेवन से लिवर फैट, कोलेस्ट्रॉल बढ़ने, मोटापा, माइग्रेन, हाई ब्लड प्रेशर जैसी समस्याएं तो होती ही हैं। इसके अलावा इससे मानसिक स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। इस संबंध में कई शोध ऐसे हो चुके हैं जिनसे यह बात प्रमाणित होती है। ऐसे कुछ शोध अमेरिका की संस्था सैपियन लैब्स में हुए, जो वैश्विक मानसिक स्वास्थ्य और मानव मस्तिष्क की कार्यप्रणाली का अध्ययन करती है। इसका मुख्य उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य में गिरावट के कारणों को समझना और 'ग्लोबल माइंड प्रोजेक्ट' के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य भागफल का डेटा एकत्र करना है। यह 'मेंटल हेल्थ मिलियन प्रोजेक्ट' द्वारा मानसिक स्वास्थ्य का आकलन भी करती है। सेपियन लैब्स की 2025 की 'ग्लोबल माइंड हेल्थ' रिपोर्ट में यह पाया गया कि 18-34 वर्ष के युवाओं में मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ने का एक मुख्य कारण अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड का अधिक सेवन है। भारत में इस आयु वर्ग के 44 प्रतिशत युवा इसका सेवन कर रहे हैं, जो अवसाद और कम भावनात्मक नियंत्रण से जुड़ा है।

क्या कहती है लेटेस्ट रिसर्च

अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड और मानसिक स्वास्थ्य के बीच के संबंध पर हालिया रिसर्च काफी चौंकाने वाली है। मानसिक स्वास्थ्य सूचकांक में गिरावट के कारणों से संबंधित रिसर्च में पाया गया कि जो लोग दिन में 3 बार या उससे अधिक अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड (जैसे चिप्स, सोडा, इंस्टेंट नूडल्स, फ्रोजन मील) खाते हैं, उनका 'मेंटल हेल्थ कोशेंट' उन लोगों की तुलना में बहुत कम होता है, जो इसे कभी-कभार खाते हैं।

युवाओं पर गहरा असर

संस्थान के द्वारा किए गए अध्ययन में पाया गया है कि भारत में 18-34 वर्ष के लगभग 44 प्रतिशत युवा भारी मात्रा में अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड का सेवन कर रहे हैं। इस समूह में डिप्रेशन (अवसाद), एंग्जायटी (घबराहट) और इमोशनल कंट्रोल की कमी के मामले सबसे अधिक देखे गए। इनका अधिक सेवन मस्तिष्क के उन हिस्सों को प्रभावित करता है, जो भावनाओं को नियंत्रित करते हैं।

मेंटल हेल्थ पर दुष्प्रभाव

अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड्स के मेंटल हेल्थ पर पड़ने वाले असर के बारे में वैज्ञानिकों ने इस शोध में तीन मुख्य कारण बताए हैं-

गट-ब्रेन एक्सिस: अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड में मौजूद प्रिजर्वेटिव्स और आर्टिफिशियल स्वीटनर्स, पेट के अच्छे बैक्टीरिया को खत्म कर देते हैं। चूंकि 90 प्रतिशत सेरोटोनिन (हैप्पी हार्मोन) पेट में बनता है, इसलिए खराब पाचन सीधे तौर पर खराब मूड और तनाव का कारण बनता है।

न्यूरो-इंफ्लेमेशन: अल्ट्रा प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों में मौजूद 'इमल्सीफायर्स' मस्तिष्क में सूजन पैदा कर सकते हैं, जिससे सोचने-समझने की क्षमता और याददाश्त पर बुरा असर पड़ता है।

पोषक तत्वों की कमी: इस शोध में यह भी पाया गया कि अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड खाने वाले लोगों के मस्तिष्क को जरूरी ओमेगा-3 और विटामिन नहीं मिल पाते, जिससे मानसिक थकान बढ़ती है।

व्यवहार में आए बदलाव

अधिक अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड खाने वाले लोगों में 'कॉग्निटिव डिक्लाइन' (मानसिक क्षमताओं में गिरावट) के लक्षण जल्दी देखे गए हैं। इनमें छोटी-छोटी बातों पर चिड़चिड़ापन और ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई यानी ब्रेन फॉग भी शामिल होता है।

समस्या का समाधान

इस रिसर्च से जुड़े वैज्ञानिकों का सुझाव है कि आहार में 70 प्रतिशत से अधिक हिस्सा 'होल फूड्स' (फल, सब्जियां, दालें, अनाज) का होना चाहिए। यदि अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड का सेवन दिन में एक बार से कम कर दिया जाए, तो मानसिक स्वास्थ्य स्कोर में 15-20 प्रतिशत तक सुधार देखा जा सकता है।

हार्मफुल अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड

शुगरी ड्रिंक्स और सोडा: कोला, एनर्जी ड्रिंक्स और पैकेट वाले 'फ्रूट जूस' (जिनमें चीनी/रंग ज्यादा होता है), सीधे तौर पर मानसिक सुस्ती और चिड़चिड़ापन बढ़ाते हैं।

इंस्टेंट नूडल्स और सूप: इनमें 'एमएसजी' यानी मोनो सोडियम ग्लूकानेट और अत्यधिक सोडियम होता है, जो मस्तिष्क की नसों पर दबाव डाल सकता है और 'ब्रेन फॉग' (मानसिक धुंधलापन) पैदा करता है।

फ्रोजन और रेडी-टू-ईट मील: फ्रोजन पिज्जा, बर्गर पेटीज और पैकेट बंद स्नैक्स आदि में 'इमल्सीफायर्स' होते हैं, जो पेट की परत को नुकसान पहुंचाकर मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं।

स्वीट ब्रेकफास्ट सीरियल्स: इनमें रिफाइंड शुगर बहुत ज्यादा होती है, जिससे 'शुगर क्रैश' होता है और थकान बढ़ती है।

प्रोसेस्ड मीट: प्रोसेस्ड मीट में मौजूद 'नाइट्रेट्स' शरीर में सूजन बढ़ाते हैं।

बरतें सावधानी

यदि किसी फूड पैकेट के पीछे 5 से ज्यादा सामग्री लिखी हैं, या ऐसे नाम लिखे हुए हैं, जिन्हें आप पढ़ या समझ नहीं पा रहे तो इस बात की संभावना अधिक है कि वह फूड आइटम अल्ट्रा-प्रोसेस्ड है। *

ये हैं हेल्दी डाइट ऑप्शंस

नारियल पानी, नीबू पानी या छाछ पीने की आदत डालें। इनमें नेचुरल इलेक्ट्रोलाइट्स होते हैं, जो मूड सुधारते हैं। व्हाइट ब्रेड या मीठे सीरियल्स के बजाय ओट्स, दलिया या पोहा खाना फायदेमंद है क्योंकि ये धीरे-धीरे एनर्जी रिलीज करते हैं, जिससे बॉडी में शुगर लेवल स्थिर रहता है। आलू के चिप्स या कुरकुरे की बजाय भुने हुए मखाने, चने या नट्स (बादाम, अखरोट) आदि लें। नट्स में मौजूद ओमेगा-3 फैटी एसिड मस्तिष्क के लिए सुपरफूड जैसा काम करता है। इंस्टेंट नूडल्स के विकल्प के रूप में सूजी की सिंवइयां या घर का बना पास्ता खाएं। इनमें प्रिजर्वेटिव्स नहीं होते और ये सुपाच्य होते हैं। बिस्किट या कुकीज नहीं, ताजे फल या डार्क चॉकलेट (70 प्रतिशत कोको) खाएं। कई स्टडीज में सामने आया है कि डार्क चॉकलेट तनाव कम करने वाले हार्मोन रिलीज करती हैं।

राहुल यादव 11, सीकेआरआई, आर परी 11, भोपाल पुलिस 11 और आर. परी अरुण 11 की टीमें जीतीं

दक्षिण पश्चिम विधानसभा की विधायक ट्रॉफी 2026 में प्रतिदिन खेले जा रहे 5 मुकाबले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नवप्रयास सांस्कृतिक एवं सामाजिक विकास समिति द्वारा नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन पुलिस ग्राउंड नेहरू नगर में किया जा रहा हैं। टूर्नामेंट 9 जून तक चलेगा। इसमें प्रतिदिन इन चार, पांच नॉकआउट मैच खेले जा रहे हैं। इस अवसर पर प्रतिदिन शहर की हस्तियां आयोजन में आकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ा रही हैं। दूसरे दिन महापौर मालती राय, विधायक भगवानदास सबनानी, युवा मोर्चा अध्यक्ष अजय पाटीदार, पूर्व पार्षद बलवीर यादव ने विजेता टीम को पुरस्कार वितरित किए गए, टूर्नामेंट में दर्शकों के लिए फ्री उपहार कूपन दिए जाते हैं, जिसमें प्रतिदिन 21 लोगों को विभिन्न उपहार दिए जाते हैं। दूसरे दिन के उपहार महापौर मालती राय, क्षेत्रीय विधायक भगवानदास सबनानी ने प्रदान किए।

मैच के दौरान एक बच्ची की मदद से ड्रा की पर्ची चुनते विधायक सबनानी।

ड्रा का पुरस्कार वितरित करते विधायक सबनानी व महापौर राय।

क्रिकेट ब्लास्ट की 8 विकेट से हार

टूर्नामेंट का दुसरा मैच सीकेआरआई नेहरू क्लब और क्रिकेट ब्लास्ट के बीच खेला गया, जिसमें सीकेआरआई ने क्रिकेट ब्लास्ट को 8 विकेट से दी करारी शिकस्त दी। इससे पहले क्रिकेट ब्लास्ट ने तय 8.0 ओवर में 8 विकेट पर 62 रन बनाए, जिसके जवाब में सीकेआरआई ने 4.2 ओवर में महज दो विकेट खोकर 67 बना लिए और यह मुकाबला 8 विकेट से जीत लिया। प्लेयर ऑफ द मैचः विवेक रैकवार रहे, जिन्होंने मात्र 12 गेंदों में नाबाद 35 रन (3 चौके, 3 छक्के) की तूफानी पारी खेली और गेंदबाजी में 2 ओवर में केवल 15 रन दिए।

पांडा इलेवन की 9 विकेट से हार

प्रतियोगिता का पहला मैच राहुल यादव इलेवन और पांडा इलेवन के बीच खेला गया, जिसमें राहुल यादव इलेवन ने पांडा इलेवन को 9 विकेट से हराया। इससे पहले पांडा इलेवन ने 8 ओवर में पांच विकेट पर 87 रन बनाए। जवाब में राहुल यादव इलेवन ने 1 विकेट पर ही 4.5 ओवर में 90 रन बनाकर मैच जीत लिया। प्लेयर ऑफ द मैच चिंगारू रहे, जिन्होंने बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए मात्र 19 गेंदों में 5 गगनचुंबी छक्कों की मदद से 34 रन बनाए और 1 ओवर में 13 रन देकर 1 विकेट भी झटका।

मैन ऑफ द मैच को पुरस्कृत करते विधायक सबनानी व अन्य अतिथि।

गोल्डन फैंस क्लब की 72 रन से हार

टूर्नामेंट के चौथे मैच में भोपाल पुलिस इलेवन ने गोल्डन फैंस क्लब को 72 रनों के बड़े अंतर से हराया। इससे पहले भोपाल पुलिस इलेवन ने तय 8 ओवर में दो विकेट पर 143 रन बना, जिसके जवाब में गोल्डन फैंस क्लब 7 विकेट पर 71 रन बनाकर ढेर हो गई। प्लेयर ऑफ द मैच हिमांशु तिवारी रहे, जिन्होंने मात्र 31 गेंदों में 11 छक्के और 3 चौकों की मदद से 87 रन की विस्फोटक पारी खेली।

मॉर्निंग क्रिकेट क्लब की 7 विकेट से हार

आज के अंतिम और पांचवे मैच में आर. परी अरुण इलेवन ने मॉर्निंग क्रिकेट क्लब को 7 विकेट से हरा दिया। इससे पहले मॉर्निंग क्रिकेट क्लब ने तय 8 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 65 रन बनाए। जवाब में आर. परी अरुण इलेवन ने 4.5 ओवर में ही 3 विकेट खोकर 69 रन बना लिए और मैच जीत लिया। प्लेयर ऑफ द मैच निखिल रहे, जिन्होंने मात्र 13 गेंद में 2 चौके और 4 छक्कों की मदद से 37 रन की मैच जिताऊ पारी खेली।

प्रदेश के हर जिले में बनेंगे फीडर सेंटर, बढ़ेगा खेल नेटवर्क

प्रदेश को खेल प्रतिभाओं का राष्ट्रीय हब बनाने की तैयारी में जुटे मंत्री सारंग

टैलेंट सर्च अभियान की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने प्रदेश में खेल प्रतिभाओं की खोज और संवर्धन को नई गति देने के उद्देश्य से संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग स्थित मेजर ध्यानचंद हॉल में टैलेंट सर्च अभियान की समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों एवं खेल प्रशिक्षकों को व्यापक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में मंत्री सारंग ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि प्रथम स्तर पर प्रदेश के हर जिले में फीडर सेंटर स्थापित किए जाएंगे, उन्होंने निर्देश दिए कि द्वितीय स्तर में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में विकसित किए जा रहे नए स्टेडियमों को भी फीडर सेंटर के रूप में विकसित किया जाए, ताकि गांव और कस्बों के खिलाड़ियों को स्थानीय स्तर पर ही बेहतर प्रशिक्षण एवं सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश पहले ही खेल अकादमियों के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बन चुका है और अब फीडर सेंटर नेटवर्क के माध्यम से भी मध्यप्रदेश राष्ट्रीय स्तर देश का नेतृत्व करेगा। मंत्री सारंग ने स्कूलों, कॉलेजों, समर कैंपों और शिक्षा विभाग के साथ समन्वय बढ़ाने के निर्देश देते हुए कहा कि अधिक से अधिक बच्चों और युवाओं को खेलों से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि खेलो इंडिया स्मॉल सेंटर, फीडर सेंटर और खेल अकादमियों के लिए प्रतिभा खोज का कार्य एकीकृत रूप से किया जाए।

अकादमियों में सीटें बढ़ाने पर भी चर्चा

बैठक में खेल अकादमियों में सीटें बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। उन्होंने टैलेंट सर्च प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाने पर जोर देते हुए कहा कि आधुनिक आईटी सॉल्यूशंस और एथलीट मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से खिलाड़ियों की प्रगति की निरंतर मॉनिटरिंग की जाएगी। मंत्री सारंग ने कहा कि खेलों को जनआंदोलन बनाने के लिए सोशल मीडिया, मीडिया प्लेटफॉर्म, जनप्रतिनिधियों, जिला प्रशासन स्तर तक व्यापक सहभागिता सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह अभियान केवल अल्पकालिक योजना नहीं, बल्कि प्रदेश में खेल संस्कृति को मजबूत करने का दीर्घकालिक मिशन है।

रेलवे गर्वित ने लेगेसी क्रिकेट एकेडमी को 168 रन से हराया

प्रसून सारंग स्मृति टूर्नामेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विश्वास सारंग क्रिकेट एकेडमी ग्राउंड पर चल रहे प्रसून सारंग स्मृति टूर्नामेंट में रेलवे गर्वित और लेगेसी क्रिकेट एकेडमी के बीच मैच खेला गया। रेलवे गर्वित ने निर्धारित 30 ओवर में 4 विकेट खोकर 216 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। इनमें वेदांश मजोका ने 61 गेंदों में नाबाद 71 रनों की पारी खेली, जबकि आरव शर्मा ने भी 57 गेंदों में 57 रनों का योगदान दिया। लेगेसी क्रिकेट एकेडमी की ओर से दिव्यांश और विराज कोरी ने 1-1 विकेट हासिल किए। जवाब में 217 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी लेगेसी क्रिकेट एकेडमी की टीम 15.4 ओवर में केवल 48 रनों पर ही ढेर हो गई। टीम के लिए सुखमन ने सर्वाधिक 17 रन बनाए। रेलवे गर्वित की तरफ से आरव साहू ने घातक गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट चटकाए, जबकि चेरित यादव, दर्श कौरव और सक्षम महाले को 1-1 विकेट मिला। पारी का आखिरी विकेट वेदांत राठौर ने अरविंद को हर्षिव डांगी के हाथों कैच कराकर हासिल किया।

अंकुर ने रॉबिन मेनन को 8 विकेट से हराया

21.3 ओवर में हासिल किया लक्ष्य

भोपाल। विश्वास सारंग एकेडमी मैदान पर चल रहे प्रसून सारंग स्मृति टूर्नामेंट में बुधवार को रॉबिन मेनन और अंकुर अकादमी के बीच मैच खेला गया, जिसमें रॉबिन मेनन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 30 ओवर में 145 रन बनाए। टीम की ओर से ऋषभ यादव ने सर्वाधिक 56 और ओजस राजपूत ने 27 रनों का योगदान दिया। अंकुर की ओर से विवान डांग, भव्य अग्रवाल और मोहित गुप्ता ने 2-2 विकेट झटके, जबकि मोहक सिंह नैन को 1 विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करते हुए अंकुर की टीम ने 21.3 ओवर में केवल 2 विकेट खोकर 146 रन बनाकर शानदार जीत दर्ज की। टीम के लिए विराट बिस्वास ने 64 गेंदों में नाबाद 50 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली, जबकि प्रतीक ने 33 रनों का महत्वपूर्ण योगदान दिया। रॉबिन मेनन की ओर से एकमात्र सफल गेंदबाज आदित्य रहे, जिन्होंने 2 विकेट चटकाए।

देशभर के खिलाड़ी ले रहे हैं भाग

पिकलबॉल वर्ल्ड रैंकिंग 200 पॉइंट्स टूर्नामेंट में राजधानी के कई खिलाड़ी दिखाएंगे प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के सलैया स्थित ऐस पिकलबाल क्लब में वर्ल्ड रैंकिंग 200 पाइट पिकलबॉल टूर्नामेंट पांच से सात जून तक आयोजित हो रहा है। इसमें देशभर के खिलाड़ी इसमें भाग ले रहे हैं। डेढ़ लाख से अधिक की पुरस्कार राशि वाले इस टूर्नामेंट में देशभर से 150 से अधिक खिलाड़ियों की इंट्री आ चुकी हैं। तीन जून तक इसमें प्रवेश ले सकते हैं। मप्र के अलावा महाराष्ट्र, गुजरात और उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी इसमें अधिक रूचि ले रहे हैं।

आयोजन सचिव आदित्य सूर ने बताया कि टूर्नामेंट की सभी तैयारी जोरों पर हैं। इसमें चार अलग अलग श्रेणी रखी गई है। इस टूर्नामेंट में सात से 65 वर्ष तक के खिलाड़ियों की इंट्री आ चुकी हैं। उन्होंने बताया, बालक व बालिका वर्ग में अंडर 10, 12, 14, 16 व 18 के सिंगल्स और डबल्स के मुकाबले होंगे। दूसरी श्रेणी अभ्यास करने वालें खिलाड़ियों की है इसमें महिला व पुरुष के सिंगल्स, डबल्स व मिक्सड डबल्स के मुकाबले होंगे। ओपन कैटेगरी में महिला व पुरुष वर्ग के सिंगल्स, डबल्स व मिक्स डबल्स के मुकाबले खेले जाएंगे। इसके अलावा चौथी श्रेणी में महिला व पुरुष वर्ग में 30, 40 व 50 वर्ष के के सिंगल्स, डबल्स व मिक्सड डबल्स के मुकाबले खेले जाएंगे। सूर ने बताया इस टूर्नामेंट में अर्जित रैंकिंग अंक खिलाड़ियों के लिए आगे बहुत फायदेमंद साबित होंगे। अभी हाल में ही इंदौर में 400 पाइंट वर्ल्ड रैंकिंग टूर्नामेंट में भी भोपाल के खिलाड़ियों ने शिरकत की थी। उम्मीद है इस टूर्नामेंट में राजधानी के भी कई खिलाड़ी अपनी प्रतिभाएं दिखाएंगे।

एचएमजी कप 2026 इंटर क्लब-अकादमी टूर्नामेंट

सेंचुरियन अकादमी ने 6 विकेट से सेंट माइकल को हराया

सेंचुरियन क्रिकेट अकादमी के अद्विक अरोरा बने मैन ऑफ द मैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बीडीसीए द्वारा आयोजित एच.एम.जी. कप अंडर-15 बॉयज लिमिटेड ओवर इंटर क्लब-अकादमी क्रिकेट टूर्नामेंट में डी.पी.एस. खेल मैदान पर सेंचुरियन अकादमी और सेंट माइकल के मध्य मैच खेला गया, सेंट माइकल अकादमी 39.2 ओवरों में 125 रन बनाकर ऑल आउट हो गई, जिसमें उमेद खान नें 45 और मानवेन्द्र सिंह ने 26 रन बनाए। सेंचुरियन अकादमी अद्विक अरोरा ने 3, शिवांशु मिश्रा और रोहन ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में सेंचुरियन अकादमी ने 24 ओवर में 4 विकेट के नुक़सान पर 127 रन बनाकर मैच जीत लिया, जिसमें अनिमेष सक्सेना ने 52 रन और नीलांग मिश्रा ने 30 रन बनाए। सेंट माइकल अकादमी से गेंदबाजी में मानवेंद्र सिंह, अदीब अली खान और मोहम्मद मुस्तफा ने 1-1 विकेट लिया। इस तरह सेंचुरियन अकादमी ने सेंट माइकल क्रिकेट अकादमी को 6 विकेट से पराजित किया। मेन ऑफ़ द मैच का पुरस्कार सेंचुरियन क्रिकेट अकादमी के अद्विक अरोरा को दिया गया।

सेंट थॉमस स्कूल और आरसीसी भोपाल के बीच खिताबी भिड़ंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सेंट थॉमस स्कूल और आरसीसी भोपाल की टीमें यहां खेली जा रही 5वीं सुपर 12 बास्केटबॉल टूर्नामेंट के गर्ल्स फाइनल मुकाबले में आमने सामने होंगी। स्पर्धा आगा क्लब बास्केटबॉल कोर्ट, पिपलानी में खेली जा रही है। गर्ल्स के पहले सेमी फाइनल में सेंट थॉमस स्कूल ने शानदार तालमेल दिखाते हुए आगा क्लब ए को 41-20 अंकों से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में आरसीसी भोपाल ने हाई फ्लायर को थोड़ा सघर्ष के बाद 48-28 अंकों से शिकस्त दी। आरम्भ में दोनों टीमें से एक-एक अंक के लिए जूझती दिखाई दी, उसके बाद आरसीसी भोपाल की लड़कियों ने अच्छी लॉन्ग शूटिंग से स्कोर कर लीड बनाई, जो अंत तक बनी रही। स्पर्धा का आयोजन आगा क्लब के 1996 बैच के खिलाड़ियों द्वारा किया जा रहा है।

- पांचवा सुपर 12 बास्केटबॉल टूर्नामेंट

कार्यालय जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग कमांक 1 भोपाल म.प्र.

जावक क्रमांकः 1118
परिवाद क्र. 414/2025
पेशी दि. 25/06/2026

श्री अलोक रघुवंशी ..... परिवादी
विरूद्ध
मेसर्स युनाईटेड बिल्लडर्स एण्ड डेवलपर्स
..... अनावेदक/विपक्षी

1. मेसर्स युनाईटेड बिल्डर्स एण्ड डेवलपर्स, द्वारा- भागीदार श्री शैलब बंथिया पता- 2/10, शिरिन कॉम्पलैक्स बी.डी.ए. कॉलोनी कोहेफिजा भोपाल म.प्र 2-मेसर्स युनाईटेड बिल्डर्स एण्ड डेवलपर्स, द्वारा- भागीदार श्री गौतम मिथ्थल पता एच.आई.जी. ई-01, अरेरा कालोनी भोपाल म.प्र. 3-मेसर्स युनाईटेड बिल्डर्स एण्ड डेवलपर्स, द्वारा भागीदार श्रीमति पुष्पलता मिथ्थल पता- एच.आई.जी.-05 ई-03, अरेरा कालोनी भोपाल म.प्र. 4-मेसर्स युनाईटेड बिल्डर्स एण्ड डेवलपर्स, द्वारा- भागीदार राहुल गुप्ता साईड पता यू.बी. सिटी नियर मदर टेरेसा, स्कूल कोलार रोड भोपाल म.प्र.

श्री अलोक रघुवंशी ने आपके विरूद्ध परिवादपत्र दायर किया है। आप इस आयोग में दिनांक 25/06/2026 को प्रातः 11:00 बजे स्वयं / अधिकृत व्यक्ति/अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित होकर परिवाद का उत्तर पेश करें, जिन पर आप अपनी प्रति रक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि, यदि आप स्वयं या अपने अधिवक्ता द्वारा नियत दिनांक एवं समय पर उपस्थित नहीं होते हैं या उपस्थित होकर अपने मामले का कथन पेश नहीं करते हैं, तो परिवाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा। आज दिनांक 29/05/2026 मेरे हस्ताक्षर एवं पीठ की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

(योगेश दत्त शुक्ला), अध्यक्ष
जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग भोपाल, 1 म.प्र.

टीटी नगर स्टेडियम में दिखेगी फिटनेस, जुनून और ऊर्जा की नई रफ्तार

रवींद्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी का 6 जून को 'वेलोसिटी नाइट रन 2026'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रबीन्द्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी द्वारा भोपाल में पहली बार "वेलोसिटी नाइट रन 2026" का आयोजन किया जा रहा है। यह अनोखा नाइट रन 6 जून 2026 को टीटी नगर स्टेडियम, भोपाल में आयोजित होगा, जिसमें शहर सहित प्रदेशभर के रनर्स, फिटनेस प्रेमी एवं युवा प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में फिटनेस, अनुशासन, स्वास्थ्य जागरूकता एवं खेल भावना को प्रोत्साहित करना है। यह रन प्रतिभागियों को स्टेडियम की रोशनी के बीच ऊर्जा, उत्साह और रोमांच से भरपूर अनुभव प्रदान करेगा। प्रतियोगिता में 1 घंटे, 2 घंटे एवं 3 घंटे की विभिन्न श्रेणियां रखी गई हैं, जिनमें प्रतिभागी अपनी क्षमता के अनुसार हिस्सा ले सकेंगे।

स्वास्थ्य, फिटनेस को बढ़ावा देने की एक प्रेरणादायी पहल हैः डॉ. अदिति

यूनिवर्सिटी की प्रो चांसलर डॉ अदिति चतुर्वेदी वत्स ने कहा कि नाइट रन एक खेल आयोजन नहीं, बल्कि युवाओं में स्वास्थ्य, फिटनेस को बढ़ावा देने की एक प्रेरणादायी पहल है। ऐसे आयोजन युवाओं को सेंचुरियन क्रिकेट अकादमी के अद्विक अरोरा आत्मविश्वास एवं अनुशासन विकसित करने के लिए प्रेरित करते हैं।

फिटनेस के साथ सकारात्मक ऊर्जा एवं टीम स्पिरिट का अनुभव मिलेगाः डॉ. संगीता

वहीं रबीन्द्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी की कुलसचिव डॉ संगीता जौहरी ने कहा कि विश्वविद्यालय सदैव विद्यार्थियों एवं युवाओं के समग्र विकास के लिए खेल, स्वास्थ्य एवं व्यक्तित्व विकास से जुड़े आयोजनों को प्रोत्साहित करता रहा है। वेलोसिटी नाइट रन 2026 युवाओं को फिटनेस के साथ सकारात्मक ऊर्जा एवं टीम स्पिरिट का अनुभव प्रदान करेगा।

मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड
कार्यालय अधीक्षण अभियंता (अउदा-निर्माण) वृत्त, भोपाल
एफ-3 प्रशासनिक भवन, बिजली नगर कॉलोनी, गोविन्दपुरा, भोपाल (म.प्र.)-462023
ई-निविदा सूचना क्रमांक 67/470 दिनांक : 02.06.2026
(Tender ID Ref. No. 2026_MPPTC_512242_1)
(निविदा विशेषीकरण क्र. 73210/2026-27/ई-निविदा/392-393 भोपाल, दिनांक 02.06.26)

For providing Round the clock security service and watch" And ward Administrative Complex Building in The Premises ot 220 Kv substation Gwalior-ll Nagori rurari Sitholi Gwalior. पात्र ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं, जिनका निविदा शुल्क क्रमशः रुपये 1770/-, (जी.एस.टी. सहित), है तथा इसके खुलने की तिथि दिनांक 23.06.2026 है। निविदा के विस्तृत विवरण हेतु हमारी वेबसाइट www.mptransco.nic.in एवं www.mptenders.gov.in का अवलोकन अथवा दूरभाष क्रमांक 0755-2600808 पर कार्यालयीन समय में संपर्क करें।

म.प्र. माध्यम/126173/2026 "विद्युत की बचत कीजिये" अधीक्षण अभियंता (अउदा-निर्माण)

भोपाल

लोकायुक्त ने तीनों कर्मचारियों को किया तत्काल प्रभाव से सस्पेंड

एक पोर्टल के स्टिंग ऑपरेशन में संदिग्ध आचरण करते पकड़े गए लोकायुक्त के तीन कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में भ्रष्टाचार पर नकेल कसने वाली लोकायुक्त पुलिस के ही कर्मचारी स्टिंग ऑपरेशन में संदिग्ध आचरण करते पकड़े गए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए विभाग ने तुरंत बड़ी कार्रवाई की है। दरअसल, एक न्यूज़ पोर्टल द्वारा किए गए स्टिंग ऑपरेशन में लोकायुक्त पुलिस के तीन कर्मचारियों का आचरण संदिग्ध पाया गया। स्टिंग की रिपोर्ट सामने आते ही लोकायुक्त संगठन ने तीनों कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

चौथे कर्मचारी पर भी कार्रवाई

जांच में एक और व्यक्ति का नाम सामने आया है जो पहले लोकायुक्त पुलिस में पदस्थ था, लेकिन वर्तमान में उसका ट्रांसफर 9वीं बटालियन रीवा में हो चुका है। लोकायुक्त संगठन ने संबंधित बटालियन को पत्र लिखकर उसे भी निलंबित करने के निर्देश दिए हैं।

विभाग का रुख सख्त

लोकायुक्त संगठन म.प्र. लोकायुक्त एवं उप-लोकायुक्त अधिनियम 1981 के तहत भ्रष्टाचार रोकने के लिए बनाया गया है। अपने ही कर्मचारियों पर लगे इन आरोपों के बाद विभाग ने जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए तत्काल सस्पेंशन की कार्रवाई की है। फिलहाल स्टिंग करने वाले पोर्टल का नाम और स्टिंग की पूरी डिटेल सार्वजनिक नहीं की गई है। विभागीय जांच शुरू कर दी गई है

कॉलोनी सेल का किया गठन

मूलभूत सुविधाएं नहीं देने वाले कॉलोनाइजरों की संपत्ति होगी कुर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिले में कॉलोनियों में बिजली, पानी, सड़क और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराने वाले कॉलोनाइजरों के खिलाफ जिला प्रशासन कार्रवाई करेगा। अपर कलेक्टर सुमित पांडे के नेतृत्व में कॉलोनी सेल का गठन किया गया है। यह निर्णय कॉलोनियों की अव्यवस्थाओं से जुड़ी 70 से अधिक शिकायतें मिलने के बाद लिया गया। सेल वैध और अवैध दोनों प्रकार की कॉलोनियों की जांच कर कार्रवाई करेगी। प्रशासन कॉलोनाइजरों की संपत्तियां और बंधक प्लॉट कुर्क कर उन्हें नीलाम करेगा तथा प्राप्त राशि से सड़क, नाली, पानी सहित अन्य बुनियादी सुविधाएं विकसित कराई जाएंगी। ग्रामीण क्षेत्रों की अवैध कॉलोनियों पर एफआईआर भी दर्ज की जाएगी। फिलहाल गोकुलधाम, द्वारकाधाम और पटेल नगर कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी गई है।

न्यायालय उप समाहर्त्ता कार्यालय, मुजफ्फरपुर पूर्वी
बिहार सरकार
e-mail:-dclreast.muz123@gmail.com , Mob:-+91 9031671438

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 (संशोधित, 2022) में जप्त निम्नलिखित वाहन विभिन्न थानों में रखे हुए है। ये ऐसे वाहन है जिसके वाहन स्वामी को नोटिस भेजे जाने के पश्चात भी न तो वाहन स्वामी उपस्थित हुए है, न ही उनके अधिवक्ता द्वारा जवाब दाखिल किया गया है।

अतः निम्नलिखित वाहनों के स्वामी/दावेदार को सूचित किया जाता है कि वे कॉलम–8 में अंकित तिथि को न्यायालय भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, मुजफ्फरपुर पूर्वी के न्यायालय में वाहन विमुक्ति हेतु अपनी हाजरी एवं जवाब दाखिल कर सुनवाई में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो अन्यथा निर्धारित तिथि के उपरांत संबंधित वाहन का अधिहरण कर उसकी नीलामी की कार्रवाई की जाएगी।

राज्य–मध्यप्रदेश

क्र०	अधिहरण वाद सं०/वर्ष	थाना का नाम	थाना काण्ड संख्या	वाहन का प्रकार	वाहन निबंधन संख्या	वाहन स्वामी का नाम एवं पता	वाद की सुनवाई की निर्धारित तिथि
1	173/2023-24	नगर	698/23	दो पहिया	MP07MN-3617	युरेका फोर्बस लिमिटेड, एन०आर० परम रेस्टोरेन्ट, पड़ाव, मध्य प्रदेश, राज्य–मध्यप्रदेश।	16.06.2026 17.06.2026 18.06.2026

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता
मुजफ्फरपुर पूर्वी

PR- 004893 (Excise) 2026-27

विस्तृत सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

फीफा विश्व कप : भारतीय मूल के चार खिलाड़ी दिखाएंगे जलवा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के लिए फीफा विश्व कप में खेलना अब भी दूर की कौड़ी बनी हुई है लेकिन अमेरिका में 11 जून से शुरू होने वाले फुटबॉल के सबसे बड़े टूर्नामेंट में भारतीय मूल के चार खिलाड़ी अपना जलवा दिखाने के लिए तैयार हैं। यह चार खिलाड़ी सरप्रीत सिंह, सैमुअल मौतौसामी, निशान वेलुपिल्ले और तहसीन मोहम्मद हैं, जो फ्रांस के मिडफील्डर विकास धोरासू के नक्शेकदम पर चल रहे हैं। धोरासू जर्मनी में 2006 के विश्व कप में खेले थे। धोरासू के पूर्वज आंध्र प्रदेश के विजयनगरम की रहने वाले थे। इस सूची में शामिल होने वाले चार अन्य खिलाड़ियों पर एक नजर।

सरप्रीत सिंह (न्यूजीलैंड)

ऑकलैंड में पंजाबी माता-पिता के घर जन्मे सरप्रीत 2018 में मुंबई में अंतरमहाद्वीपीय कप के दौरान भारत में भी खेले थे। उन्होंने उसी वर्ष न्यूजीलैंड के लिए पदार्पण किया था। भारत ने तब खिताब जीता जबकि न्यूजीलैंड चार देशों के इस टूर्नामेंट में तीसरे स्थान पर रहा। इसके एक साल बाद सरप्रीत जर्मन की पहली डिवीजन लीग में खेलने वाले भारतीय मूल के पहले खिलाड़ी बने। उन्होंने 2019 में बायर्न म्यूनिख की तरफ से पदार्पण किया। वह ऑस्ट्रेलियाई ए-लीग टीम वेलिंगटन फीनिक्स से बायर्न म्यूनिख में शामिल हुए थे। सरप्रीत ने 20 जून, 2020 को एससी फ्रीबर्ग के खिलाफ बायर्न म्यूनिख के लिए अपना पहला सीनियर मैच खेला। वह उस टीम का हिस्सा थे, जिसने 2019-2020 सत्र में बुंडेसलीगा का खिताब जीता था।

अमेरिका में 11 जून से शुरू होगा फुटबॉल का महाकुंभ



सैमुअल मौतौसामी (कांगो)

मौतौसामी का जन्म फ्रांस में हुआ था। उनकी माता कांगो मूल और पिता तमिल मूल के हैं। 29 वर्षीय मिडफील्डर वर्तमान में यूनान के सुपर लीग क्लब एटरोमिटोस के लिए खेल रहा है। वह कांगो की सीनियर राष्ट्रीय टीम की तरफ से अब तक 57 मैच खेल चुके हैं।

निशान वेलुपिल्ले (ऑस्ट्रेलिया)

निशान वेलुपिल्ले की मां एंग्लो-इंडियन और पिता श्रीलंकाई मूल के तमिल हैं। यह 25 वर्षीय विंगर ऑस्ट्रेलिया की 26 सदस्यीय टीम के उन 17 खिलाड़ियों में से एक हैं, जो फीफा विश्व कप में अपना पदार्पण करेंगे। वह ऑस्ट्रेलिया की शीर्ष स्तरीय ए-लीग में मेलबर्न विक्ट्री के लिए खेलते हैं। उन्होंने अक्टूबर 2024 में विश्व कप क्वालीफाइंग राउंड के दौरान ऑस्ट्रेलिया के लिए पदार्पण किया।

तहसीन मोहम्मद (कतर)

तहसीन का जन्म दोहा में मलयाली माता-पिता के घर हुआ था, जो 2006 में कन्नूर से कतर चले गए थे। वह 16 जून को 20 साल के हो जाएंगे। तहसीन के पिता जमशेद कालीकट विश्वविद्यालय के पूर्व खिलाड़ी थे। कतर में अकाउंटेंट जमशेद थालास्सेरी के रहने वाले हैं और उनकी मां श्यामा कन्नूर के पास वालापट्टनम की रहने वाली हैं। तहसीन ने दोहा स्थित एस्पायर अकादमी में अपने फुटबॉल कौशल को निखारा और कतर स्टार्स लीग में खेलने वाले भारतीय मूल के पहले खिलाड़ी बने। अभी वह अल दुहैल एससी के लिए खेलते हैं। विंगर तहसीन ने फीफा विश्व कप के एशियाई क्वालीफायर ग्रुप मैच के दौरान 2024 में अफगानिस्तान के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में पदार्पण किया।

खबर संक्षेप

भारत ने दनादन दागे 25 गोल सिंगापुर को दी शिकस्त

काकामिगाहारा। पहले ही सेमीफाइनल में जगह पक्की कर चुके भारत ने महिला अंडर-18 एशिया कप हॉकी प्रतियोगिता के पूल ए के अपने अंतिम मैच में सिंगापुर को 25-0 से करारी शिकस्त दी। इस जीत से भारत ने पूल ए में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत ने सिंगापुर के खिलाफ शुरू से ही आक्रामक रवैया अपनाया। उसकी कम से कम 10 खिलाड़ियों ने गोल किए, जिनमें नौशीन नाज सबसे आगे रहीं। मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रही गीताश्री नाम्मी ने पांच गोल किए, जबकि कप्तान स्वीटी कुजुर ने चार गोल का योगदान दिया। प्रियंका मिंज ने भी हैट्रिक बनाई। उनके अलावा दीया (27वें), नैन्सी सरोहा (36वें), श्रुति कुमारी (40वें), पुष्पा मांझी (47वें), रशमीन कौर (47वें) और संदीपा कुमारी (51वें) ने भी स्कोरशीट में अपना नाम लिखवाया।

एशियाई रिले : गुरविंदरवीर करेंगे दल की अगुवाई

नई दिल्ली। पुरुषों की 100 मीटर दौड़ के राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गुरविंदरवीर सिंह 20 और 21 जून को चीन के शांग्यू में होने वाली दूसरी एशियाई रिले चैंपियनशिप में भारत की 29 सदस्यीय मजबूत टीम की अगुआई करेंगे। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के अध्यक्ष बहादुर सिंह ने बताया कि एएफआई की चुनी भारतीय टीम के सदस्य सभी छह रिले स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा, 'चीन में होने वाली यह प्रतियोगिता एथलीटों के लिए महाद्वीपीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का एक अच्छा मौका होगी।' एशियाई रिले चैंपियनशिप का तीसरा सत्र चंडीगढ़ में आयोजित किया जाएगा।

चीनी ताइपे को हराकर सेमीफाइनल में भारत

काकामिगाहारा। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने बुधवार को अपने आखिरी पूल ए मैच में चीनी ताइपे को 13-1 से हराकर शानदार प्रदर्शन किया और अंडर-18 एशिया कप 2026 के सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारत ने कजाखस्तान, कोरिया और चीनी ताइपे के खिलाफ जीत के साथ अपने पूल मैच खत्म किए जबकि मेजबान जापान से उसे हार का सामना करना पड़ा। इससे टीम को चार मैच में 9 अंक मिले। चीनी ताइपे के खिलाफ टीम ने आक्रामक रुख अपनाया, जिसमें आशीष तानी पूर्ति ने हैट्रिक करके सबसे अच्छा प्रदर्शन किया जबकि गाजी खान , सिद्धार्थ बेन और राहुल यादव ने दो-दो गोल किए। करण गौतम , प्रेमचंद सोय, कप्तान केतन कुशवाहा और वरिंदर सिंह ने भी गोल किए।

महिला टी20 : इंग्लैंड ने जीती सीरीज,कैप्सी और नाइट ने जड़ा अर्धशतक

चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाकर हारी टीम इंडिया हरमनप्रीत ने खेली नाबाद अर्धशतकीय पारी

एजेंसी ▶▶| टॉटन

एलिस कैप्सी की 82 रन की तूफानी पारी और हीथर नाइट की नाबाद 70 रन की सधी पारी की बदौलत इंग्लैंड ने तीसरे और अंतिम महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में भारत को 6 विकेट से हराकर श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली। भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने पर 5 विकेट पर 180 रन बनाए। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (11) और स्मृति मंधाना (08) के जल्दी आउट होने के बाद भारत की तरफ से कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 40 गेंद पर 7 चौकों की मदद से नाबाद 56 रन की पारी खेली। हरमनप्रीत के अलावा ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा (24 गेंद पर नाबाद 32), यास्तिका भाटिया (18 गेंद पर 32) और जेमिमा रोड्रिग्स (19 गेंद पर 29) ने भी उपयोगी योगदान देकर भारत को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। कैप्सी और नाइट की शानदार पारियों के कारण यह स्कोर पर्याप्त साबित नहीं हुआ तथा इंग्लैंड ने 18.3 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 184 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

कैप्सी और नाइट ने की 137 रन की साझेदारी

अरुंधति रेड्डी और क्रांति गौड़ ने भारत की तरफ से दो-दो विकेट लिए। इन दोनों की शानदार गेंदबाजी से इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और एक समय उसका स्कोर 3 विकेट पर 38 रन था। कैप्सी और नाइट ने यहीं से चौथे विकेट के लिए 137 रन की साझेदारी की, जिससे इंग्लैंड इस प्रारुप में अपना दूसरा सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल करने में सफल रहा। भारत को इस हार के बाद महिला टी20 विश्व कप से पहले अपने कमजोर पक्षों में सुधार करने की जरूरत होगी। भारतीय टीम विश्व कप में अपनी पहले मैच में 14 जून को बर्मिंघम में पाकिस्तान का सामना करेगी।

इंग्लैंड ने पावर प्ले गंवाए 3 विकेट

इंग्लैंड ने पावर प्ले के दौरान ही सलामी बल्लेबाज सोफिया डंकली (16), डैनी व्याट-हॉज (05) और एमी जोन्स (02) के विकेट गंवा दिए थे। टीम में वापसी करने वाली तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ ने इंग्लैंड को शुरुआती झटके देते हुए हॉज और जोन्स को आउट किया। हॉज एक बेहतरीन गेंद पर आउट हुईं, जो अंदर की ओर स्विंग होकर उनके स्टंप्स को झकझोर गई। इसके बाद कैप्सी और नाइट ने बखूबी जिम्मेदारी संभाली। कैप्सी ने अपनी 43 गेंदों की पारी में 9 चौके और 3 छक्के लगाए जबकि नाइट की 42 गेंदों की पारी में 10 चौके शामिल हैं।

सबसे ज्यादा इंटरनेशनल मैच खेलने वाली महिला खिलाड़ी बनीं हरमनप्रीत

हरमनप्रीत कौर ने विश्व कीर्तिमान बनाया है। न्यूजीलैंड की खिलाड़ी सुजी बेट्स को पछाड़कर कौर सबसे ज्यादा इंटरनेशनल मैच खेलने वाली महिला खिलाड़ी बन गई हैं। इंग्लैड के खिलाफ अंतिम टी20 मैच में जैसे ही कप्तान हरमनप्रीत कौर मैदान पर उतरीं, उन्होंने इतिहास रच दिया। अब वे तीनों फॉर्मेट को मिलकर सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली खिलाड़ी बन चुकी हैं। हरमनप्रीत का ये 368वां मैच था। इससे पहले न्यूजीलैंड की सुजी वेट्स ने 367 मैच खेले थे।

हम विश्व कप के लिए पूरी तरह से तैयार

कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि उनकी टीम महिला टी20 विश्व कप में अपनी अंतिम एकादश को लेकर काफी हद तक स्पष्ट है तथा वह इससे पहले दो अभ्यास मैच का उपयोग कुछ और संयोजन आजमाने तथा राधा यादव और भारती फुलमाली जैसी खिलाड़ियों को अवसर देने के लिए करेगा। हरमनप्रीत ने कहा, 'मेरा मानना है कि हम अपनी अंतिम एकादश को लेकर काफी हद तक स्पष्ट हैं। मुझे लगता है कि हम पूरी तरह से तैयार हैं। विश्व कप से पहले हमें दो अभ्यास मैच खेलने हैं, जिनमें हम अन्य संयोजनों को आजमाने के बारे में सोच सकते हैं।'

नहीं कर पाए डॉट गेंद, विश्व कप में नहीं करेंगे ऐसी गलती : स्मृति

स्मृति मंधाना ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में उनके गेंदबाज पर्याप्त 'डॉट' गेंद नहीं कर पाए जिससे उन्हें 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा।

नॉर्वे चेस

7 दिन में दूसरी बार प्रज्ञानानंदा ने वर्ल्ड नं-1 कार्लसन को हराया

एजेंसी ▶▶| ओस्लो

भारत के युवा ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने नॉर्वे के दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन के खिलाफ अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में क्लासिकल बाजी में उन्हें दूसरी बार हराया और इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में पहले भारतीय चैंपियन बनने की अपनी दावेदारी को मजबूत किया। विश्व चैंपियन डी गुकेश की खिताब जीतने की उम्मीदें आठवें दौर में फ्रांसीसी ग्रैंडमास्टर अलीरेज़ा फ़िरोजा से एक और करारी हार के बाद खत्म हो गईं। वह 8 अंकों के साथ तालिका में सबसे निचले पायदान पर आ गए हैं। इस तरह से गुकेश का 2024 में विश्व चैंपियन बनने के बाद खराब प्रदर्शन जारी है।

12 अंक के साथ तीसरे स्थान पर प्रज्ञानानंद

प्रज्ञानानंदा इस वर्ष क्लासिकल बाजी में कार्लसन को दो बार हराने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। इस एलीट डबल राउंड-रॉबिन प्रतियोगिता में उन्होंने पहले भी कार्लसन को क्लासिकल बाजी में हराया था। इस जीत से 20 वर्षीय प्रज्ञानानंदा के 12 अंक हो गए और वह तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। दूसरी तरफ इस हार से कार्लसन की आठवीं बार नॉर्वे शतरंज खिताब जीतने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। अब केवल दो राउंड का खेल बचा हुआ है और ऐसे में मौजूदा चैंपियन कार्लसन के लिए खिताब बचाना आसान नहीं होगा।

क्लासिकल बाजी में हारी दिव्या

महिला वर्ग में कजाकिस्तान की बिबिसारा असाउबायेवा ने दिव्या देशमुख को क्लासिकल बाजी में हराकर खिताब की दौड़ में अपनी पकड़ मजबूत कर ली। चीन की झू जिनर ने भी क्लासिकल में जीत हासिल की। उन्होंने मौजूदा महिला विश्व चैंपियन जू वेनजुन को हराकर 10 अंक के साथ दिव्या की बराबरी कर ली। मौजूदा चैंपियन अन्ना मुज़िचुक और कोनेरू हम्पी ने अपना क्लासिकल गेम ड्रॉ किया। इसके बाद आर्मागेडन टाईब्रेक भी ड्रॉ रहने से हम्पी को बोनस अंक मिल गया क्योंकि वह काले मोहरों से खेल रही थी।

फ्रेंच ओपन

6 साल में 5वीं बार रोलैंड गैरोस के सेमीफाइनल में पहुंचे ज्वेरेव



एजेंसी ▶▶| पेरिस

दूसरे वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने युवा खिलाड़ी राफेल जोडर पर 7-6 (3) 6-1 6-3 से शानदार जीत दर्ज करते हुए फ्रेंच ओपन में अपनी उम्मीदें जिंदा रखीं। इसी के साथ वह 6 साल में पांचवीं बार रोलैंड गैरोस के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं।

ज्वेरेव को कोर्ट पर पहले सेट में 19 वर्षीय स्पेनिश खिलाड़ी जोडर ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन 29 साल के ज्वेरेव बिल्कुल भी विचलित नहीं हुए। उन्होंने 2-5 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए 2 घंटे 17 मिनट में जीत हासिल की।

बहुत ज्यादा डिफेंसिव खेल रहा था : ज्वेरेव

मैच के बाद ज्वेरेव ने कहा, यह काफी मुश्किल था। पहले सेट में वह लय में थे। मैं बहुत पीछे था और बहुत ज्यादा डिफेंसिव खेल रहा था। गेंद उतनी ऊंची नहीं उछल रही थी, इसलिए मुझे थोड़ा ज्यादा सीधा खेलना पड़ा। मैं आगे बढ़ना चाहता हूं। मैं टूर्नामेंट में बने रहना चाहता हूं। मैं उन मुकाबलों को जीतना चाहता हूं, जिन्हें मैं (पहले) नहीं जीत पाया था। यही मेरा लक्ष्य है। मुझे लगता है कि आज एक बहुत ही अच्छे खिलाड़ी के खिलाफ मेरा बहुत कड़ा इम्तिहान था। मैं इसमें कामयाब रहा, मैं जीत गया। मैं सेमीफाइनल में पहुंचकर खुश हूं।

इंडोनेशिया ओपन

प्री क्वार्टर फाइनल में आयुष सात्विक-चिराग मैच से हटे

जकार्ता। युवा भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी आयुष शेट्टी ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए बुधवार को इंडोनेशिया ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जबकि सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी मैच के बीच से हट गई। दुनिया के 20वें नंबर के खिलाड़ी आयुष ने इस सुपर 1000 टूर्नामेंट के पहले दौर में दुनिया के 15वें नंबर के खिलाड़ी चीन के होंग येंग चेंग को 8-21, 22-20, 21-15 से हराया। पहले गेम में करारी हार के बाद 21 साल के आयुष ने दूसरे गेम में 11-15 से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए मुकाबले को तीसरे और निर्णायक गेम में खींचा। आयुष ने तीसरे और निर्णायक गेम में पूरी तरह से दबदबा बनाते हुए दूसरे दौर में प्रवेश किया, जहां उनकी भिड़ंत हांगकांग के ली च्युक यू से होगी।

6 साल बाद न्यूजीलैंड जाएगी टीम इंडिया खेलेगी 5 टी20, 5 वनडे और 2 टेस्ट मैच

एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

भारत 22 अक्टूबर से 1 दिसंबर तक न्यूजीलैंड का दौरा करेगा, जहां वह 2 टेस्ट, 5 एकदिवसीय और इतने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगा। इस तरह से यह न्यूजीलैंड में भारत की अब तक की सबसे बड़ी पुरुष द्विपक्षीय क्रिकेट श्रृंखला होगी। यह पहला अवसर होगा जबकि कोई टीम न्यूजीलैंड में तीनों प्रारुप में कुल मिलाकर 12 मैच खेलेगी।

यह श्रृंखला दोनों देशों के बीच खेल संबंधों के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में खेली जाएगी। इस 40 दिवसीय दौरे की शुरुआत 22 अक्टूबर को क्राइस्टचर्च में टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच से होगी। टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के बाद एकदिवसीय श्रृंखला होगी, जिसका पहला मैच 4 नवंबर को ऑकलैंड के ईडन पार्क में खेला जाएगा।

टेस्ट श्रृंखला की शुरुआत 19 नवंबर से वेलिंगटन में

टेस्ट श्रृंखला की शुरुआत 19 नवंबर से वेलिंगटन के सेलो बेसिन रिजर्व में होगी। दूसरा और अंतिम टेस्ट मैच क्राइस्टचर्च के हैगली ओवल में 27 नवंबर से एक दिसंबर तक खेला जाएगा। भारत 2019-20 के बाद पहली बार न्यूजीलैंड में टेस्ट श्रृंखला खेलेगा। तब से न्यूजीलैंड ने भारत का दो बार दौरा किया है, जिसमें उनका 2024-25 का ऐतिहासिक दौरा भी शामिल है, जब उसने टेस्ट श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया था।

भारत-अफगानिस्तान के बीच एक मात्र टेस्ट मैच 6 जून से

सिराज-प्रसिद्ध ने भीषण गर्मी में किया जमकर अभ्यास

एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने अफगानिस्तान के खिलाफ 6 जून से शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच से पहले बुधवार को भीषण गर्मी के बावजूद लगभग 25 मिनट तक जमकर अभ्यास किया। इस एकमात्र टेस्ट मैच के बाद भारत और अफगानिस्तान के बीच 3 मैच की वनडे श्रृंखला खेली जाएगी।

इंडियन प्रीमियर लीग में दो महीने तक व्यस्त रहने के बाद गेंदबाजों के कार्यभार को लेकर कुछ सवाल उठ रहे थे, लेकिन चिलचिलाती धूप में सिराज की शानदार गेंदबाजी से स्पष्ट हो गया कि इस सीनियर तेज गेंदबाज की फिटनेस को लेकर किसी तरह की चिंता नहीं है। अगर सिराज फिट नहीं होते तो उनके लिए चिलचिलाती धूप में अपनी पूरी ताकत से गेंदबाजी करना आसान नहीं होता। लेकिन उनकी गेंदबाजी को देखकर लगता है कि वह इस टेस्ट मैच में भारतीय गेंदबाजी की अगुवाई करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

नेट प्रैक्टिस में बराड़ ने किया ध्यान आकर्षित

अभ्यास सत्र के दौरान 6 फुट 5 इंच लंबे दाएं हाथ के तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ ने भी सबका ध्यान आकर्षित किया, जिन्होंने अच्छी लेंथ से तेज उछाल हासिल की। कम से कम दो मौकों पर उनकी गेंद केएल राहुल के बल्ले का बाहरी किनारा लेकर पीछे गई। राहुल इसके अलावा अभ्यास के दौरान तकनीकी रूप से काफी कुशल नजर आए। जम्मू और कश्मीर के तेज गेंदबाज औकिब नबी डार ने कई चरणों में गेंदबाजी की। उन्होंने भी अपनी गेंदबाजी से प्रभावित किया। नबी ने अपनी लाइन और लेंथ को बनाए रखते हुए अच्छा नियंत्रण बनाए रखा।

हर्ष दुबे और मानव सुथार ने की नेट में गेंदबाजी

इस सत्र का एक उल्लेखनीय पहलू बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे को बल्लेबाजी करने का अधिक समय देना रहा। इससे पता चलता है की टीम प्रबंधन उनकी ऑलराउंड क्षमता का उपयोग करने के लिए उत्सुक है। दुबे और बाएं हाथ के स्पिनर के स्थान के लिए उनके प्रतिद्वंद्वी मानव सुथार ने पास-पास के नेट में गेंदबाजी की। इस दौरान मुख्य कोच गौतम गंभीर उन पर करीबी नजर रखे हुए थे। कप्तान शुभमन गिल समेत सभी विशेषज्ञ बल्लेबाजों ने प्रिंस यादव समेत रिजर्व गेंदबाजों के खिलाफ नेट पर अच्छा खासा समय बिताया।

जरूरी नहीं है हर समय परफेक्ट होना : विक्की

नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेता विक्की कौशल ने पिछले दिनों पत्नी के ऊपर एक इंटरव्यू में एक जोक किया था। इस वजह से उन्हें काफी आलोचना का सामना भी करना पड़ा था। लोगों ने सवाल उठाया था कि विक्की को ऐसे नहीं बोलना चाहिए था। अब एक इंटरव्यू में एक्टर ने इस पर रिएक्ट किया है। आलोचना का जवाब देते विक्की ने कहा कि किसी भी पब्लिक फिगर सेलेब के लिए हर समय परफेक्ट होना जरूरी नहीं है। विक्की ने कहा कि उनका इस बात पर कोई कंट्रोल नहीं है कि लोग उन्हें कैसे देखते हैं। एक्टर ने कहा- 'ये कोई जरूरी नहीं कि अगर आप पब्लिक फिगर हैं तो आपको हर समय परफेक्ट होना है।

लाइफ Style

ऋचा

मत करो भिखारीपना हर जगह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जापान में एक भारतीय पर्यटक के चोरी करने की घटना वायरल हो गई है। इसे इन्वेस्टमेंट एडवाइजर मुथुकृष्णन धंदापानी ने ट्विटर पर शेयर किया था, जिन्होंने दावा किया कि वे भी उसी टूर ग्रुप का हिस्सा थे।

अब एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा ने इस रिपोर्ट पर रिएक्शन देते हुए एयरपोर्ट पर हुई एक घटना का ब्यौरा दिया है, जिसमें एक भारतीय परिवार उनसे पहले इमिग्रेशन लाइन में घुस गया था। ऋचा चड्ढा ने अपने एक्स अकाउंट पर इस खबर को दोबारा पोस्ट करते हुए अपना रिएक्शन बताया। उन्होंने लिखा, 'हर जगह ये भिखारीपन मत करो। सार्वजनिक जगहों पर खाना खाने के बाद जोर-जोर से डकार लेना, कूड़ा फेंकना, धक्का-मुक्की करना, लाइन तोड़ना, जोर-जोर से चिल्लाना और भीड़ में नाचना! छी!' एक भारतीय परिवार हमारे आगे इमिग्रेशन लाइन में घुस गया। मैंने उनसे इस बारे में बात की - तो वे भड़क गए, लेकिन फिर भी आगे बढ़ते रहे। अगले ही पल एक गोरे आदमी ने उनसे इस बारे में बात की और वे बेशर्मी से मुस्कुराए। आप हम सभी का प्रतिनिधित्व करते हैं, इसलिए हम बाकी लोग आपको जाहिल कहते रहेंगे। इसी बीच, जापान मेंदुकान से सामान चोरी करने की घटना की खबर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। धंदापानी के मुताबिक, एक ग्रुप ट्रिप के दौरान एक भारतीय महिला स्मृति चिन्ह की दुकान से सामान चुराते हुए पकड़ी गई। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'हमारे ग्रुप में शुरू से ही एक महिला चोरी कर रही थी। हमें इसकी जानकारी नहीं थी।

हॉलीवुड मसाला

द एंड ऑफ द... का ट्रेलर रिलीज

लॉस एंजिल्स। ऐनी हैथवे और इवान मैकग्रेगर की आनेवाली नई फिल्म 'द एंड ऑफ द ओक स्ट्रीट' का ट्रेलर फाइनली रिलीज हो चुका है। एक रात, एक रहस्यमयी घटना के साथ ही ओक स्ट्रीट की दुनिया पूरी तरह बदल गई। अब सड़कों पर ही नहीं बल्कि घर के कोने में भी वही दहशत है। ऐन हैथवे और इवान मैकग्रेगर की अपकमिंग फिल्म 'द एंड ऑफ द ओक स्ट्रीट' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जहां सड़कों पर ही नहीं बल्कि घर के कोने में भी दहशत है।

इदरीस एल्बा को मिला नाइटहुड का सम्मान

लॉस एंजिल्स। अभिनेता इदरीस एल्बा को 'नाइटहुड' की उपाधि से सम्मानित किया गया है। यह समारोह विंडसर कैसल लंदन में 2 जून को आयोजित हुआ था। इस खास मौके पर एल्बा के अलावा कई हस्तियों को भी सम्मानित किया। इनमें जेन टोरविल, क्रिस्टोफर डीन, मीरा स्याल भी शामिल थीं। हाइजैक स्टार इदरीस एल्बा को किंग चार्ल्स ने उन्हें यह उपाधि प्रदान की। लंदन में समारोह में राजा चार्ल्स ने कार्यकर्ता, संगीतकार, और अभिनेताओं को नाइट की उपाधि से सम्मानित किया। इसी मौके पर एड्रिस को युवाओं के लिए उनके द्वारा दी गई सेवाओं के लिए नाइटहुड इस सम्मान से नवाजा गया। इसके बाद एड्रिस एल्बा ने सोशल मीडिया पर राजपरिवार के पोस्ट को शेयर करते हुए लिखा, 'हम इसके लिए आभारी हैं। हमारा काम इसी तरह चलता रहेगा।



भारत भाग्य विधाता का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। कंगना रनौत की आगामी फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' का ट्रेलर जारी हो गया है। यह फिल्म 26/11 मुंबई आतंकी हमलों के दौरान कामा अस्पताल में घटी सच्ची घटनाओं और वहां की नर्स की बहादुरी और उनकी मेहनत की अनसुनी कहानी को बताती है। यह फिल्म उस रात की कहानी है जब अस्पताल के अंदर फंसे लगभग 400 लोगों की जान बचाने के लिए मेडिकल स्टाफ ने अपनी जान दांव पर लगा दी थी। 2 मिनट 24 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत की कामा अस्पताल में और मुंबई में बाकी इलाकों में हुए आतंकी हमले के साथ होती है। इस ट्रेलर में नर्स के जीवन के बारे में दिखाया गया है। समाज में उन्हें किस नजर से देखा जाता है और लोग उनके बारे में क्या सोचते हैं। लेकिन, फिल्म का प्रमुख केंद्र 2008 में कामा अस्पताल पर हुए आतंकी हमले पर आधारित है।

बनियान और शॉर्ट्स में पहुंचे मंदिर...

मुंबई। एक्टर वरुण धवन की फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' बस दो दिन बाद रिलीज होने वाली है और इसकी पूरी कास्ट बेसब्री से इसका इंतजार कर रही है। फैंस भी बहुत एक्साइटेड हैं। इन सबके बीच, अपनी फिल्म की रिलीज से पहले वरुण मंदिर दर्शन के लिए गए। वो काफी जल्दी में लग रहे थे और उन्होंने अकेले ही दर्शन किया।

क्या शुभमन की बहन हैं शहनाज?

नई दिल्ली। 'बिग बॉस 13' में सबका दिल जीतने वाली शहनाज गिल ने हाल ही में अपने फैंस के साथ एक मजेदार 'आस्क मी एनीथिंग' गेम खेला। इसमें उन्होंने अपनी निजी और प्रोफेशनल लाइफ के बारे में खुलकर बात की।

बीमारी की वजह से रामचरण की फिल्म पेद्दी

मुंबई। तेलुगु फिल्म पेद्दी में रामचरण लीड रोल में हैं। इस फिल्म में एक अहम किरदार शिवा राजकुमार भी निभा रहे हैं। फिल्म के प्रमोशन के दौरान उन्होंने बताया की वह पेद्दी को शुरुआत फेज में ही छोड़ने वाले थे। 'पेद्दी' का प्रमोशन स्टार कास्ट जोर-शोर से कर रही है। चेन्नई में भी फिल्म का एक प्रमोशनल इवेंट हुआ। इस दौरान अभिनेता शिवा राजकुमार ने भावुक करने वाली बात फैंस को बताई। इस फिल्म से जुड़ने के सफर का जिक्र किया। पेद्दी को वह अपने कॅरियर की एक खास फिल्म मानते हैं। चेन्नई के इवेंट में शिवा राजकुमार ने कहा, फिल्म पेद्दी की टीम बस मेरे साथ यह मूवी करना चाहती थी। जब बुची बाबू ने मुझे इसकी कहानी सुनाई, तो मुझे इसका सब्जेक्ट बहुत पसंद आया। उस दिन मैंने राम चरण से भी बात की थी। उसके बाद बदकिस्मती से मुझे कैंसर का पता चला और मुझे इलाज के लिए यूएस जाना पड़ा।' शिवा आगे कहते हैं, 'मैंने सोचा था कि फिल्म छोड़ देता हूं ,लेकिन बुची बाबू ने कहा कि वे मुझे ही फिल्म में देखना चाहते हैं। यह उनकी बहुत अच्छी बात थी और उन्होंने काफी लंबे समय तक मेरा इंतजार किया।'इस बात के लिए शिवा राजकुमार ने निर्देशक को शुक्रिया कहा। इवेंट में राम चरण ने भी शिवा की खूब तारीफ की। इस फिल्म में शिवा का कैमियो है। एक सीन के बारे में रामचरण ने बताया, जिसे वह आज भी नहीं भूलते हैं। शिवा की मौजूदगी ने उस सीन को यादगार बना दिया था। वह कहते हैं, 'जब शिवा कार में जाते हैं और सिगरेट वाला वह स्लो मोशन शॉट चलता है तो वे सीन आइकॉनिक बन जाता है।

रातों-रात बन गईं थीं पूरे देश की क्रश, फिर हुआ कुछ ऐसा कि

नई दिल्ली। 90 के दशक की शुरुआत में अपनी खूबसूरती, मासूमियत और शानदार सफलता के दम पर यह एक्ट्रेस पूरे देश की सबसे बड़ी क्रश बन गई थीं। लेकिन इसके बाद कुछ ऐसा हुआ, जिसने उनकी पूरी जिंदगी बदल दी। यह कहानी है अनु अग्रवाल की, जिन्होंने अपनी पहली ही फिल्म से रातों-रात स्टारडम हासिल कर लिया था। साल 1990 में आशिकी रिलीज हुई, जिसे महेश भट्ट ने डायरेक्ट किया था। इस फिल्म में राहुल रॉय और अनु अग्रवाल ने डेब्यू किया और दोनों ही एक झटके में सुपरस्टार बन गए। फिल्म की कहानी और दोनों की केमिस्ट्री लोगों को खूब पसंद आई, लेकिन इसका म्यूजिक सबसे ज्यादा हिट रहा।नदीम-श्रवण के गानों ने इतिहास रच दिया और कुमार सानू जैसे सिंगर्स को भी नई पहचान मिली। नजर के सामने, धीरे-धीरे से, मैं दुनिया भुला दूंगा जैसे गाने आज भी लोगों के दिलों में बसे हुए हैं।

पहली फिल्म के बाद नहीं मिली सफलता : फिल्म की जबरदस्त सफलता के बाद अनु ने किंग अंकल, खल-नाइका, जनम कुंडली और रिटर्न ऑफ ज्वेल थीफ जैसी फिल्मों में काम किया।

महाभारत की गांधारी ने मां बाप के लिए कुर्बान की जिंदगी

नई दिल्ली। रामानंद सागर के टीवी सीरियल 'रामायण' की तरह ही 80 के दशक में बी.आर. चोपड़ा की 'महाभारत' ने तहलका मचाया था। इसका भी हर कलाकार अपने निभाए किरदार के लिए हमेशा के लिए 'अमर' हो गया। हालांकि, इसके कुछ कलाकार अब जहां एक्टिंग छोड़ चुके हैं, तो कुछ इस दुनिया को अलविदा कह गए। वहीं, कुछ विदेश में बस गए। लेकिन, यहां आपको एक ऐसी एक्ट्रेस के बारे में बता रहे हैं, जिसने बीआर चोपड़ा की 'महाभारत' में दुर्योधन की मां गांधारी का किरदार निभाया था। यह थीं रेणुका इसरानी, जिन्होंने टीवी पर कई और शोज किए, पर 'गांधारी' बनकर खूब नाम कमाया। लेकिन अफसोस कि रेणुका इसरानी को बाद में एक्टिंग छोड़नी पड़ी। वह 15 साल से शोबिज और एक्टिंग की दुनिया से दूर हैं। यही नहीं, रेणुका इसरानी अब 59 साल की हो चुकी हैं, पर अकेली ही हैं। उन्होंने शादी भी नहीं की। इसकी वजह भी एक्ट्रेस ने एक बार एक इंटरव्यू में बताई थी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930